▲ अधिकतम 29
13 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 6.39
सूर्यास्त 5.34
सोना 24 कैरेट : 1,23,150.00
चांदी (प्रति किलो) : 1,46,783
83,938.71
88.79
63.37
58.11

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, सोमवार, 03 नवंबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्षः त्रयोदशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 303 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12






## न्यूज ब्रीफ

### भारत ने जीता तीसरा टी-20, ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से दी मात

**होबार्ट (अप्रस)।** भारत ने तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। होबार्ट में भारतीय टीम ने 187 रन का टारगेट 18.3 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया। वॉशिंगटन सुंदर 23 बॉल पर 49 और जितेश शर्मा 13 बॉल पर 22 रन पर नाबाद लौटे। ऑस्ट्रेलिया से नाथन एलिस ने 3 विकेट झटके। इससे पहले टॉस हारकर बैटिंग कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बनाए। टिम डेविड ने 38 बॉल पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली। जबकि मार्कस स्टोयनिस ने 39 बॉल पर 64 रन बनाए। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। वरुण चक्रवर्ती को 2 सफलता मिली। शिवम दुबे ने एक विकेट लिया। अर्शदीप प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### बिहार की सरकार नीतीश नहीं मोदी के आदेश पर तीन-चार अधिकारी चला रहे हैं : राहुल

**खगड़िया (अप्रस)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार की सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर काम करने वाले तीन-चार अधिकारी चला रहे हैं। गांधी ने रविवार को चुनावी सभा में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार और केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुये कहा कि नीतीश कुमार तो नाम के मुख्यमंत्री है उन्हें तो रिमोट से मोदी चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की सरकार मुख्यमंत्री श्री कुमार नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के आदेश पर काम करने वाले तीन-चार अफसर चला रहे हैं।




### पंजाब के मुख्यमंत्री ने पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट भंग करने के केंद्र के फैसले का किया कड़ा विरोध

# हम पंजाब के साथ किसी भी तरह की धक्केशाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे : सीएम मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 2 नवंबर। पंजाब सरकार ने पंजाब यूनिवर्सिटी की सीनेट और सिंडिकेट भंग करने के केंद्र सरकार के फैसले का विरोध किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम पंजाब के साथ किसी भी तरह की धक्केशाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रविवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि केंद्र ने पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट को भंग करने का फरमान जारी किया है। यह फैसला बिल्कुल गलत है और संविधान के विरुद्ध है। यह पंजाब और यहां के लोगों के हकों के खिलाफ है। हम बीजेपी के फैसले की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि जो एक्ट विधानसभा ने बनाया हो, उसे केंद्र सरकार एक नोटिफिकेशन जारी करके भंग नहीं कर सकती है। सीनेट को विधानसभा या संसद के जरिए ही भंग किया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। भाजपा ने अपना पंजाब विरोधी चेहरा दिखाया है।

भगवंत मान ने आरोप लगाए, पहले भी दो बार मीटिंग हुई थीं, जिसमें पंजाब-हरियाणा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। हरियाणा की मांग थी कि पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और अंबाला के कॉलेजों को पंजाब यूनिवर्सिटी के अंतर्गत ले लिया जाए, जबकि हरियाणा खुद इससे बाहर निकला था। पंजाब सरकार ने इससे बिल्कुल इनकार कर दिया था, क्योंकि वे पंजाब यूनिवर्सिटी की सीनेट के अंदर घुसना चाहते थे।

#### पंजाब यूनिवर्सिटी हमारी विरासत

पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी हमारी विरासत है। इसको संभालने के लिए जो भी करना होगा, वह करेंगे। जिस स्तर तक आवाज उठानी पड़ी, हम आवाज उठाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र के फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। अभी कानूनी सलाह ली जा रही है।

#### जब पंजाब की आत्मा पर हमला हो रहा हो, तो चुप रहना कोई विकल्प नहीं: मालविंदर कंग

आम आदमी पार्टी के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि जब पंजाब की आत्मा पर हमला हो रहा हो, तो चुप रहना कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने घोषणा की कि वे पंजाब यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ प्रदर्शन में शामिल होंगे और केंद्र के फैसले के खिलाफ आवाज उठाएंगे।

## पंजाब के पूर्व डीआईजी और बिचौलिए से आमने-सामने पूछताछ

### सीबीआई को बेनामी संपत्तियों के मिले सुराग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर को सीबीआई ने रिमांड पर ले लिया है। भुल्लर 14 दिन तक बुड़ैल जेल में न्यायिक हिरासत में रहे थे। शुक्रवार 31 अक्टूबर को जब उन्हें सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया, तब एजेंसी ने रिमांड नहीं मांगी और उन्हें दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। लेकिन कुछ घंटे बाद ही सीबीआई ने अदालत में रिमांड की एप्लिकेशन लगाई और शनिवार 1 नवंबर को भुल्लर को हिरासत में ले लिया। रिमांड पर लेने के बाद सीबीआई ने भुल्लर और बिचौलिए कृष्णु शारदा को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की।

पूछताछ के दौरान कृष्णु ने कई अहम जानकारियां दीं। उसने बताया कि मंडी गोबिंदगढ़ के व्यापारियों से वसूली का नेटवर्क वही चलाता था। वह गलत काम करने वालों की जानकारी भुल्लर को देता था, फिर भुल्लर उन्हें बुलाकर धमकाता और पैसे वसूलता था। बदले में कृष्णु को कमीशन मिलता था।

सीबीआई को कृष्णु के मोबाइल से कई सबूत मिले हैं, जिनके आधार पर एजेंसी अब डीआईजी भुल्लर के मोबाइल, व्हाट्सएप कॉल और चैट की जांच कर रही है। एजेंसी को भुल्लर की करोड़ों की बेनामी संपत्तियों के सुराग भी मिले हैं। अब जांच इस बात पर केंद्रित है कि रिश्वतखोरी का यह नेटवर्क कितनी दूर तक फैला था और इसमें और कौन-कौन शामिल था।

### मुख्यमंत्री ने समालखा में आयोजित 78वें निरंकारी संत समागम में की शिरकत

# निरंकारी मिशन ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को दिखाया एकता का मार्ग: सैनी

कहा- निरंकारी मिशन समाज सेवा में भी अग्रणी

अर्थ प्रकाश/ मनदीप कुमार



**समालखा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निरंकारी संत समागम में रविवार को उपस्थित लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी मिशन ने जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर मानव को एकता का मार्ग दिखाया है। इस मिशन ने वर्षों से समाज में प्रेम एकता, मानवता और ईश्वर ज्ञान का संदेश फैलाया है। जब भी इस तरह के कार्यक्रमों में श्रद्धालु एक छत के नीचे एक नाम और एक भावना के साथ एकत्रित होते हैं तब यह धरती शांति और करुणा की जीवंत मिसाल बन जाती है।

उन्होंने समालखा में आयोजित 78 वें निरंकारी संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को हृदय की गहराइयों से अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि संत निरंकारी मिशन वर्षों से सेवा भाव का संवाहक रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज के समय में हम अक्सर बाहरी जगत को सुधारने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने भीतर ही झांकना भूल जाते हैं। यहां आयोजित इस संत समागम में आत्म मंथन करने का जो अवसर मिला है , यह हम सबको निरंकार के और निकट लाता है। आत्ममंथन का अर्थ है कि अपने अंतर्मन में उतरकर यह देखना कि मैं वही कर रहा हूं जो एक अच्छे इंसान को करना चाहिए और हम सबके भीतर करुणा, दया और प्रेम जीवित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंकारी मिशन हमें सिखाता है कि ईश्वर हमारे भीतर ही निवास करता है। निरंकारी संत समागम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना इत्यादि भी उपस्थित रहे।

#### सच्चा सेवक वही है जो दूसरों के लिए जीता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि निरंकारी मिशन केवल आध्यात्मिकता तक ही सीमित नहीं है बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी है। मिशन के द्वारा रक्तदान, वृक्षारोपण अभियान, शिक्षा में सहायता, नशे की रोकथाम और आपदा प्रबंधन के कार्यों में अभूतपूर्व कार्य किया है और यह सिद्ध किया है कि सच्चा सेवक वही है जो दूसरों के लिए जीता है। मिशन ने इस बार आत्ममंथन के साथ पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और जन कल्याण से जुड़ी कई गतिविधियां भी आरंभ की है, जो की आत्ममंथन का ही विस्तार है क्योंकि जब मानव स्वयं में सुधार लाता है तभी समाज और राष्ट्र का सुधार संभव हो पाता है। बाबा हरदेव सिंह जी, माता सविंदर हरदेव जी, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में इस मिशन ने विश्व भर में यह संदेश फैलाया है कि पहले मनुष्य बनो यानी प्रेम, सहयोग और समर्पण को अपने जीवन की मूल भावना बनाएं।

## जालंधर ज्वेलर लूटकांड के तीनों आरोपी अजमेर से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर।** जालंधर के भार्गव कैंप में चर्चित विजय ज्वेलर लूटकांड के तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी हो गई है। आरोपियों को कमिश्नरेट पुलिस ने अजमेर से गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की पहचान कुशल, गगन और करण के रूप में हुई है।

लूट की वारदात के बाद से कमिश्नरेट पुलिस की स्पेशल टीमें आरोपियों को ट्रेस करने में जुटी हुई थीं। पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी अजमेर की तरफ फरार हुए हैं, जिसके बाद टीमें वहां भेजी गई और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधिकारियों ने अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। जानकारी के अनुसार, पुलिस के उच्च अधिकारी जल्द ही इस मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं।

**कुशल हत्या मामले में मुख्य आरोपी जा चुका जेल:** भार्गव कैंप के विजय ज्वेलर को लूटने वाला मास्टरमाइंड कुशल ने लांबड़ा में किसी की हत्या की थी। थाना भार्गव कैंप पुलिस का कहना है कि हत्या मामले का रिकॉर्ड मंगवाया गया है। ये हत्या 2021 में हुई थी। इस मामले में उसे 10 साल की कैद हुई थी। इसके बाद वह 4 साल की कैद काटकर बेल पर आया था। जालंधर के अलग-अलग थानों में इस पर 6 पर्चे हैं।






### विस चुनाव

### प्रधानमंत्री ने बिहार के आरा से महागठबंधन पर साधा निशाना

# 'जंगलराज' वालों का घोषणा पत्र झूठ, छल और गुमराह करने की कोशिशों से भरा: मोदी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**आरा, 2 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बिहार के आरा में जनसभा के दौरान महागठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि 'जंगलराज' वालों का घोषणा पत्र झूठ, छल और जनता को गुमराह करने की कोशिशों से भरा है। उन्होंने कहा कि आपके क्षेत्र में 6 नवंबर को मतदान होगा। अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। एनडीए ने विकसित बिहार के लिए एक ईमानदार और दूरदर्शी घोषणापत्र जारी किया है। हर वादा, हर योजना बिहार के तेज विकास के लिए समर्पित है।

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए के संकल्प पत्र में बच्चों की शिक्षा, परिवार के स्वास्थ्य, युवाओं के लिए रोजगार और किसानों के लिए सिंचाई पर विशेष जोर दिया गया है। इसके अलावा, महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए कई मजबूत प्रावधान किए गए हैं। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ÷एक तरफ एनडीए का ईमानदार घोषणापत्र है और दूसरी तरफ जंगलराज वाले हैं। उन्होंने अपने घोषणापत्र को झूठ, छल और जनता को गुमराह करने की कोशिशों से भरा दस्तावेज बना दिया है। जंगलराज वाले न भूलें, जनता समझदार है। ये जनता है और ये सब जानती है।

एनडीए के 'संकल्प पत्र' में किए गए वादों को दोहराते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ÷हमारा संकल्प है कि बिहार का युवा बिहार में ही काम करेगा और बिहार का नाम करेगा। इसके लिए हमने आने वाले वर्षों में एक करोड़ रोजगार देने का ऐलान किया है और ये कैसे होगा, इसका प्लान भी जनता जनार्दन के सामने रख दिया गया है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया में 'मेड इन इंडिया' के लिए बहुत उत्साह है। हमारा लक्ष्य है कि बिहार भी 'मेक इन इंडिया' का केंद्र बने। इसके लिए हम हजारों लघु और कुटीर उद्योगों का नेटवर्क और मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार छोटे किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत सालाना 6,000 रुपए देती है। अब बिहार की नई एनडीए सरकार इसमें 3,000 रुपए और बढ़ाएगी। बिहार में पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए बिहार दुग्ध मिशन की भी घोषणा की गई है।

#### आने वाले समय में बिहार का नौजवान राज्य में ही काम करेगा: प्रधानमंत्री

**नवादा, 2 नवंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवादा में रविवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विकसित बिहार का संकल्प दोहराते हुए एनडीए सरकार की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में बिहार का नौजवान राज्य में ही काम करेगा। पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए विकसित बिहार के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा, ฿मगध, प्राचीन भारत की शान है। अब हमें मगध को, बिहार को फिर से वही पुराना गौरव लौटाना है। हमें इस क्षेत्र को वैश्विक ज्ञान और विज्ञान का केंद्र बनाना है। विकसित बिहार बनाना है। उन्होंने किसानी और पशुपालन को बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा, ฿यहां बहुत बड़े स्तर पर खेती-किसानी होती है, अनेक परिवार पशुपालन से भी जुड़े हैं। आजादी के बाद की सरकारों ने छोटे किसानों को प्राथमिकता नहीं दी, इसलिए छोटे किसान हमेशा संकटों से घिरे रहे। लेकिन ये मोदी है, जिसे किसी ने नहीं पूछा, मोदी उन्हें पूजता है। छोटे किसानों के लिए बैंक के दरवाजे तक बंद थे, मोदी ने किसानों के बैंक खाते खुलवाए। आज उसी बैंक खाते में पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा जमा होता है।

**मुख्यमंत्री ने श्री मुक्तसर साहिब के लोगों को दिया बड़ा तोहफ़ा, 138.82 करोड़ रुपये के सीवरेज और जल आपूर्ति प्रोजेक्ट्स का किया शिलान्यास**

# युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने वालों के साथ कोई रहम नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री

नए प्रोजेक्टों से ऐतिहासिक शहर की डेढ़ लाख आबादी को मिलेगा लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**श्री मुक्तसर साहिब, 2 नवम्बर।** ऐतिहासिक शहर श्री मुक्तसर साहिब के लोगों को बड़ा तोहफ़ा देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज 138.82 करोड़ रुपये की लागत वाले सीवरेज और जल आपूर्ति प्रोजेक्टों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इन योजनाओं से शहर के लगभग 1.58 लाख लोगों को स्वच्छ पेयजल और बेहतर सीवरेज सुविधा मिलेगी।

गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं में 90.68 करोड़ रुपये सीवरेज सिस्टम और 48.14 करोड़ रुपये जल आपूर्ति के लिए खर्च किए जाएंगे। शहर में लगभग 31 हजार घरों को इससे सीधा लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मुक्तसर साहिब में 30 साल बाद इस स्तर की परियोजनाओं की शुरुआत हो रही है, जबकि पिछले मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों ने जिले को विकास से वंचित रखा।

उन्होंने कहा कि शहर का पुराना सीवरेज सिस्टम अब बेअसर हो चुका है और कई इलाकों में ब्लॉकेज की समस्या आम है। नए प्रोजेक्ट के तहत श्री दरबार साहिब के आसपास के इलाके समेत शहर के अन्य हिस्सों में सीवरेज और जलापूर्ति की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। कोटकपूरा रोड और अबोहर रोड पर ऊंची टंकियों के निर्माण के साथ-साथ मुख्य सड़कों और गलियों की मरम्मत के लिए 17 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब को नशे की दलदल में धकेलने वाली पारंपरिक राजनीतिक पार्टियां इसके लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ÷नशा मुक्त पंजाब÷ के लिए निर्णायक जंग लड़ रही है। मान ने कहा कि पिछली सरकारों ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करने की बजाय उन्हें संरक्षण दिया, जिसके कारण हजारों युवा मौत के मुंह में गए। अब हम नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

उन्होंने पारंपरिक दलों द्वारा नाभा जेल में बंद पूर्व अकाली मंत्री के समर्थन में दिए गए बयानों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल की मिलीभगत अब उजागर हो चुकी है, जो सत्ता में रहते हुए एक-दूसरे के काले कारनामों पर पर्दा डालते रहे।

हरसिमरत कौर बादल के इस बयान पर कि अकाली-भाजपा शासन के दौरान 'चिट्टा' नाम तक किसी को नहीं पता था, मुख्यमंत्री ने व्यंग्य करते हुए कहा कि 'वह सही कहती हैं, उस समय चिट्टे को 'मजीठिया' कहा जाता था।' उन्होंने आरोप लगाया कि अकाली सरकार के कार्यकाल में लाल बत्ती वाली गाड़ियों से चिट्टा सप्लाई किया जाता था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बिक्रम सिंह मजीठिया ने अपनी कंपनी के सोलर प्लांट से सरकार को 15 रुपये प्रति यूनिट के दर पर बिजली बेचने के अनुबंध किए, जिससे पंजाब को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। सरकार अब इन समझौतों को रद्द करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साधते हुए भगवंत मान ने कहा कि वे हमेशा सत्ता पक्षों के साथ खड़े रहे हैं—चाहे मुगल हों, अंग्रेज, कांग्रेस या अब भाजपा। उन्होंने कहा कि कैप्टन का इतिहास पंजाब के लोगों को धोखा देने का रहा है।

## सुखबीर बादल श्री अकाल तख्त साहिब पर गुनाह कबूल कर मुकर गए, लोग कभी माफ नहीं करेंगे: मान

मुख्यमंत्री ने अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 'सिखों और पंजाब का बड़ा गुनाहगार' बताया। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष गुनाह कबूलने और सज़ा स्वीकारने के बाद सार्वजनिक रूप से मुकर जाना सिख परंपराओं और जनभावनाओं के साथ विश्वासघात है, और इतिहास ऐसे गुनाहगारों को कभी माफ नहीं करता। अपने शासन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई सालों में 56,856 युवाओं को बिना सिफारिश सरकारी नौकरियां दी गई हैं। 19 टोल प्लाज़ा बंद करने से जनता को रोज़ाना 64 लाख रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि 881 आम आदमी क्लीनिक प्रदेश में स्थापित किए गए हैं, जहां इलाज और दवाएं पूरी तरह मुफ्त हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि 118 स्कूल ऑफ एमिनेंस स्थापित किए जा रहे हैं, जहां गरीब बच्चों को मुफ्त वर्दी, लड़कियों को बस सेवा और नीट, जेईई, सीएलएटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त कोचिंग दी जा रही है। कृषि क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहली बार टीलों तक नहरी पानी पहुंचा है, जिससे सिंचाई की समस्या खत्म हुई है। दिन में किसानों को बिजली देने की व्यवस्था से उनकी फसलों की उत्पादकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, डॉ. बलजीत कौर और स्थानीय विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 卐हर गांव, हर घर तक विकास卐 पहुंचाना है, और श्री मुक्तसर साहिब में ये प्रोजेक्ट उसी दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं।

# बड़ी चुनौतियों के बावजूद पंजाब की जीएसटी प्राप्ति में 21.51 प्रतिशत की वृद्धि: चीमा

राज्य को अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक शुद्ध जीएसटी के रूप में 15,683.59 करोड़ रुपये प्राप्त हुए

व्यापक बाढ़ और जीएसटी 2.0 के तहत कर दरों में तार्किकीकरण के बावजूद पंजाब की 21.5 प्रतिशत वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत 7 प्रतिशत से कहीं अधिक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** वित्तीय लचीलापन और प्रशासनिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन करते हुए, पंजाब ने अक्टूबर 2025 तक शुद्ध जीएसटी संग्रह में 21.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जबकि केवल अक्टूबर माह में 14.46 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है। यह जानकारी यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए पंजाब के वित्त, योजना, आबकारी और कर मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने व्यापक बाढ़ और जीएसटी 2.0 के तहत हाल ही में कर दरों के तार्किकीकरण के बावजूद राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने वृद्धि के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि राज्य ने अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक शुद्ध जीएसटी के रूप में 15,683.59 करोड़ रुपये प्राप्त किए, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह प्राप्ति 12,907.31 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार राज्य की जीएसटी प्राप्ति में 2,776 करोड़ रुपये की शानदार वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इसके विपरीत वित्त वर्ष 2024-25 में अक्टूबर 2024 तक वृद्धि दर मात्र 3.8 प्रतिशत थी।

वित्त मंत्री ने आगे बताया कि अक्टूबर 2025 के लिए राज्य की शुद्ध जीएसटी प्राप्ति 2,359.16 करोड़ रुपये रही, जबकि अक्टूबर 2024 में यह प्राप्ति 2,061.23 करोड़ रुपये थी – यानी 298 करोड़ रुपये की वृद्धि, जो राज्य की निरंतर आर्थिक गति को दर्शाती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह वृद्धि सितंबर 2025 में लागू किए गए जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद हुई है, जिनमें कई कर दरों को कम किया गया था। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा 'कर दरों में कटौतियों और भयंकर बाढ़ जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद, पंजाब की जीएसटी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो बेहतर अनुपालन, कर चोरी विरोधी पहलों और डिजिटल निगरानी प्रणालियों की सफलता को दर्शाती है। राज्य की 21.5 प्रतिशत की वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत 7 प्रतिशत से कहीं अधिक है, जिससे पंजाब उत्तर भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में शामिल हो गया है।' उन्होंने आगे कहा कि अक्टूबर 2025 तक एसजीएसटी और आईजीएसटी के पोस्ट-सेटलमेंट आंकड़े पंजाब की वित्तीय मजबूती की और पुष्टि करते हैं, क्योंकि राज्य की समग्र वृद्धि दर हरियाणा को छोड़कर सभी पड़ोसी राज्यों से अधिक रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह प्रदर्शन पंजाब के व्यापार और उद्योग की लचीलापन को दर्शाता है, विशेष रूप से यह देखते हुए कि इस अवधि में राज्य के लगभग आधे जिले बाढ़ से प्रभावित थे।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इन उपलब्धियों का श्रेय आबकारी और कर विभाग की डेटा विश्लेषण क्षमता, डिजिटल एकीकरण, सख्त फील्ड प्रवर्तन और रणनीतिक दृष्टिकोण को दिया। उन्होंने विभाग की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि वह ईमानदार करदाताओं के लिए अनुपालन को आसान बनाएगा, कर चोरी पर सख्ती करेगा और पारदर्शी तथा कुशल कर प्रशासन के माध्यम से पंजाब की आर्थिक पुनर्जीवित प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा।

# 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को मिला बड़ा समर्थन, दर्जनों परिवार पार्टी में शामिल

तरनतारन में पारंपरिक पार्टियों को बड़ा झटका, सांसद चब्बेवाल और विधायक धालीवाल की मौजूदगी में सैकड़ों लोग 'आप' में हुए शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन, 2 नवंबर।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को आज उस समय बड़ा राजनीतिक बल मिला, जब पारंपरिक पार्टियों से जुड़े दर्जनों प्रमुख परिवार 'आप' में शामिल हो गए। इस बड़े जुड़ाव से पार्टी उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के चुनाव अभियान को भारी समर्थन मिलता दिख रहा है।

रविवार को स्थानीय सन स्टार होटल में 'आप' कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित एक विशाल और प्रभावशाली समारोह के दौरान, कई परिवारों ने पारंपरिक पार्टियों को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। उन्होंने आम आदमी पार्टी की जन-हितैषी नीतियों से खुश होकर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। पार्टी में शामिल होने वालों का फौजी बैंड के साथ शानदार स्वागत किया गया और सैकड़ों परिवारों ने इस मौके पर बहुत खुशी जाहिर की।

इस समारोह में, नए शामिल हुए परिवारों का स्वागत करने के लिए विशेष रूप से सांसद राज कुमार चब्बेवाल, सन स्टार होटल के मालिक हरजिंदर सिंह ढिल्लों, विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल, चेयरमैन जगरूप सिंह सेखवां और जसबीर सिंह ढिल्लों (सुर सिंह) उपस्थित हुए।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित लोगों का विशेष धन्यवाद किया और उन्हें पार्टी की उन्नति के लिए दिन-रात काम करने के लिए प्रेरित किया। नेताओं ने कहा कि इन परिवारों के आने से तरनतारन में पार्टी का आधार और मजबूत हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि लोगों का यह उत्साह उपचुनाव में उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू की बड़ी जीत सुनिश्चित करेगा। 'आप' में शामिल होने वाली प्रमुख हस्तियों में नछत्तर सिंह, सतनाम सिंह, जुगराज सिंह, पलविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, काला मसीह, जूनस मसीह, तरसेम मसीह, कोट धरमचंद से रणधीर सिंह, राजदीप सिंह व गुरदेव सिंह, जत्थेदार बलविंदर सिंह चुबाल, बाबा गुरदेव सिंह चुबाल, ठेकेदार कश्मीर सिंह तरनतारन, बाबा प्यारा सिंह ग्रंथी सिंह, जत्थेदार काबिल सिंह और बाबा कश्मीरा सिंह समेत कई अन्य दर्जनों लोग हाजिर थे।

## शहबाज सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवा 'आप' में शामिल

'आप' सरकार युवाओं को नशे से हटाकर खेल के मैदानों तक ला रही है: शेरी कलसी व सन्नी आहलूवालिया



**तरनतारन।** आम आदमी पार्टी (आप) को आज तरनतारन में उस समय बड़ी राजनीतिक ताकत मिली जब पार्टी के मुख्य चुनाव कार्यालय में आयोजित एक प्रभावशाली समारोह के दौरान दर्जनों युवाओं ने पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। 'आप' पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी, प्रदेश महासचिव हरचंद सिंह बरसट, चेयरमैन डॉ. एस.एस. आहलूवालिया और चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी ने इन सभी प्रमुख हस्तियों को पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल करवाया।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए शैरी कलसी ने युवा नेता शहबाज सिंह और उनकी पूरी टीम का पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विरोधी अक्सर शहबाज सिंह की सक्रियता पर सवाल उठाते थे, लेकिन आज उन्होंने दर्जनों युवाओं को पार्टी से जोड़कर यह साबित कर दिया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से तजिंदरपाल सिंह मल्ली, जुगराज सिंह, जसकरन सिंह, हररूप सिंह, गुरप्रीत सिंह, निशान सिंह, बाज सिंह, जोबन सिंह, सिमरतपाल सिंह, जशन, रोबन और किरपन शामिल थे।

कलसी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे ईमानदारी से काम करें। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा, 'मैं भी पार्टी की सोच से प्रभावित होकर शामिल हुआ था और कभी भी हाईकमान से कोई मांग नहीं रखी। पार्टी ने मेहनत देखकर खुद ही जिम्मेदारियां दीं।' उन्होंने आश्वासन दिया कि 'आप' में मेहनती कार्यकर्ताओं के काम को देखते हुए उन्हें बिना मांगे ही मान-सम्मान और जिम्मेदारियां दी जाती हैं।

इस अवसर पर चेयरमैन सन्नी आहलूवालिया ने कहा कि आज पूरे पंजाब का युवा 'आप' से इसलिए जुड़ रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच युवाओं को नशे से हटाकर खेल के मैदानों की ओर लाने की है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें युवाओं को गुमराह करती थीं, लेकिन 'आप' सरकार हर गांव-वार्ड में प्ले-ग्राउंड, जिम और स्पोर्ट्स किट देकर युवाओं का भविष्य सुधार रही है। 'खेडां वतन पंजाब दीयां' इसी सोच का परिणाम है।

उन्होंने शहबाज सिंह और शेरी कलसी को युवाओं के लिए 'आइकन' बताते हुए पूरी टीम को सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

## हरमीत संधू को गांव पंजवड़ कलां में मिला भरपूर समर्थन, लोगों ने 'आप' के कामों पर जताई संतुष्टि

पंजवड़ कलां के निवासियों ने कहा– तरनतारन की उन्नति के लिए 'आप' उम्मीदवार हरमीत संधू की जीत ही हमारा मुख्य लक्ष्य



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने आज अपने चुनाव अभियान की शुरुआत गांव पंजवड़ कलां से की। यहां एक पारिवारिक मुलाकात के दौरान उन्हें लोगों का भारी समर्थन मिला, जहां निवासियों ने 'आप' सरकार के कामों पर पूरी संतुष्टि व्यक्त की।

हरमीत सिंह संधू ने आज दिन की शुरुआत हल्का तरनतारन के गांव पंजवड़ कलां के मास्टर नगर में गुरु जी के चरणों में नतमस्तक होकर की। इसके बाद, उन्होंने निवासियों के साथ एक अहम पारिवारिक मुलाकात की। इस अवसर पर संधू ने लोगों के साथ विचार साझा किए और उनकी समस्याओं को बड़े ध्यान से सुना। उन्होंने गांव वासियों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी जायज मांगों और मुश्किलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाया जाएगा।

इस मौके पर एकत्रित गांव के लोगों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों की सराहना की। गांव के लोगों ने स्पष्ट कहा कि वे 'आप' सरकार द्वारा किए जा रहे कामों से पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि तरनतारन की उन्नति (चढ़दी कला) सुनिश्चित करने के लिए आम आदमी पार्टी की जीत ही उनका मुख्य उद्देश्य है और वे श्री हरमीत सिंह संधू को बड़े अंतर से विजयी बनाएंगे।

## शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका, सरपंच हैप्पी की प्रेरणा से दर्जनों अकाली परिवार 'आप' में शामिल



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के दौरान आज आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के चुनाव अभियान को उस समय भारी समर्थन मिला, जब शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका देते हुए दर्जनों परिवारों 'आप' में शामिल हो गए।

गांव स्वर्गपुरी के मौजूदा सरपंच सतिंदर सिंह हैप्पी की प्रेरणा से, इन सभी परिवारों ने शिरोमणि अकाली दल को अलविदा कहकर आम आदमी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने पार्टी परिवार में शामिल होने पर सभी परिवारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। संधू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की जन-हितैषी नीतियों और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व से प्रभावित होकर लोग पारंपरिक पार्टियों को छोड़ रहे हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी में शामिल हुए सभी परिवारों को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा और इससे पार्टी की जीत सुनिश्चित हुई है।

## 'आप' उम्मीदवार हरमीत संधू के अभियान को बड़ा समर्थन, गांव सोहल के कई कांग्रेसी परिवार 'आप' में शामिल



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को आज उस समय बड़ा राजनीतिक झटका लगा, जब हल्का के गांव सोहल से संबंधित दर्जनों परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल होने की घोषणा कर दी।

'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने इन सभी परिवारों का पार्टी में गर्मजोशी से स्वागत किया। गांव सोहल में हुए इस समारोह के दौरान, कांग्रेस पार्टी के सक्रिय नेताओं और सदस्यों ने 'आप' की नीतियों में विश्वास व्यक्त किया। शामिल होने वालों में मुख्य रूप से जगिंदर सिंह, काबिल सिंह, हरदेव सिंह, बलदेव सिंह, बलविंदर सिंह, अवतार सिंह काला, अमर सिंह, अमरीक सिंह, प्रताप सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखप्रीत सिंह और ठेकेदार अर्जुन सिंह अपने साथियों समेत 'आप' परिवार का हिस्सा बने।

इस अवसर पर बोलते हुए हरमीत सिंह संधू ने कहा कि इन परिवारों के आने से पार्टी को गांव सोहल और पूरे हल्का में बड़ी मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि लोग पारंपरिक पार्टियों की नीतियों से पूरी तरह तंग आ चुके हैं और आम आदमी पार्टी की सरकार के जन-हितैषी कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि पार्टी में शामिल होने वाले हर नेता और कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

## पंडोरी हसन में हरमीत संधू को भरपूर समर्थन, पंचायत सदस्यों और संगत ने जीत का भरोसा दिलाया

'आप' तरनतारन में नया इतिहास रचेगी, गांवों में मिल रहा भारी समर्थन: विधायक अशोक पराशर



**तरनतारन।** तरनतारन विधानसभा हलके के उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के चुनाव अभियान को गांव-गांव में भरपूर समर्थन मिल रहा है। इसी कड़ी के तहत आज गांव पंडोरी हसन में 'आप' के पक्ष में एक विशाल जनसभा हुई, जहां पूरे गांव ने एकजुट होकर हरमीत संधू की जीत को सुनिश्चित करने का ऐलान किया।

यह अहम बैठक गांव के मौजूदा पंचायत सदस्यों दविंदर सिंह, सुखदेव सिंह, सरबजीत सिंह, सुखदेव सिंह, बलबीर सिंह, गुरदियाल सिंह और रणजीत सिंह के नेतृत्व में हुई, जिसमें गांव की समूह संगत ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस मौके पर लुधियाना केंद्रीय से विधायक अशोक पराशर पप्पी भी विशेष तौर पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के उत्साह के लिए धन्यवाद किया।

इस मौके पर बोलते हुए नेताओं ने कहा कि गांवों में हो रही यह भरपूर सभाएं इस बात की गवाही दे रही हैं कि आम आदमी पार्टी तरनतारन में जीत का नया इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि लोगों के इस भारी समर्थन के बल पर 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू भारी वोटों के अंतर से जीत प्राप्त करेंगे।

# खैर डिंके से दर्जनों परिवार आम आदमी पार्टी में शामिल



**तरनतारन।** तरनतारन उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को उस समय बड़ा प्रोत्साहन मिला जब गांव खैर डिंके के दर्जनों परिवार पार्टी में शामिल हो गए। इन नेताओं के शामिल होने से शिरोमणि अकाली दल को बड़ा झटका लगा है। नए सदस्यों का पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी, पार्टी नेताओं परमिंदर सिंह गोल्डी और हरचंद सिंह बरसट ने 'आप' में गर्मजोशी से स्वागत किया। 'आप' में शामिल होने वालों में अमृत सिंह सरपंच के भाई और सुखबीर सिंह के बेटे, जसविंदर सिंह जस्सी साबा, करम सिंह, लवप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह, रजिंदर सिंह, जशनदीप सिंह, नरिंदर सिंह, अंग्रेज सिंह और बिट्टू शामिल थे। इन सभी ने आगामी उपचुनाव में 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया। नए सदस्यों का स्वागत करते हुए 'आप' पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष शेरी कलसी ने कहा कि 'आप' में शामिल होने का इन नेताओं का फैसला तरनतारन के लोगों में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व और आम आदमी पार्टी की ईमानदार राजनीति में बढ़ते विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, पंजाब के लोग दशकों से राज्य को लूटने वाली पारंपरिक पार्टियों को खारिज कर रहे हैं।

परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि चल रहे अभियान को हर गांव में लोगों से भारी प्रतिक्रिया मिल रही है। 'हम जहां भी जाते हैं, लोग 'आप' का समर्थन करने के लिए उत्साह से आगे आ रहे हैं।' उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि 'आप' तरनतारन उपचुनाव में बड़ी जीत दर्ज करेगी।

हरचंद सिंह बरसट ने कहा कि अकाली दल पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य में पूरी तरह से अप्रासंगिक हो गया है, और इसके बाकी समर्थक अब 'आप' से जुड़ रहे हैं, जो राज्य में एकमात्र विश्वसनीय और जन-केंद्रित राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरी है। नेताओं ने पार्टी में सभी नए सदस्यों का स्वागत किया और उनसे हरमीत सिंह संधू की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के लिए तरनतारन में पारदर्शी शासन और जमीनी विकास के 'आप' के संदेश को फैलाने की अपील की।

# भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने हेतु महर्षि दयानंद की शिक्षा पद्धति होगी अपनानी : मुख्यमंत्री

कहा- महर्षि दयानंद ने समाज में जागृति पैदा की, इसलिए वे सामाजिक चेतना के 'अग्रदूत' कहलाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आर्य समाज के प्रगतिशील विचारों को आज फिर उसी संकल्प, निष्ठा और समर्पण के साथ गांव-गांव और गली-गली तक पहुंचाने की जरूरत है, जिससे कि भारत 'आध्यात्मिक गुरु' का अपना प्राचीन गौरव फिर से हासिल कर सके।

मुख्यमंत्री रविवार को दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके आर्य समाज की स्मारिका का विमोचन किया जिसमें आर्य समाज के 150 साल का स्वर्णिम अध्याय संकलित है। मुख्यमंत्री ने संस्था को अपने ऐच्छिक कोष से 51 लाख रुपए भी देने की घोषणा की। इस मौके पर गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भारत को पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना है, तो हमें महर्षि दयानंद जी की शिक्षाओं का अनुसरण करना होगा। उन्होंने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति का महत्व पहले से भी अधिक बढ़ गया है। गुरुकुल प्रणाली में युवकों के चरित्र निर्माण और नैतिक गुणों के विकास पर विशेष बल दिया जाता है। सादगी और उच्च विचार इसके मूल आधार हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद की विचार-रूपी सूर्य की किरणें, सम्पूर्ण विश्व को प्रकाशित करती रहें, इसी उद्देश्य से 1875 में आर्य समाज की स्थापना हुई। आर्य समाज एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसने धर्म, समाज और राष्ट्र तीनों के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं। आर्य समाज ने लोगों में चेतना जागृत कर उन्हें देश और धर्म की रक्षा के लिए सजग किया। इसके अलावा, जातिवाद का अंत करने, सबको पढ़ने का अधिकार, स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, छुआछूत को समाप्त करने, गौ रक्षा आदि के लिए उल्लेखनीय भूमिका भी निभाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने सबसे पहले स्वराज की मशाल जलाई और नागरिकों को आजादी के लिए जागृत किया। यही कारण था कि देश के हर कोने में आजादी के आंदोलन ने गति पकड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा और शहीद-ए-आजम भगत सिंह जैसे नौजवान क्रांतिकारियों के जीवन पर आर्य समाज की गहरी छाप थी। उन्होंने कहा कि स्वामी जी सामाजिक पतन को देश की पराधीनता का कारण मानते थे, इसलिए उन्होंने शिक्षा के प्रचार, धार्मिक सुधार, सामाजिक सुधार जैसे क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने पर बल दिया। इसलिए उन्हें सामाजिक चेतना का ÷अग्रदूत÷ भी कहा जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुलों का युवाओं को देशभक्त, कर्तव्यनिष्ठ और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान है। आर्य समाज ने वेदों को पढ़ने और उनके मूल्यों को धारण करने की जो राह दिखाई है, उसके कारण समाज की सामाजिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक प्रगति हुई है। हमारे गुरुकुलों में विद्यार्थियों को योग भी सिखाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम का नाम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक विकास में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इससे दुनिया में भारत की इस अमूल्य विरासत को पुनः सम्मान मिला है। हरियाणा सरकार योग एवं व्यायामशालाएं स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि दयानंद ने सबसे ज्यादा स्त्री शिक्षा की वकालत की थी। स्वामी दयानंद , स्वामी श्रद्धानंद जैसे आर्यों ने और दूसरे महान आचार्यों ने गुरुकुल परम्परा को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया।

# गुरु तेग बहादुर सिंह जी के शहीदी दिवस पर कैथल में 21 को प्रवेश करेगी यात्रा : प्रभलीन

अनेक सामाजिक संगठनों ने दिया सहयोग का आश्वासन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 2 नवंबर।** मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा में चार यात्राएं निकाली जा रही हैं। जिनमें से एक यात्रा आठ नवंबर को सिरसा के रोड़ी से शुरू होगी। यह यात्रा 21 नवंबर को कैथल में गढ़ी गांव से प्रवेश करेगी। जहां से सांघन सहित विभिन्न गांवों से होते हुए कैथल पहुंचेंगी। रात्रि ठहराव कैथल श्री गुरु नीम साहब गुरुद्वारे में होगा। जहां से अगली सुबह यह यात्रा कैथल से सीवन, पोलड़, कांगथली, डेरा कारसेवा होते हुए चीका से आगे के रूट पर जाएगी। कैथल में यात्रा के रूट पर अधिकारी निर्बाध यातायात व्यवस्था, चुस्त-दुरुस्त सडक़ों सहित पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था करवाएं। उन्होंने सभी का आह्वान किया कि गुरु जी की शहादत के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और मर्यादा के साथ गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करें। प्रभलीन सिंह रविवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में यात्रा की तैयारियों को लेकर बुलाई गई बैठक में अधिकारियों सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी सुरक्षा संबंधी सभी नियमों की पालना सुनिश्चित करवाएं। सेवा संघ की ओर से शिव शंकर पाहवा ने कहा कि तीन संस्थाओं के माध्यम से स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

### श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करना सम्मान की बातः ज्योति

बैठक में पहुंची भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने संगठन की ओर से हर संभव सहयोग व यात्रा का स्वागत करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि यह एक बड़े ही सम्मान का विषय है कि हरियाणा सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन करती हुई चार यात्राएं निकाली जा रही हैं। वहीं पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर को लेकर हर भारतीय के दिल में विशेष सम्मान है। कैथल में उनकी शहादत संबंधी यात्रा का स्वागत किया जाएगा और भारी संख्या में युवा मोटरसाइकिलों पर सवार होकर यात्रा में शामिल होंगे। भाजपा नेता अशोक कुमार गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में निकाली जा रही यात्राओं के माध्यम से श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को नमन किया जाएगा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों बलविंद्र सिंह भिंडर व बलदेव सिंह हाबड़ी ने यात्रा के स्वागत सहित रागी-टाडी जत्थों, कथावचकों की व्यवस्था करने सहित यात्रा के रात्रि प्रवास के दौरान सभी आवश्यक प्रबंध करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### विनोद गर्ग बने श्री कृष्ण गौशाला के प्रधान



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** श्री कृष्ण गौशाला वह सर्व समाज गौशाला की एक बैठक संयुक्त रूप से दिन रविवार को श्री कृष्ण गौशाला में संपन्न हुई। जिसमें श्री कृष्ण गौशाला पुरानी कमेटी के सभी मेंबर व सर्व समाज गौशाला के सभी मेंबरों की सहमति से श्री विनोद गर्ग (कालन वाले) को सर्वसम्मति से प्रधान बनाया गया और श्री कृष्ण गौशाला की अन्य कार्य करणी का विस्तार नव प्रधान विनोद गर्ग की अध्यक्षता में कुछ दिनों बाद किया जाएगा।

### प्राचीन सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में तुलसी विवाह धूमधाम से संपन्न



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** देवउठनी ग्यारस के अवसर पर रविवार को क्षेत्र में तुलसी विवाह उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सुबह प्रभात फेरी के बाद विशेष पूजा-अर्चना की और उपवास रखकर संध्या समय तुलसी विवाह संपन्न किया। प्राचीन श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में हवन-यज्ञ व विधि-विधान से तुलसी-शालिग्राम विवाह आयोजित किया गया। मंदिर प्रधान अनिल बेनीवाल व अनिता बेनीवाल ने मुख्य यजमान के रूप में भाग लिया। आचार्यों ने बताया कि देवउठनी एकादशी से शुभ कार्यों की शुरुआत मानी जाती है और इसी दिन भगवान विष्णु के चार माह के विश्राम के बाद जागृत होने का विश्वास है। भक्तों ने अपने-अपने घरों में तुलसी स्थल को सजाया और दीप जलाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जिनमें मीना देवी, उषा त्यागी, प्रेमलता शर्मा, कमला देवी, प्रेम कुमार, अनमोल शर्मा, देवेंद्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

### रत्नावली ट्रॉफी विजेताओं का महाविद्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत



**कैथल (अप्रस)।** आरकेएसडी कॉलेज के सांस्कृतिक विधाओं के विजेता विद्यार्थियों के महाविद्यालय पहुंचने पर महाविद्यालय प्रशासन ने भव्य अगवानी की। प्रधान प्रबंधन समिति एवं आरवीएस अश्वनी शोरेवाले, उपप्रधान श्याम बंसल, पंकज बंसल महासचिव, पूर्व प्रधान साकेत मंगल एडवोकेट, प्राचार्य डॉ गगन मित्तल एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ एसएस पाहवा ने सांस्कृतिक विधाओं के ओवरऑल इंचार्ज डॉक्टर अशोक कुमार अत्रि, सह-संयोजिका प्रो. ऋचा लांग्यान, डॉ राजीव शर्मा, विधाओं के संयोजकों एवं समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं बधाई दी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय 38वें रत्नावली महोत्सव में ऐतिहासिक जीत के साथ आरकेएसडी कॉलेज ओवरऑल विजेता रहा। इसके अलावा थियेटर एवं फॉक हेंडीक्राफ्ट वर्ग की ट्राफियां भी प्राप्त की। महाविद्यालय ने कुल 34 विधाओं में से 24 विधाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर ओवरऑल ट्रॉफी जीती। आठ विधाओं में प्रथम एवं छह विधाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया एवं लगातार दूसरे वर्ष यह ट्राफी जीती। परिणामों में रिचवल प्रथम, ओल्ड एंटिक प्रथम, पगड़ी बांधना प्रथम, स्किट प्रथम, हरियाणवी आरक्रेस्ट्रा प्रथम, फॉक कोस्टयूम प्रथम, पोप सोंग प्रथम, फाक हैंडीक्राफ्ट प्रथम, शोर्ट फिल्म द्वितीय, ड्यूट रागनी द्वितीय, फैशन शो द्वितीय, चौपाल द्वितीय, टिट बिट द्वितीय, सांग द्वितीय, गजल तृतीय, हरियाणवी लूर डांस तृतीय, रागनी तृतीय, रसिया तृतीय, ह. कोरियोग्राफी तृतीय, मोनो एक्टिंग तृतीय, हरियाणवी लोकगीत चतुर्थ, भजन पाचवां, हरियाणवी लोक वाद्य पाचवां और हरियाणवी नाटक बैस्ट एक्टर रहे।

# धर्मार्थ अस्पताल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 2 नवंबर।** लाडवा के श्री महाबीर दल धर्मार्थ अस्पताल में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच, उपचार व आप्रेशन शिविर लगाया गया। शिविर श्री सनातन धर्म महाबीर दल लाडवा एवं सेठ मुकंद लाल आई विंग द्वारा लगाया गया, जिसमें करीब 310 रोगियों की आंखों की निःशुल्क जांच की गई तथा करीब 92 रोगी आंखों के आप्रेशन किए जाएंगे। सभी रोगियों की आंखों का आप्रेशन श्री सनातन धर्म महाबीर दल लाडवा द्वारा निःशुल्क करवाए जाएंगे। यही नहीं रोगियों के आने-जाने की व्यवस्था भी संस्था द्वारा की जाएगी। शिविर में एल.एन.जे.पी. अस्पताल कुरुक्षेत्र की चिकित्सक डा.अनिता अग्रवाल व उसकी टीम द्वारा रोगियों की आंखों की जांच कर उपचार किया।

यह जानकारी सभा के सचिव पवन बंसल ने दी। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि में शामिल हुए लाडवा मार्कीट कमेटी के चेयरमैन डा.गणेश दत्त द्वारा रिबन काटकर किया गया, जबकि शिविर में डा. मृदला अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक बाबू रमेश गुप्ता द्वारा की गई। शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि डा.गणेश दत्त ने कहा कि आंखें हमारे शरीर का मुख्य अंग है। इसकी देखभाल करना बहुत आवश्यक है। आंखों के बिना हमारा जीवन अंधकारमय बन जाएगा। शिविर में पहुंचने पर सभा की तरफ से मुख्यातिथि व अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज का तंजः 'देशभक्त आरएसएस की 'रोशनी' से डरकर 'आंखें मूंद' लेती है कांग्रेस, ठीक वैसे ही जैसे उल्लू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कब किससे व क्यों मिलना है यह मोदी जी तय करेंगे, न कि राहुल गांधी: अनिल विज

बिहार के चुनाव में अखिलेश यादव को दूल्हें याद आ रहे हैं, क्या ये दूल्हे के आगे पीछे चलने वाले बैंडबाजे वाले हैं?: विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अंबाला, 2 नवंबर।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान कि नरेंद्र मोदी आरएसएस पर बैन लगाए पर क?ा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा आरएसएस के खिलाफ रही है। तीन बार इन्होंने आरएसएस पर प्रतिबंध भी लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह 'उल्लू को रोशनी से डर लगता है और रोशनी देखकर उल्लू आंखे बंद कर लेता है, उसी प्रकार से आरएसएस जैसी देशभक्त चरित्रवान संस्था और देश को आगे ले जाने वाली संस्था को देख इनकी (कांग्रेस) आंखे बंद हो जाती है' जिस वजह से यह उल्टी बाते करते हैं। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने अमेरिका जाना था, मगर डर के कारण वो नहीं गए, के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मोदी जी ने कब जाना है, कहा जाना है, किससे मिलना व क्यों मिलना है यह मोदी जी तय करेंगे, न कि राहुल गांधी। जितने राष्ट्रप्रमुखों को मोदी जी मिले और जितने देशों के सर्वोच्च अवार्ड मोदी जी को मिले, आज तक वह किसी को नहीं मिले।

सपा नेता अखिलेश यादव के बयान कि नीतिश कुमार भाजपा के चुनावी दूल्हे है और मुख्यमंत्री पद पर लोगों की पसंद नहीं है, को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि भाजपा नीतिश कुमार जी को आगे रखकर उनके नाम से चुनाव लड़ रही है। हर जनसभा में उनका चेहरा आगे होता है और भारतीय जनता पार्टी ने तय कर रखा है कि नीतिश को मुख्यमंत्री बनाएंगे। भाजपा जो कहती है वो करती है। अब अखिलेश यादव को दूल्हा पता नहीं क्यों याद आ रहा है, ये क्या दूल्हे के आगे पीछे चलने वाले बैंडबाजे वाले हैं। बिहार में चुनाव हो रहा है और चुनाव में इन्हें दूल्हें याद आ रहे हैं।

# डाक्टर हरदीप ने अंगुलियों की सर्जरी कर दिया युवक को नया जीवन

## मौलवी हामिद सद्दीकी और खुर्शीद आलम ने किया डाक्टर को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 2 नवंबर।** डाक्टर भगवान से कम नहीं होता है वह चाहे तो किसी को भी या जीवन दे सकता हैं। यह कर दिखाया करनाल के जाने माने हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. हरदीप ने। उन्होंने एक युवक की अंगुलियों को जोड़ कर उसे नया जीवन दिया। गुरु नानक हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर सरदार हरदीप सिंह पर जिन्होंने जमीयत उलमा हिन्द के मौलवी हामिद सद्दीकी और पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार खुर्शीद आलम ने श्री कृष्णा कृपा का अंग वस्त्र दे किया सम्मानित मौलवी हामिद सिद्दीकी साहब के दामाद शरीक सिद्दीकी दिल्ली में एक फैक्ट्री में कार्यरत है लगभग एक महीने पहले फैक्ट्री में एक कर्मचारी के कार्य करते हुए अचानक से मशीन उनके हाथ पर गिर गई थी जिससे हाथ की उंगलियां टूट और कट गई थी जिनको तुरन्त हॉस्पिटल ले गए थे जहा पर डाक्टरों ने ऑप्रेशन किया गया था मगर उंगलियां ठीक प्रकार से नहीं जुड़ी थी जिसके कारण पूरे हाथ में दर्द और सूजन आ रही थी दिल्ली ,मेरठ, गाजियाबाद, मुजफ्फर नगर, सहारनपुर शामली, आदी जगह पर हाथ दिखाया मगर किसी भी हॉस्पिटल में भर्ती नहीं किया और ना ही किसी ने ये भारोस दिला की हाथ और उंगलियां ठीक हो जाएंगी इसी बीच करनाल में गुरुनानक हॉस्पिटल के डाक्टर सरदार हरदीप सिंह से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा है की कोशिश करना मेरा काम है बाकी तो सच्चे बादशाह जी ही करेंगे जो बड़े बड़े अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्पिटल के डाक्टरों ने उंगलियां जोडने से मना कर दिया था उन उंगलियों को गुरुनानक हॉस्पिटल के डाक्टर हरदीप सिंह जोड़ कर ये साबित कर दिखाया है हिम्मत करे इन्सान तो क्या नहीं कर सकता जिसका जीता जागता उदाहरण शारिक के चेहरे पर मुस्कान आई वहीं मौलवी हामिद साहब ने डाक्टर सरदार हरदीप सिंह के द्वारा किए गए ऑपरेशन से उनके दामाद को उंगलियों जुड़ जानें पर खुशी जाहिर करते हुए कहा की जिसका अल्लाह/रब पर भरोसा होता है वो निश्चित तौर पर उनको सफ़लता मिलती है इसी खुशी में मौलवी हामिद साहब और खुर्शीद आलम ने संयुक्त रूप से डाक्टर हरदीप सिंह को सम्मानित किया शरीक के चहरे पर मुस्कान आ गई है जिसको डर लग रहा था पता नहीं क्या होगा मेरे हाथ का।

# जाट स्कूल में शिक्षकों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट इन-हाउस सीबीपी कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 2 नवंबर।** तनावमुक्त शिक्षक, प्रेरणादायी विद्यार्थी के भाव को साकार करते हुए जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर इन-हाउस सीबीपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता एवं कार्यशाला संयोजिका लिपिका वाधवा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात लिपिका वाधवा का स्वागत किया गया। कार्यशाला के दौरान लिपिका वाधवा ने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय, आत्मनियंत्रण विकसित करने की तकनीकें तथा कक्षा में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के प्रभावी तरीके बताए। उन्होंने माइंडफुलनेस, श्वास-प्रश्वास तकनीक, ध्यान अभ्यास एवं विश्राम के सरल उपाय सिखाते हुए तनाव के भौतिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि छोटे-छोटे परिवर्तन शिक्षक की दिनचर्या में मानसिक संतुलन और कार्यकुशलता ला सकते हैं। साथ ही संवाद कौशल, समय प्रबंधन, और सहकर्मी सहयोग जैसे विषयों पर भी उन्होंने व्यावहारिक सुझाव साझा किए। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के समय में शिक्षकों के समक्ष अनेक मानसिक चुनौतियां हैं जिनसे निपटने के लिए इस प्रकार की इन-हाउस कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं। जाट हाई स्कूल सोसाईटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि यह पहल शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। समिति के उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन तथा सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने इस आयोजन को विद्यालय के आत्मविकास और प्रेरणा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने लिपिका वाधवा को स्मृति-चिन्ह और एक पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया।।टो÷

# आज युवाओं में जैन धर्म के संस्कार डालने की जरूरत हैं: सरिता जी महाराज

चातुर्मास में संस्कारों के साथ अतीत से जुड़ी बातों का आदान प्रदान होता है

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 2 नवंबर।** जैन साध्वी उप प्रवर्तनी सरिता जी महाराज ने कहा है कि श्रावक को अपन धर्म समर्पण के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैन धर्म को आज सबसे अधिक खतरा अपने लोगों की धर्म के प्रति उदासीनता से ही हैं। आज युवाओं में जैन धर्म के संस्कार डालने की जरूरत हैं। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में संस्कारों के साथ अतीत से जुड़ी बातों का आदान प्रदान होता हैं। उन्होंने कहा कि करनाल में धर्म सरस सरिता प्रवाहित होती रही। अब उनका चातुर्मास अंतिम चरण में पहुंच चुका है। आज चातुर्मास के अंतिम रविवार को कार्यक्रम का आयोजन जैन स्थानक सैक्टर 14 में हुआ। वह पांच नवंवर को जैन स्थानक से विदा लेंगी। इस अवसर पर उन दंपत्तियों को सम्मानित किया जिन्होंने तप में भाग लिया। इनमें रमन नीतू नवीन, अशोक जैन, राकेश जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर एसएस जैन सभा सैक्टर चौदह के प्रधान सुरेंद्र जैन, महामंत्री कृष्ण जैन, कोषाध्यक्ष रामनारायण जैन, उप प्रधान प्रवीण जैन, विनोद जैन, ईश्वर जैन, दिनेश जैन, सुभाष जैन, सुरेश जैन, गौरव जैन मुदित जैन, विक्की जैन,महिला मंडल से नीरा जैन, मंजू जैन, सानिया जैन, शिखा जैन, रीमा जैन, सुशीला जैन, ऊषा जैन, ममता जैन समता जैन उपस्थित थे।

# लिव-इन विवाद से परेशान युवक ने मौत को गले लगाया

## पत्नी, सास और उसके साथी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

पांच पेज का सुसाइड नोट बरामद

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 2 नवंबर।** कैथल में वैवाहिक कलह और कथित लिव-इन विवाद से परेशान 25 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक द्वारा पांच पेज का सुसाइड नोट छोड़ा गया है, जिसमें पत्नी, सास और एक युवक पर प्रताडऩा व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप लगाए गए हैं। युवक हर्ष गांव में परिवार के साथ रहता था। रविवार को परिजन अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे और हर्ष घर में अकेला था। इसी दौरान उसने पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। पड़ोसियों ने उसे लटका देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतरवाकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**सुसाइड नोट में मां से मांगी माफी, पत्नी पर गंभीर आरोपः** सुसाइड नोट में हर्ष ने लिखा है कि उसकी पत्नी दूसरे युवक के साथ लिव-इन में रह रही है और उसकी मां उसे प्रताड़ित करती है। साथ ही उसने मां से आत्महत्या के लिए माफी भी मांगी है। मृतक के पिता सुमेर चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हर्ष की शादी करीब चार वर्ष पहले पटियाला निवासी जसप्रीत कौर से हुई थी और उनका 3 वर्षीय बेटा भी है। आरोप है कि रक्षाबंधन पर पत्नी घर से बाहर गई और फिर वापस नहीं लौटी। बाद में फोन कर हर्ष को तलाक लेने की बात कही तथा संपत्ति हड़पने की धमकी दी। पिता के अनुसार पत्नी की मां और एक युवक भी इस पूरे मामले में उसकी पत्नी का साथ दे रहे थे, जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर हर्ष ने आत्महत्या की। शकायत के आधार पर पुलिस ने पत्नी, सास और एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारीः** सिटी थाना प्रभारी रणदीप सिंह ने बताया कि शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गुरुग्राम में 27वें हरियाणा खेल उत्सव का आगाज, नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ

# हरियाणा की युवा ऊर्जा, खेल ढांचा और खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं, सब मिलकर रच रही नया इतिहास: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की युवा ऊर्जा, हमारा खेल ढांचा और खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं, सब मिलकर आज एक नया इतिहास रच रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज दुनिया भारत को एक उभरती खेल शक्ति के रूप में देख रही है, जिसमें हरियाणा की निर्णायक भूमिका है। मुख्यमंत्री आज रविवार की शाम गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में 27वें हरियाणा राज्य खेल उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।



शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती पी.टी. ऊषा तथा हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जसविंदर मीनू बेनीवाल, हरियाणा के पद्मश्री, अर्जुन अवॉर्डी तथा भीम अवार्डी खिलाड़ी मौजूद रहें।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर हरियाणा राज्य खेल उत्सव का शुभारंभ करने उपरांत आयोजन में उपस्थित प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिट्टी से मेडल तक थीम के साथ आयोजित हो रहा 27वां हरियाणा राज्य खेल उत्सव एक संकल्प है कि हम हर गांव, हर शहर, हर खेल मैदान से प्रतिभाओं को खोजेंगे, उन्हें तराशेंगे और उन्हें विश्व मंच तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा स्टेट गेम्स केवल प्रतियोगिता नहीं है, यह खिलाड़ियों के कौशल, साहस और संकल्प की परीक्षा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले वर्ष 2028, 2032 और 2036 के ओलंपिक खेलों में पदक लेने वाले खिलाड़ी आप में से ही होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में हरियाणा में 1 हजार 489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। जिनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को दो हजार रुपये प्रति माह दिए जा रहे हैं। वहीं खेल नर्सरी प्रशिक्षकों को 25 हजार रुपये तक मानदेय भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को सम्मान करते हुए पिछले 11 वर्षों में हरियाणा सरकार ने खिलाड़ियों को 641 करोड़ रुपए के नगद पुरस्कार दिए हैं। हरियाणा सरकार ने हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना बनाई है। इसके तहत 15 हजार 634 खिलाड़ियों को उपकरण प्रदान किए गए हैं।

शुभारंभ समारोह में भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मबीर सिंह, एशियन कैनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा, पटौदी की विधायक बिमला चौधरी, खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा, नलवा के विधायक रणधीर सिंह पणिहार, पूर्व मंत्री संजय सिंह, हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह, बीजेपी के जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वहीं जिला प्रशासन की ओर से डीसी अजय कुमार व नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### शुभंकर 'महाबली चीता' तथा थीम सॉन्ग किया गया लॉन्च

इस बार के राज्य खेल उत्सव का शुभंकर 'महाबली चीता' रखा गया है, जो हरियाणा के खिलाड़ियों की तेज रफ्तार, साहस और जीत की भावना का प्रतीक है। वहीं, आयोजन का थीम सॉन्ग 'माटी ते मेडल उपजें छोरे छोरी हरियाणा के' पूरे राज्य में जोश और गर्व का संचार कर रहा है। इस गीत के माध्यम से हरियाणा की मिट्टी से जुड़े खिलाड़ियों की मेहनत और जज़्बे को सलाम किया गया है। उत्सव में हरियाणा प्रदेश की गौरवशाली खेल यात्रा पर एवी क्लिप पर प्रदर्शित की गई।

### 8 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा समापन

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में यह खेल उत्सव 8 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न होगा। मिट्टी से मेडल तक थीम पर आधारित इस सात दिवसीय उत्सव में हरियाणा के नौ जिलों सहित चंडीगढ़ तथा नई दिल्ली में 24 विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी जिनमें राज्य भर के 6 हजार से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### इन जिलों में होंगी खेल प्रतियोगिताएं

गुरुग्राम में हॉकी, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, फरीदाबाद में आर्चरी, वेटलिफ्टिंग, फेंसिंग, टेनिस, सोनीपत में नेटबॉल, कुश्ती, कराटे, जूडो, कुरुक्षेत्र में योगासन, साइक्लिंग (रोड और ट्रैक इवेंट्स), पंचकूला में कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, झज्जर में ट्रायथलॉन वॉटरपोलो (तैराकी, साइकिलिंग, दौड़), रोहतक में बॉक्सिंग, करनाल में फुटबॉल, नई दिल्ली में शूटिंग तथा चंडीगढ़ में नौकायन (जलक्रीड़ा)।

### हरियाणा की मिट्टी में हौसला, साहस और दृढ़ निश्चय की ऊर्जा, देश को दिए विश्व स्तरीय खिलाड़ी: पी.टी ऊषा

उत्सव में विशिष्ट अतिथि तथा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती पी.टी. ऊषा ने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में हौसला, साहस और दृढ़ निश्चय की ऐसी ऊर्जा है जिसने हमेशा देश को विश्व स्तरीय खिलाड़ी दिए हैं। राज्य सरकार और हरियाणा ओलंपिक संघ के बीच आपसी सहयोग से खेलों का यह पुनर्जागरण संभव हुआ है। खेल मैदानों से लेकर एथलेटिक ट्रैक और शूटिंग रेंज तक, हर जगह हरियाणा प्रदेश की खेल नीतियों और सुविधाओं का प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में यह सहयोग आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और हरियाणा खेल जगत में नई ऊंचाइयां छुएगा।

### मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में एक दशक बाद युवा शक्ति को दिखी खेलों की दिवाली: कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंदर मीनू बेनीवाल ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने स्टेट गेम्स के थीम मिट्टी से मेडल का जिक्र करते हुए कि आज के आयोजन की प्रेरणा के स्रोत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी है। हरियाणा में एक दशक से भी अधिक समय के बाद युवा शक्ति को खेलों की यह दिवाली मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि स्टेट गेम्स के प्रतिभागी बच्चे आने वाले समय में ओलंपिक खेलों में राष्ट्रगान बजवाएंगे। जिससे हरियाणा और भारत का नाम दुनिया में ऊंचा होगा। भारत में हरियाणा पहला प्रदेश जिसमें पहली बार इतने भव्य रूप में स्टेट गेम्स आयोजित हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए है। मेरिट पर भर्ती और अच्छी खेल नीति की वजह से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिल गया रहा है। उन्होंने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पी टी ऊषा को अपनी बड़ी बहन बताते हुए कहा कि खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए उनका सदैव मार्गदर्शन मिलता है।

# राज्य में 9 महीनों से नहीं हुआ एसईआईएए अथॉरिटी का पुनर्गठन, पोर्टल भी बंद, कई परियोजनाएं रुकी

खनन कार्य, नदी घाटी परियोजनाएं, थर्मल पावर प्लांट, तेल एवं गैस निकासी परमाणु जैसी कई परियोजनाओं में सिया अथॉरिटी की मंजूरी जरूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** स्टेट एनवायरनमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी, एसईआईएए ( राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण) का पिछले नौ महीनों से पुनर्गठन नहीं होने से प्रदेश में विभिन्न परियोजनाएं लटक गई हैं। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रशासनिक अधीन इस प्राधिकरण से चेयरमैन आईएएस पीके दास के सेवानिवृत होने के बाद से यह पद रिक्त पड़ा है और न ही प्राधिकरण का पोर्टल खोला गया है। इसी पोर्टल के माध्यम से आवेदनों पर परियोजना का काम शुरू हो पाता था, जो काफी देर से लंबित पड़े रहे। विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो फरवरी 2025 के बाद प्राधिकरण अस्तित्व में नहीं है। जिस कारण राज्य की अनेक औद्योगिक इकाइयों व निर्माण संबंधी परियोजनाएं बाधित होती चली गई। गौरतलब है कि भारत के जलवायु एवं वन मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2006 में जारी नोटिफिकेशन व एनवायरनमेंट रूल्स 1986 के अनुसार सब सेक्शन 3 के अनुभाग सेक्शन के मुताबिक प्रत्येक राज्य में पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण का होना अनिवार्य है, तभी प्रशासनिक अनुभव वाले अधिकारी, व्यक्ति, जो पर्यावरण में अपना विशेष अनुभव रखते हो चेयरमैन व एक सदस्य तथा निदेशक पर्यावरण विभाग बतौर पदेन सदस्य सचिव होते हैं। इसी साल आईएएस पीके दास ने 22 फरवरी को अपना कार्यभार पूरा हो गया था। इस संबंध में ताजा जानकारी जानने के लिए राज्य पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल से संपर्क नहीं हो सका।



### 26 योजनाओं के आवेदन लंबित

प्राधिकरण के अस्तित्व में नहीं होने की वजह से प्रदेश में 26 परियोजनाएं प्रभावित हुई। यहां तक की पोर्टल भी शुरू नहीं हुआ, जिससे पता चल सके कि गत 9 माह में कई सैकड़ों आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गए होंगे। प्राधिकरण का पुनर्गठन नहीं होने से परियोजनाएं बाधित होती गई। एसईआईएए के पुनर्गठन होने तक इस संख्या में इजाफा हो सकता है।

### इसलिए जरूरी है प्राधिकरण

राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण खनन कार्य, नदी घाटी परियोजनाएं, थर्मल पावर प्लांट, तेल एवं गैस निकासी परमाणु परियोजनाएं, खनन वॉशिंग प्लांट, रासायनिक उद्योग, सीमेंट प्लांट, चमड़ा उद्योग, पेस्टिसाइड एवं फर्टिलाइजर प्लांट, पैट्रो केमिकल, डिस्टलरीज, पेंट उद्योग, चीनी मिल्स, एयरपोर्ट, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, कॉम्प्लेक्स, पार्क, ईपीजेड, व एसईजेड का स्थापित करना, राष्ट्रीय राजमार्ग, नगर निगमों व पालिकाओं से संबंधित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, 20 हजार वर्ग फीट से अधिक का भवन निर्माण परियोजनाओं के बारे में पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करते हुए आवश्यक प्रबंध एवं निर्देश के साथ आवश्यक अनुमति प्रदान की जाती है।

# गमाडा के दो दिवसीय कैंप के दौरान 1000 से अधिक लंबित मामलों का निपटारा: हरदीप सिंह मुंडियां

आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री द्वारा सेवाओं में अनावश्यक देरी से बचने के लिए गमाडा के कार्यों की निरंतर समीक्षा की हिदायत

नागरिकों को पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदान की जा रही हैं सेवाएं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** पंजाब के आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि विभिन्न शाखाओं में आम जनता और अन्य हितधारकों के लंबित कार्यों के निपटारे के लिए ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) द्वारा लगाए गए कैंप के दूसरे और अंतिम दिन केसों का समाधान आवेदकों की संतुष्टि के अनुसार किया गया।

कैंप के दूसरे दिन की कार्रवाई का विवरण साझा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि कैंप में एस्टेट ऑफिस, लेखा शाखा, प्लानिंग विंग आदि में लंबित पड़े आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए 1000 से अधिक केसों का निपटारा किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आवास निर्माण और शहरी विकास विभाग आम जनता और अन्य साझेदारों को पूरी पारदर्शिता के साथ विभिन्न सेवाएं प्रदान कर रहा है।



कैंप में पहुंचे आवेदकों, जिनके केस मौके पर ही हल किए गए, ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि छुट्टी वाले दिनों (शनिवार और रविवार) को कैंप आयोजित करने का पंजाब सरकार का यह प्रयास सराहनीय है, क्योंकि कार्य दिवसों में निजी व्यस्तताओं के कारण वे अक्सर अपने कार्यों के लिए गमाडा कार्यालय नहीं आ पाते।

गमाडा की मुख्य प्रशासक श्रीमती साक्षी साहनी ने बताया कि प्रमुख सचिव श्री विकास गर्ग के निर्देशों अनुसार लंबित केसों को समाप्त करने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय कैंप लगाया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में आवश्यकता अनुसार ऐसे और कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप को सफल बनाने के लिए गमाडा की पूरी टीम का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि गमाडा लोगों को निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है।

उन्होंने बताया कि आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां के निर्देशों के अनुसार अब विभिन्न शाखाओं के कार्यों की निरंतर समीक्षा की जाएगी ताकि सेवाओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो।

कैंप के दौरान श्री अमरिंदर सिंह मल्ही, अतिरिक्त मुख्य प्रशासक, श्री हरदीप सिंह, एस्टेट अफसर (हाउसिंग)-कम-भूमि प्राप्ति कलेक्टर, श्री रविंदर सिंह, एस्टेट अफसर (प्लॉट) के अलावा प्लानिंग, मिल्ख कार्यालय, अकाउंट ऑफिस, लाइसेंसिंग शाखा और इंजीनियरिंग विंग के सभी अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभागों से संबंधित केसों का मौके पर निपटारा किया।

# नशे पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार चला रही सर्च अभियान: डीएसपी

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप

**लाडवा, 2 नवंबर।** बढ़ते नशे पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार सर्च अभियान चला रही है। गत शनिवार देर सायं को डी.एस.पी. रणधीर ड्क्षसह के दिशा-निर्देशों पर एंटी नारकोटिक्स सेल, लाडवा पुलिस, अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीमों ने डाग स्क्वायड के साथ कस्बा लाडवा के विभिन्न क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने वार्ड-10, वार्ड-5, हिनौरी रोड पर विभिन्न संदिग्ध स्थानों की जांच की। पुलिस टीम ने नशे में संलिप्त आरोपियों के बारे में जानकारी ली तथा मकानों, वाहनों की जांच की। पुलिस टीमों ने नशे की तस्करी को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया। यह अभियान देर रात्रि तक चलता रहा, जिससे नशा बेचने वालों में हड?प मच गया। इस अभियान के दौरान एक आरोपी से 11 ग्राम हैरोईन भी बरामद कर आरोपी को गिरफतार किया गया।

प्रेस को जारी ब्यान में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि लाडवा थानाध्यक्ष जानपाल ड्क्षसह ने बताया कि शनिवार को सर्च अभियान के तहत एक आरोपी राजीव निवासी वार्ड-10 से 11 ग्राम हैरोईन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ लाडवा पुलिस थाना में मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं आरोपी नीरज निवासी रविदास कालोनी तथा मुकरब निवासी बपदा कालोनी लाडवा के पहले भी एन.डी.पी.एस. एक्ट के मामले दर्ज हैं दोनों आरोपियों को 172 बी.एन.एस.एस. के तहत पाबंद किया गया। आरोपी सतीश कुमार उर्फ गुल्लू निवासी विकास नगर तथा सोहेल निवासी संपदा कालोनी लाडवा के खिलाफ अदालत द्वारा पहले से ही गिरफ्तारी वारंट जारी किए हुए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया है।

सर्च अभियान के दौरान एंटी नारकोटिक्स सैल के इंचार्ज सतविंद्र ड्क्षसह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के दिशा-निर्देश एवं डी.एस.पी.रणधीर सिंह के मार्गदर्शन में नशे की तस्करी, सुरक्षा के मद्देनजर और अपराधिक तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को काबू करने के लिए यह सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई। सर्च अभियान के दौरान उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि अगर कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें, पुलिस तुरंत एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत संबंधित थाना या डायल 112 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# सिल्वर सिटी ग्रीन्स सोसाइटी निवासियों ने अपनी मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन

## आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पर लगाए पैसे के दुरुपयोग के आरोप,अध्यक्ष ने सारे आरोपों को सिरे से किया खारिज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 2 नवंबर।** रविवार को सिल्वर सिटी ग्रीन्स, ज़ीरकपुर के निवासियों ने पंजाब अपार्टमेंट एवं संपत्ति विनियमन अधिनियम के तहत अस्थायी पाँच-सदस्यीय समिति और नवगठित चुनाव समिति के कामकाज के खिलाफ अपनी सोसाइटी परिसर में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। निवासियों ने न्याय, पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही की माँग करते हुए अपनी बालकनियों से बैनर और नारे लगाए, और बताया कि समिति की नियुक्ति के मात्र 12 दिनों के भीतर 10 से ज़्यादा उल्लंघन हुए हैं।

**निवासियों द्वारा उठाई गई प्रमुख चिंताओं में शामिल हैं:** दो समानांतर आरडब्ल्यूए चलाना - पुरानी अवैध संस्था (एसडीएम द्वारा घोषित) और वर्तमान अस्थायी समिति।



शक्तियों का दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताएँ, जिनमें 1860 के अधिनियम के तहत बनी आरडब्ल्यूए के उसी बैंक खाते में लगातार धन संग्रह शामिल है।

कई वर्षों से ऑडिट रिपोर्ट का अभाव और खातों का खुलासा न करना। पापरा मानदंडों का उल्लंघन, जिसमें अनियमित सदस्यता अभियान, पार्दर्शी चुनाव प्रक्रियाएँ और चुनिंदा संचार शामिल हैं।

जवाबदेही या वित्तीय पार्दर्शिता की माँग करने वाले निवासियों पर उत्पीड़न और दबाव।

**निवासियों ने माँग की कि:** सोसायटी के संचालन की निगरानी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एसडीएम द्वारा तुरंत एक प्रशासक नियुक्त किया जाए। सभी पिछले खातों का स्वतंत्र वित्तीय ऑडिट करने का आदेश दिया जाए। अस्थायी और चुनाव समितियों को भंग करके प्रत्यक्ष प्रशासनिक पर्यवेक्षण में पुनर्गठित किया जाए।

प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें निवासियों ने वैध शासन और पपरा के अनुपालन में अपना विश्वास दोहराया और सत्ता के दुरुपयोग की निंदा की।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे कुछ निवासियों ने कहा, न्याय में देरी न्याय से वंचित करने के समान है - निवासी पारदर्शिता चाहते हैं, हेरफेर नहीं। सीएम पंजाब के माध्यम से एक आरटीआई के जवाब में, ज़ीरकपुर नगर निगम ने पुष्टि की है कि सिल्वर सिटी ग्रीन प्रोजेक्ट के लिए कोई पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है, फिर पूर्णता, अधिभोग, अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र के अभाव में इसे पपरा के तहत कैसे पंजीकृत किया गया है।

### क्या कहना है आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डीएस शाही का:

बकायादारों का एक समूह आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों पर अपना बकाया माफ करवाने के लिए दबाव बनाने के लिए आरोप-प्रत्यारोप में लगा हुआ है। जब उनसे बकाया राशि मांगी गई, तो उन्होंने मीडिया का सहारा लेकर झूठे आरोप लगाए। 1)बकायादारों की सूची इस प्रकार है। 2)उनमें से 6 पर आपराधिक मानहानि के साथ-साथ दीवानी मानहानि का मुकदमा भी चल रहा है। 3)बबीता दुग्गल, मनदीप सिंह, सोनू, अनुज पाठक ने बिजली बैकअप मीटर के ताले तोड़ दिए और अवैध रूप से बिजली आपूर्ति जोड़ दी। 4)खातों को फ्रीज करने और सोसायटी के कामकाज को रोकने के लिए उन्होंने डेराबस्सी की सिविल कोर्ट में मामला दायर किया, जिसे 27/08/2025 को खारिज कर दिया गया। 5) इसके साथ ही, डिफॉल्टरों के इस समूह ने सोसायटी के कामकाज के संबंध में एसएसपी मोहाली को शिकायत की, डीएसपी द्वारा शिकायतों की जाँच की गई और आरडब्ल्यूए द्वारा दी गई दलीलें सही पाई गईं और शिकायतों को बंद कर दिया गया। 6) एमसी जीरकपुर द्वारा पत्र संख्या 656 के तहत जारी किया गया पूर्णता प्रमाण पत्र रिकॉर्ड में है, जिसे ईओ एमसी द्वारा 8/10/2025 को पुनः सत्यापित किया गया और उसके बाद एसडीएम डेराबस्सी ने 16/10/2025 को पंजाब अपार्टमेंट स्वामित्व अधिनियम के तहत हमारी सोसायटी को पंजीकृत किया। 7) बबीता दुग्गल, मनदीप सिंह, सोनू द्वारा की गई चूकों और उल्लंघनों के लिए विभिन्न डीडीआर लंबित हैं और पुलिस स्टेशन जीरकपुर में जाँच चल रही है। डिफॉल्टरों को छोड़कर, अन्य सभी निवासी आरडब्ल्यूए के कामकाज से संतुष्ट हैं। आरडब्ल्यूए लगातार काम कर रही है और सभी लंबित मुद्दों के लिए संबंधित एमसी अधिकारियों के साथ संपर्क में है, जिसके लिए एसडीएम ने कार्यकारी अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से सोसायटी का दौरा करने और स्पीकिंग ऑर्डर नंबर 563/एमसी दिनांक 27/08/25 में मुद्दे को हल करने के लिए 'स्पीकिंग ऑर्डर' पारित किए हैं।

## प्रदेश कांग्रेस अनुशासन कमेटी की पहली बैठक में बड़ा फैसला

# अनुशासनहीनता पर सख्त हुई कांग्रेस, पांच जोन में बांटा हरियाणा

सभी जोन में बैठक कर नेताओं को पढ़ाएंगे अनुशासन का पाठ

कमेटी गठन के बाद आई शिकायतों पर होगी कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** लंबे समय तक अनुशासनहीनता को झेलने वाली कांग्रेस अब अनुशासन को ही मुख्य मुद्दा बनाएगी। रविवार को प्रदेश कांग्रेस अनुशासनात्मक कार्रवाई कमेटी की पहली बैठक चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई। कमेटी के चेयरमैन धर्मपाल सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई इस अहम बैठक में जगाधरी विधायक अकरम खान, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी और सदस्य सचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित जैन शामिल रहे।




बैठक में स्पष्ट कहा कि अब कांग्रेस में कोई भी नेता या कार्यकर्ता अपनी सीमा नहीं लांघेगा। कमेटी ने पहली ही बैठक में संगठनात्मक अनुशासन को लेकर प्रदेश को पांच जोनों में बांटने का निर्णय लिया। हर जोन में अनुशासन और आचार संहिता पर जागरूकता बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

एक नंबर जोन में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र व कैथल, दो नंबर जोन में करनाल, पानीपत, सोनीपत व जींद, तीन नंबर जोन में गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह व पलवल, चार नंबर जोन में रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, भिवानी व चरखी दादरी तथा पांच नंबर जोन में फतेहाबाद, हिसार व सिरसा जिलों को शामिल किया गया है।

कमेटी के सदस्य सचिव रोहित जैन ने बताया कि आने वाले दिनों में जोन-वाइज बैठकें आयोजित होंगी, जिनमें जिलास्तरीय पदाधिकारियों, प्रमुख नेताओं और ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ताओं को बुलाया जाएगा। इन बैठकों में उन्हें अनुशासन की आचार संहिता 'कायदे से पढ़ाई और समझाई' जाएगी।


चेयरमैन धर्मपाल मलिक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी का संविधान और नियम सबसे ऊपर हैं। नेता चाहे कितना ही बड़ा क्यों न हो, अगर उसने नियम तोड़े तो कार्रवाई तय है। उन्होंने यह भी बताया कि कमेटी का गठन 28 अक्तूबर को हुआ है, इसलिए अब 28 अक्तूबर के बाद सामने आने वाले अनुशासनहीनता के मामलों पर ही कार्रवाई की जाएगी। पुराने मामलों में कमेटी दखल नहीं देगी।

कमेटी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों का संबंध प्रदेश संगठन के अधिकार क्षेत्र से है, उन पर सुनवाई के बाद तुरंत निर्णय लिया जाएगा। वहीं, सांसदों, एआईसीसी सदस्यों या राष्ट्रीय पदाधिकारियों से जुड़े मामलों में रिपोर्ट हाईकमान को भेजी जाएगी। धर्मपाल सिंह मलिक ने विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के कारणों पर माना कि गुटबाजी, बयानबाजी और अनुशासनहीनता की वजह से कांग्रेस को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस को वोट देना चाहती थी,लेकिन हमारे अपने नेताओं की खींचतान और आपसी टकराव ने जनसमर्थन को नुकसान पहुंचाया है।

# पीयू में सीनेट-सिंडिकेट के पुनर्गठन पर गरमाई पंजाब-चंडीगढ़ की राजनीति

भाजपा ने केंद्र के फैसले का किया स्वागत, शिअद-आप और कांग्रेस ने बताया तुगलकी फरमान

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा





**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** पंजाब विश्वविद्यालय के संचालन निकायों-सीनेट और सिंडिकेट-के 'पुनर्गठन' को लेकर केंद्र द्वारा बीती 28 अक्टूबर को जारी की गई नोटिफिकेशन के बाद चंडीगढ़ और पंजाब की राजनीति में हलचल मची हुई है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की ओर से केंद्र के इस फैसले को जहां स्टूडेंट्स के कल्याण के रूप में देखा जा रहा है वहीं कांग्रेस, आप और शिरोमणि अकाली दल राजनीतिक पार्टियों ने सरकार के इस फैसले को गलत और केंद्र सरकार का तुगलकी फरमान बताया है। नेताओं इस नोटिफिकेशन के बाद केंद्र की भाजपा सरकार को हाशिये पर लेना शुरू कर दिया है और पीयू को इस फैसले से स्वतंत्र करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। पार्टियों के नेताओं का कहना है कि पंजाब राज्य का पीयू पर से हक समाप्त करने की मंशा और संघ का चेहरा इस नोटिफिकेशन सामने आ गया है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने 28 अक्टूबर को अधिसूचना जारी कर पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और सिंडिकेट का पुनर्गठन कर केंद्र-शासित प्रदेश के नौकरशाहों को विश्वविद्यालय सीनेट में मनोनीत किए जाएंगे। पंजाब विश्वविद्यालय अधिनियम, 1947 में संशोधन कर ऐसा किया गया है। यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। अब निर्वाचित सदस्यों की जगह केंद्र से मनोनीत सदस्यों को रख जाएगा।

चंडीगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता डा. धरिंद्र तायल ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और सिंडिकेट का पुनर्गठन एक लंबे समय से प्रतीक्षित और प्रगतिशील सुधार है। यह कहना है का, जिन्होंने उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के मामलों में राजनीति को कम करके और अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप है। पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और सिंडिकेट का पुनर्गठन एक लंबे समय से प्रतीक्षित और प्रगतिशील सुधार है। यह परिवर्तन उचित परामर्श के बाद किया गया है और विश्वविद्यालय के भविष्य के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण को दर्शाता है। चंडीगढ़ के भाजपा नेता डा. धरिंद्र तायल ने कहा कि एक पूर्व सीनेटर के रूप में, मैं इस कदम का स्वागत करता हूं, क्योंकि यह शासन को मजबूत करने और राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पंजाब विश्वविद्यालय के कद को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### शिअद ने बताया केंद्र की रबड़ स्टैंप



शिअद नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने दावा किया कि इस कदम से पंजाब विश्वविद्यालय के सिंडिकेट और सीनेट केंद्र सरकार के 'रबर स्टैंप' बन जाएंगे, क्योंकि सिंडिकेट के चुनाव समाप्त हो जाएंगे और इसे पूरी तरह से मनोनीत सदन बना दिया जाएगा। शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि यह पंजाबियों के शैक्षणिक और बौद्धिक जीवन के सबसे मजबूत प्रतीक पंजाब विश्वविद्यालय के सिंडिकेट और सीनेट को भंग करने के केंद्र के फैसले की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''मैं केंद्र-शासित प्रदेश के नौकरशाहों को विश्वविद्यालय सीनेट में मनोनीत किए जाने से स्तब्ध हूं। मौजूदा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र को अचानक समाप्त करके उसकी जगह तानाशाही नौकरशाही नियंत्रण स्थापित करने की भी कड़ी निंदा करता हूं।''

### संघवाद और क्षेत्रीय पहचान पर हमला'



आप' के वरिष्ठ नेता और पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के 'पंजाब विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन करने के कदम को संघवाद और क्षेत्रीय पहचान पर हमला' बताया। चीमा ने आरोप लगाया, ''राज्य की भूमिका में कटौती करके, निर्वाचित सदस्यों की जगह केंद्र से मनोनीत सदस्यों को रखकर और अधिकार का हस्तांतरण करके अद्वितीय राज्य-केंद्र संयुक्त चरित्र को कमजोर करना सत्ता हथियाने का बेशर्म प्रयास है, जिससे स्वायत्तता पंगु हो रही है।''

### पंजाब के गौरव, लोकतंत्र और प्रतिभा पर खुला हमला



'आप' नेता और पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने भी केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, ''यह पंजाब के गौरव, लोकतंत्र और प्रतिभा पर खुला हमला है। पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और सिंडिकेट को भंग करने का भाजपा नीत केंद्र सरकार का कदम सुधार नहीं, बल्कि राजनीतिक बर्बरता है।''

### पीयू को भगवाकरण करने की तैयारी



चंडीगढ़ कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा कि केंद्र सरकार ने पीयू में सीनेट को भंग करने के पीछे राजनीतिक मंशा से लिया है, जिसका कांग्रेस कांग्रेस पार्टी इस फैसले का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी की सीनेट आर्गेनाइजेशन का हक पंजाब असेंबली का होता है। अब इसका भगवाकरण करने की तैयारी है। इस बात को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो स्टूडेंट्स ग्रेजुएट कर पीयू के वेलफेयर के लिए आते हैं और पीयू का बेहतर प्रतिनिधित्व करते हैं उनकी ताकत को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। एचएस लक्की ने कहा कि वह पीयू के स्टूडेंट इलेक्शन में चुने गए प्रेसिडेंट को सीनेट मेंबर बनाए जाने के पक्ष में हैं। पीयू के संबंध में केंद्र द्वारा लिए गए फैसले को तुरंत वापस लेकर पुराने फैसले को रिस्टोर किया जाए। वरना इस गलत फैसले के बाद आने वाले दिनों में अंदोलन होंगे।

### पंजाब यूनिवर्सिटी से पंजाब और हरियाणा के हित जुड़े



चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम गर्ग ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी से पंजाब और हरियाणा के हित जुड़े हुए हैं, जो इस फैसले से प्रभावित होंगे। ग्रेजुएट कंस्टीच्यूएंसी से इलेक्ट होकर सीनेट में जो सदस्य आते हैं या कोई टीचर फैकल्टी से सीनेट में आते हैं, अब ऐसे अनुभवी सदस्यों को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। सीनेट में केवल राजनीतिक आधार पर सदस्यों का चुनाव होगा, जो स्टूडेंट्स के कल्याण में कभी नहीं होगा। इस लिए यह फैसला गलत लिया गया है। इसलिए सरकार को तुरंत वापस लेना चाहिए।

### व्यवस्था में बदलाव का फैसला पंजाब का



चंडीगढ़ कांग्रेस के महासचिव राजीव शर्मा ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी के एक्ट के मुताबिक व्यवस्था में बदलाव करने का फैसला पंजाब का होता है, क्योंकि पंजाब यूनिवर्सिटी स्टेट यूनिवर्सिटी है। लोगों के नुमाइंदों को हटा कर एक विचार को थोपना बच्चों के भविष्य के लिए खतरा होगा। हम सरकार के इस फैसले का विरोध करते हैं और चंडीगढ़ और सेंटर बॉडी इसका विरोध करेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति ने घर मे फंदा लगाकर की जीवनलीला समाप्त

**चंडीगढ़ (अप्रस/शम्मी)।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत व्यक्ति ने घर में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को फंदे से उतार कर सैक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान सैक्टर 24 निवासी 55 वर्षीय विक्रम के रूप में हुई है ।वही पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है ।जानकारी के अनुसार पता चला कि सैक्टर 24 निवासी विक्रम अपने परिवार सहित रहता था ।और मोहाली स्थित प्राइवेट ड्राइवर की जॉब करता था ।रविवार सुबह परिवार वालों ने देखा कि विक्रम अलग कमरे में फंदा लगा देख घर में हड़कप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस के मुताबिक मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। मामले की जांच जारी है।

# एलांते मॉल में प्रशासन ने बिल्डिंग वॉयलेशन पर चलाया बुलडोजर

प्रशासन ने वॉयलेशन को रिकार्ड पर लिया और हटाने के लिए एसडीएम ईस्ट की ओर से शोकॉज नोटिस जारी किया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** शहर के सबसे बड़े मॉल एलांते में प्रशासन ने बिल्डिंग बायलॉज की वॉयलेशन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 स्थित इस मॉल के परिसर में प्रशासन की ओर से पार्किंग स्पेस पर बनाई गई लैंडस्केपिंग और ग्रीनरी को हटाने के लिए रविवार को बुलडोजर चलाया गया। मॉल परिसर में कई उल्लंघनों को प्रशासन ने अपने रिकॉर्ड पर लिया और इन वॉयलेशनों को हटाने के लिए शनिवार को एसडीएम ईस्ट कार्यालय की ओर से शोकॉज नोटिस जारी किया गया था। इन उल्लंघनों में दाहिने हिस्से में 500 स्क्वायर फीट में अवैध स्टोरेज स्ट्रक्चर, इसके अलावा हयात रेजिडेंसी के पीछे 850 स्क्वायर फीट में लोहे का अस्थायी ढांचा, खुले क्षेत्र में 3 हजार स्क्वायर फीट पर कैफे और टेम्परेरी शेड, वैलेट एंट्री पर 550 स्क्वायर फीट में टेम्परेरी शेड, 1800 स्क्वायर फीट क्षेत्र में अनिता डोंगरे की शॉप और स्टोर, नियमों के विरुद्ध, पार्किंग पी-1, पी-6, पी-9, पी-10, पी-25, पी-32 को ग्रीन एरिया में बदला गया। पार्किंग पी-21 में 3500 स्क्वायर फीट में टेम्परेरी शेड और दीवार निर्माण, बेसमेंट-1 में 2500 स्क्वायर फीट में डे केयर, कैंटीन, वॉशरूम, मेस, दूसरे से तीसरे तल तक जाने वाली हेमले स्लाइड बंद रखी गई, दूसरी बेसमेंट में 300 स्क्वायर फीट में वुडन स्टोरेज बनाई गई। अधिकारियों की माने तो इस तरह के सभी अनधिकृत निर्माणों को जल्द ही पूरी तरह से हटा दिया जाएगा।। इस तरह सार्वजनिक क्षेत्र का मूल स्वरूप बहाल किया जा सके।

### एलांते सिर्फ शोपिंग सेंटर नहीं, हुआ विरोध

प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध शुरू हो गया है। एलांते बचाओ-चंडीगढ़ का गौरव बचाओ को लेकर सीए प्रेम गर्ग ने चंडीगढ़ प्रशासन से एक भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि यह अत्यंत निराशाजनक है कि यू.टी. प्रशासन ने एलांते मॉल पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है — जो चंडीगढ़ का गौरव है और उत्तर भारत के सबसे सुंदर व सुव्यवस्थित वाणिज्यिक स्थलों में से एक है। एलांते मॉल केवल एक शॉपिंग स्थल नहीं है — यह चंडीगढ़ की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। एलांते ने न तो किसी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है, न ही जनता को किसी प्रकार की असुविधा पहुंचाई है।

### आधुनिक पहचान और आर्थिक प्रतिष्ठा को आघात

प्रेम गर्ग की मुताबिक एलांते मॉल अब उत्तर भारत का एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण बन चुका है। इसे क्षति पहुंचाना चंडीगढ़ की आधुनिक पहचान और आर्थिक प्रतिष्ठा दोनों को आघात पहुंचाएगा। उन्होंने प्रशासन से विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और इस सुंदर संपत्ति का कोई भी हिस्सा न तोड़ा जाए। यह चंडीगढ़ की शान है, इसे बचाना हम सबका कर्तव्य है।

### गलत और एकतरफा कार्रवाई

रियल एस्टेट कारोबारी, भाजपा नेता और प्रॉपर्टी कंसलटेंट संगठन के पूर्व एडवाइजर सुभाष शर्मा के मुताबिक यह गलत और एकतरफा कार्रवाई है। प्रशासन ने बिना समुचित जांच और पक्ष सुने कार्रवाई की, जिससे कई वैध संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने तथ्यों की अनदेखी कर जल्दबाजी में कदम उठाया है। जिन हिस्सों पर बुलडोजर चलाया गया, वहां कोई अनधिकृत निर्माण नहीं बल्कि लैंडस्केपिंग द्वारा खूबसूरत बनाया गया था। उन्होंने मांग की कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाए और जिन संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है, उनका सर्वे करवाकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए।

### एलांते बचाओ, चंडीगढ़ का गौरव बचाओ, चंडीगढ़ प्रशासन से एक भावनात्मक अपील: सीए प्रेम गर्ग



**चंडीगढ़ (अप्रस/वीरेन्द्र सिंह)।** एक चिंतित नागरिक की ओर से यह अत्यंत निराशाजनक है कि यू.टी. प्रशासन ने एलांते मॉल पर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है — जो चंडीगढ़ का गौरव है और उत्तर भारत के सबसे सुंदर व सुव्यवस्थित वाणिज्यिक स्थलों में से एक है। जहाँ एक ओर शहर के नागरिक प्रशासनिक अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं, वहीं प्रशासन ने उस एकमात्र स्थान को निशाना बनाया है जो व्यवस्थित, स्वच्छ और पेशेवर ढंग से संचालित होता है। एलांते मॉल केवल एक शॉपिंग स्थल नहीं है — यह चंडीगढ़ की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। यह हर महीने करोड़ों रुपये का जीएसटी राजस्व प्रदान करता है, हज़ारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार देता है, और अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों व विदेशी दूतावासों के दफ्तरों का घर बन चुका है। मॉल ने शहर की सुंदरता और आधुनिक छवि को नई पहचान दी है। यदि जनता की सुविधा या बेहतर प्रबंधन के लिए मॉल प्रबंधन ने अपने ही परिसर के भीतर कुछ छोटे-छोटे परिवर्तन किए हैं, तो इसे 'उल्लंघन' कहना अनुचित है। एलांते ने न तो किसी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है, न ही जनता को किसी प्रकार की असुविधा पहुँचाई है। यदि प्रशासन वास्तव में अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहता है, तो उसे पहले अपने ही नियंत्रण वाले परिसरों से शुरुआत करनी चाहिए — जैसे सुखना झील परिसर में बने अनेक अवैध व्यावसायिक ढांचे और खाने-पीने की दुकानें। चयनात्मक कार्रवाई से जनता का प्रशासन पर विश्वास कमजोर होता है और सुशासन की भावना आहत होती है। एलांते मॉल अब उत्तर भारत का एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण बन चुका है। इसे क्षति पहुँचाना चंडीगढ़ की आधुनिक पहचान और आर्थिक प्रतिष्ठा दोनों को आघात पहुँचाएगा। हम विनम्र अनुरोध करते हैं कि इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए और इस सुंदर संपत्ति का कोई भी हिस्सा न तोड़ा जाए। यह चंडीगढ़ की शान है, इसे बचाना हम सबका कर्तव्य है।

# आने वाले दशक युवाओं के हैं: एच राजेश प्रसाद

मुख्य सचिव ने पंजाब विश्वविद्यालय में 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का किया उद्घाटन

कहा माई भारत पहल के तहत गृह मंत्रालय और पंजाब विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग के सहयोग से किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 नवम्बर।** पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आज 17वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो एकता, संस्कृति और युवा सशक्तिकरण के एक सप्ताह तक चलने वाले उत्सव का प्रतीक है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव, आईएएस, एच. राजेश प्रसाद ने किया। भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय की माई भारत पहल के तहत गृह मंत्रालय और पंजाब विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग के सहयोग से किया है। समारोह में प्रेरणा पुरी, आईएएस, खेल सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन और प्रो. (डॉ.) रेणु विग, कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सौरभ कुमार अरोड़ा, पीसीएस, खेल निदेशक, चंडीगढ़ प्रशासन; परमजीत सिंह, राज्य निदेशक, एमवाई भारत पंजाब और चंडीगढ़; विनय कुमार, जिला युवा अधिकारी, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार; और डॉ. सुखजिंदर ऋषि, निदेशक, युवा कल्याण विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

एच. राजेश प्रसाद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकासशील भारत के लिए एक गतिशील, आत्मविश्वासी और सशक्त युवा पीढ़ी तैयार करने के दृष्टिकोण को मूर्त रूप देता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दशक युवाओं के हैं, जिनका सामूहिक दृढ़ संकल्प और नवाचार राष्ट्रीय और वैश्विक, दोनों मोर्चों पर भारत के विकास को गति प्रदान करेंगे। मुख्य सचिव ने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह के आदान-प्रदान कार्यक्रम ग्रामीण और शहरी अवसरों के बीच की खाई को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और आदिवासी युवाओं को शैक्षिक और सांस्कृतिक अनुभवों से परिचित कराते हैं जो उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को बढ़ाते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि शिक्षा सशक्तिकरण की ओर पहला कदम है। खुद पर विश्वास रखें, अपनी पहचान पर गर्व करें और बदलाव लाने का प्रयास करें।

समावेशी विकास के महत्व पर जोर देते हुए प्रसाद ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर के दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए कहा कि सच्ची राष्ट्रीय प्रगति के लिए समाज के हर वर्ग को एक साथ आगे बढना होगा। उन्होंने युवाओं से वसुधैव कुटुम्बकम- दुनिया एक परिवार है, की भावना को बनाए रखने और एकता, करुणा और साझा विकास को बढ़ावा देने का आग्रह किया। इस वर्ष, इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा के 200 आदिवासी युवाओं के साथ-साथ सीआरपीएफ, आईटीबीपी और बीएसएफ के 20 अधिकारी भी शामिल हुए हैं। सप्ताह भर, प्रतिभागी नशा मुक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत ञ्च2047 जैसे विषयों पर कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शैक्षिक दौरों में भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को चंडीगढ़ के शैक्षिक और तकनीकी वातावरण से परिचित कराकर राष्ट्रीय एकता, नेतृत्व कौशल और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देना है।

# सेक्टर 45 की बदलेगी नुहार, 1.85 करोड़ से होगा सड़कों का कायाकल्प

एरिया पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने शुरू करवाया कार्य

प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय तरुण सुनेजा के पिता श्री हंस राज सुनेजा ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 34 के अधीन पड़ने वाले सेक्टर 45 सी की वी-4 और 45 ए की वी-5 सड़क अब जल्द ही नए रूप में नज़र आएगी। आज एकादशी के शुभ अवसर पर एरिया पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी द्वारा इन सड़को की री-कार्पेटिंग को लेकर इस विकास कार्य की शुरुआत प्रसिद्ध समाजसेवी रहे स्वर्गीय तरुण सुनेजा के पिता श्री हंस राज सुनेजा के हाथो करवाई गई। पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने बताया कि लगभग 1.85 करोड़ रुपये की लागत से इन सड़कों का निर्माण दुबारा सिरे से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले सड़कों की केवल रिपेयरिंग या री-कार्पेटिंग ही की जाती थी और री-कार्पेटिंग के ऊपर दुबारा री-कार्पेटिंग कर देने से सड़कें फुटपाथों के लगभग बराबर ऊंची हो गई थीं और बरसाती पानी की निकासी में दिक्कतें आती थीं। सड़कों पर पानी का जलभराव होने से कई बार बरसाती पानी लोगों के घरों तक पहुंच जाता था। उन्होंने कहा कि अब री-कार्पेटिंग की पुरानी परतों को पूरी तरह हटाकर सड़कों को दोहरी परत 20 रूरू व 40 द्वद्व से तैयार किया जाएगा, जिससे सड़कें न केवल मजबूत और टिकाऊ बनेंगी बल्कि जलभराव की समस्या से भी स्थायी राहत मिलेगी। गाबी ने बताया कि सड़कों के निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों और निर्धारित गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। यदि सड़क निर्माण के दौरान आवश्यक तापमान नहीं रहेगा तो काम को बीच में रोका जाएगा और उचित तापमान होने पर ही कार्य दोबारा शुरू किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि तापमान में गिरावट की स्थिति में काम रुक सकता है, ऐसे में थोड़ी असुविधा के लिए सभी से धैर्य और सहयोग की अपेक्षा है। उधर सड़कों के निर्माण कार्य की शुरुआत से क्षेत्र के निवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने अपने पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी का धन्यवाद करते हुए कहा कि जब से वे वार्ड के पार्षद बने हैं, इलाके में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और वार्ड का कायाकल्प जारी है। इस मौके पर नगर निगम के रोड विंग के एसडीओ योगेश कुमार के अजीत सहित वार्डवासी अनीता शर्मा, नितिन राय चौहान, बलदेव कौर, सचप्रीत कौर, निर्मल कौर, गीता राय, करनैल सिंह, रमन शर्मा, सुरेश कैले, मनमोहन सिंह, अविनाश धवन, मोहन शर्मा, कपिल कुमार, संजय गांधी, शादान खान हर्ष कुमार, अश्वनी गुप्ता, राजिंदर भाटिया, जसपाल सग्गू, तरक्की लाल बहल, शिवांशु, पवन, अनिल ओबेरॉय, यशपाल गोयल, जतिन सुनेजा वार्ड के अन्य वरिष्ठ नागरिक, वार्ड की मातृ शक्ति तथा बुद्धिजीवी लोग भी उपस्थित थे।

# नगर कौंसिल जीरकपुर की इंफोर्समेंट टीम शक के घेरे में : न आधिकारिक हिसाब, न सामान को नष्ट करने का वीडियो—आखिर लाखों का जब्त माल गया कहां?

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 2 नवंबर।** जीरकपुर नगर कौंसिल की कब्जा हटाने वाल टीम पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। शहर में बीड़ी-सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने वाले खोकों पर कार्रवाई के नाम पर लाखों रुपये का माल जब्त किया जा रहा है, लेकिन न तो उसका कोई आधिकारिक हिसाब दिया जा रहा है और न ही सामान को नष्ट करने का कोई वीडियो सामने आ रहा है। एनफोर्समेंट इंस्पेक्टरों से जब भी जब्त किए गए समान का उत्तर मांगा जाता है तो वह उच्च अधिकारियों पर बात फेक अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। पिछले 6 महीने में जप्त किए गए सामान का डाटा आज तक सार्वजनिक नहीं दिया गया। जो कि अपने आप में नगर कौंसिल की टीम और अधिकारियों पर सवालिया निशान है। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब्त किया गया यह सारा माल आखिर जा कहां रहा है?

### एस.डी.एम. के आदेश थे-जांच टीम में सभी विभागों के अधिकारी हों

कुछ दिन पहले एसडीएम की ओर से स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे कि बीड़ी-सिगरेट के खोखों की जांच की जाए और जो लोग अवैध रूप से तंबाकू उत्पाद बेच रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इन आदेशों में यह भी साफ लिखा गया था कि कार्रवाई के दौरान टीम में नगर कौंसिल का कार्यकारी अधिकारी , जीरकपुर थाना प्रभारी, सीनियर मेडिकल अफसर, सीनियर आबकारी अधिकारी और जीएसटी अफसर मोहाली—या फिर इन सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। लेकिन मौके पर जो टीमें कार्रवाई कर रही हैं, उनमें केवल नगर कौंसिल की कब्ज़ा हटाने वाली टीम के पांच सदस्य और ढकोली अस्पताल से डॉक्टर और एक व्यक्ति ही शामिल है। इस टीम में न तो कोई पुलिस अधिकारी, न आबकारी विभाग का अधिकारी और न जीएसटी विभाग का प्रतिनिधि मौजूद है। इन विभागों की जिम्मेदारी होती है कि वे जब्त किए गए सामान के बिल और वैधता की जांच करें, ताकि यह पता लग सके कि उत्पाद अवैध रूप से बेचे जा रहे हैं या नहीं। लेकिन मौजूदा टीम बिना किसी जांच के सीधे खोखों से माल जब्त कर रही है।

### फिल्मी अंदाज़ में जब्ती, सोशल मीडिया पर पर्सनल पेज बना डाली जाती है वीडियो

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नगर कौंसिल टीम के कुछ सदस्य फिल्मी अंदाज़ में कार्रवाई करते हुए वीडियो बनाते हैं और उन्हें अपने पर्सनल पेज पर सोशल मीडिया पर डालते हैं। लेकिन जब्त किए गए माल का रिकॉर्ड या नष्ट करने का सबूत कहीं भी पेश नहीं किया जा रहा। अब तक दर्जनों खोखों से लाखों रुपये का सामान जब्त किया जा चुका है, मगर इस माल का कोई आधिकारिक रजिस्टर, रसीद, या रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है।

### जनता पूछ रही-जब्त माल गया कहां?

स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि जब लाखों रुपये का माल जब्त किया गया है, तो उसका रिकार्ड सार्वजनिक होना चाहिए। साथ ही, जब सामान नष्ट किया जाए, तो उसकी प्रक्रिया को वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक किया जाए। जबकि हेल्थ डिपार्टमेंट द्वारा जप्त किए गए माल की वीडियो ग्राफी की जाती और जब सामान को नष्ट किया जाता है उसकी भी बाकायदा वीडियोग्राफी की जाती है जिससे पारदर्शिता बनी रहे। लोगों की मांग है कि पूरे मामले की जांच उच्च स्तर पर करवाई जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि जब्त किया गया माल कहां और कैसे इस्तेमाल या नष्ट किया जा रहा है।

### कार्रवाई में पारदर्शिता की मांग

जब्त किए गए सामान का रजिस्टर तैयार किया जाए, नष्ट करने की वीडियो रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की जाए, टीम में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हों, जनता को रिपोर्ट जारी की जाए।

हमने कोई टीम सामान जब्त करने नहीं भेजी। नगर कौंसिल सिर्फ अवैध खोकों को हटाने का काम कर रही है।

**परविंदर सिंह भट्टी कार्यकारी अधिकारी नगर कौंसिल जीरकपुर**

सम्पादकीय

# पराली फिर बन चुकी संकट, किसान बेखौफ तो सरकारें बेपरवाह

आखिरकार एक बार फिर दिल्ली एनसीआर में पराली राग शुरू हो चुका है। अब तो यह प्रत्येक साल की बात हो चुकी है। साल का आखिर आते ही यह समस्या पूरे उत्तर भारत को परेशान करने लगती है। यह समस्या होती है धान के अवशेष यानी उसकी पराली की। पंजाब-हरियाणा के खेतों में धान की फसल कट कर मंडियों में पहुंचा दी जाती है और किसान अगली फसल की तैयारी में जुट जाते हैं। इससे पहले वे धान की पराली को आग लगा कर उसे खेत में ही नष्ट करने की कोशिश करते हैं, बेशक वे इसमें सफल हो जाते हैं, लेकिन उसके जलने से जो धुआं आसमान में मंडराता है, वह एनसीआर की आबोहवा को दमघोंटू बना देता है। इसके बाद की स्थिति यह होती है कि हर जगह इसकी चर्चा होती है, सरकारों से जवाब मांगा जाता है और वे आपस में ही एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट जोकि पहले ही अनेक बार इस मामले के समाधान के आदेश दे चुका है, फिर सक्रिय हो जाता है और सरकारों से जवाब मांगा जाने लगता है। हर बार पराली जलाने से रोका जाता है, लेकिन फिर भी यह जलती है। इस बार की स्थिति यह है कि बीते 24 घंटे के अंदर हरियाणा में 19 जगह तो पंजाब में 442 जगह पराली को जलाया गया है। पंजाब के लुधियाना शहर का एक्यूआई रात के समय में 672 तक पहुंच गया, कमोबेश ऐसी ही स्थिति हरियाणा की भी है।

**मालूम हो, एनजीटी की खंडपीठ का भी कहना है कि किसानों का पक्ष भी लिया गया है, जिसमें उनका कहना है कि वे खुद पराली जलाना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें इसका विकल्प नजर नहीं आता। यह सच है कि सभी किसान पराली जलाने में शामिल नहीं होते, लेकिन यह भी सच है कि ज्यादातर के पास इसका कोई समुचित उपाय नहीं है कि पराली का प्रबंधन किस प्रकार किया जाए। वे उसे न अपने घर ले जा सकते हैं और न ही उसे बेचने आदि का प्रावधान है, तब उसके निपटान का एकमात्र उपाय यही बचता है कि खेत में उसे आग लगा दी जाए। वास्तव में पर्यावरण संरक्षण केवल मात्र सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, यह हर नागरिक की भी जरूरत है। पराली जलाना एक बहुत बड़ा मुद्दा है। अगर यह मीडिया की सुर्खियों में आता है तो इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। सरकार का तंत्र भी इतनी नजर नहीं रख पाएगा, जितनी ग्राम पंचायतें यह काम कर सकती हैं।**

बीते समय के दौरान हरियाणा में राज्य सरकार की ओर से तमाम प्रयास किए गए हैं और अब किसान भी काफी हद तक सावधान हुए हैं, ऐसे में यहां पराली जलाने के मामलों में काफी कमी आई है। हालांकि पंजाब में यह अब भी जारी है और आंकड़े बता रहे हैं कि राज्य में अब तक 2084 पराली जलाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। दुखद पहलू यह है कि बीते 15 दिनों के अंदर ही 1784 घटनाएं दर्ज हुई हैं, यानी बेखौफ होकर किसानों ने पराली को आग लगा दी और अपने हाथ धो लिए। जब सुप्रीम कोर्ट पराली को लेकर राज्य सरकारों से जवाब मांगता है तो पंजाब का जवाब होता है कि पराली जलाने पर अंकुश लगाया जा रहा है। वहीं यह तर्क भी दिया जाता है कि किसान मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं। हालांकि प्रश्न यही है कि आखिर जानलेवा प्रदूषण की कारक बन रही पराली को नष्ट करने का क्या कोई उपाय नहीं है। धान की खेती पर भी सवाल उठते हैं, हरियाणा में किसानों को धान की खेती की बजाय दूसरी फसलों को उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, हालांकि यह राजनीतिक विवाद का विषय बन जाता है, क्योंकि विपक्ष सरकार पर आरोप लगाता है कि किसानों को धान की खेती से रोका जा रहा है। लेकिन यह जानते हुए भी ऐसा किया जा रहा है कि प्रदेश में जमीनी पानी या तो रहा ही नहीं है, और जहां कहीं है तो उसे सैकड़ों फीट गहराई से खींचना पड़ रहा है और एक बार धान की खेती में उसके उपयोग के बाद वह हमेशा के लिए गायब हो जाता है। एक तरफ जमीनी पानी धान की खेती की वजह से गायब हो रहा है, वहीं इसके अवशेष यानी पराली की वजह से प्रदूषण का संकट कायम हो रहा है।

मालूम हो, एनजीटी की खंडपीठ का भी कहना है कि किसानों का पक्ष भी लिया गया है, जिसमें उनका कहना है कि वे खुद पराली जलाना नहीं चाहते, लेकिन उन्हें इसका विकल्प नजर नहीं आता। यह सच है कि सभी किसान पराली जलाने में शामिल नहीं होते, लेकिन यह भी सच है कि ज्यादातर के पास इसका कोई समुचित उपाय नहीं है कि पराली का प्रबंधन किस प्रकार किया जाए। वे उसे न अपने घर ले जा सकते हैं और न ही उसे बेचने आदि का प्रावधान है, तब उसके निपटान का एकमात्र उपाय यही बचता है कि खेत में उसे आग लगा दी जाए। वास्तव में पर्यावरण संरक्षण केवल मात्र सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, यह हर नागरिक की भी जरूरत है। पराली जलाना एक बहुत बड़ा मुद्दा है। अगर यह मीडिया की सुर्खियों में आता है तो इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। सरकार का तंत्र भी इतनी नजर नहीं रख पाएगा, जितनी ग्राम पंचायतें यह काम कर सकती हैं। सरकारों को इस संबंध में पंचायतों की भूमिका को प्रभावी बनाना होगा, वहीं पराली के समुचित प्रबंधन पर भी काम करना होगा। सरकारों को धान की खेती के विकल्पों पर बखूबी काम करना होगा, इससे जमीन का पानी बचाया जाएगा और पराली से प्रदूषण का संकट भी खत्म होगा।

# महिला वोटरों पर निर्भर है जीत-हार का फैक्टर



बीते कुछ दशकों से बिहार की आधी आबादी पुरुष मतदाताओं के मुकाबले सर्वाधिक मतदान कर रही हैं। अपने बूते जिसे चाहें उसे सत्ता सौंपने का मादा रखती हैं। हालिया, कुछ चुनावी सर्वेक्षण रिपोर्टस् संकेत इस बार भी ऐसे ही दिखा रही हैं। सर्वे बताते हैं कि बिहार चुनाव में महिलाएं लैंगिक सियासत की बदलती गतिशीलता की नई तस्वीर पेश करेंगी। हिंदी पट्टी वाले राज्यों में चुनावी समर में पुरूषों के मुकाबले महिला ज्यादा बढ़चढ कर हिस्सा लेती हैं जिनमें बिहार सबसे अव्वल है। चुनाव चाहे सांसदी के हों या विधानसभा के या फिर पंचायत के, सभी में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत सर्वाधिक रहा है। पूर्व के इन आंकड़ों को देखते हुए जारी बिहार चुनाव में तकरीबन सभी सियासी दल महिला वोटरों पर ही ज्यादा दांव लगा रहे हैं।

इतना तय है कि महिलाएं इस बार चुनावी गच्चा खाने के मूड में हैं नहीं? झूठे वादों में नहीं फंसेगी। पिछले चुनाव में एनडीए के खाते में 40 फीसदी वोट पड़ने वाला समूह शांत दिखाई पड़ता है। चुनावी वायदों को महिलाएं अपने नजरिए से परख रही हैं। बिहार के चुनावी उत्सव में चाहे महिला वोटर हों या विधायक? एकाध दशकों में इनकी भागेदारी सरकारों में भी रही हैं। विधानसभा-2020 में महिला उम्मीदवारों ने रामनगर, धमदाहा, प्राणपुर, कोटा, गौराबौराम, गोपालगंज, राजापाकर, महनार, कटोरिया, मोकामा, मसौडी, संदेश, नोखा, नरकटियागंज, बेतिया, केसरिया, परिहार, बाबूबरही, फुलपरास, त्रिवेणीगंज, शेरघाटी, बाराट्टी, हिसुआ, बारसलीगंज और जमुई में विजयी पताका लहराया था।

महिलाओं के लिए मौजूदा विधानसभा-2025 चुनाव यह निर्धारित करेगा कि जनकल्याण के माध्यम से सशक्तीकरण वास्तिव स्वायत्ता में तब्दील होता है या सिर्फ चुनावी सुविधा ही बनकर रह जाएगा। पिछले आंकड़ों को देखकर भाजपा का पूरा फोकस महिलाओं पर है। तभी, तो उन्होंने चुनाव तारीखों की घोषणा से पूर्व ही 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार' स्कीम के तहत लगभग 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में दस-दस हजार रूपए की नगद धनराशि पहले ही भेज दी हैं। पैसा पाकर महिलाएं खुश जरूर हैं, लेकिन इस बात की गारंटी नहीं की वह 'नोट के बदले वोट' देंगी या नहीं? इस स्कीम पर महिलाओं को संशय इसलिए है कि ये घोषणा नीतीश कुमार ने नहीं, बल्कि दिल्ली से प्रधानमंत्री द्वारा हुई। क्योंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी एक घोषणा उन्हीं के द्वारा की गई थी, जो अभी तक लागू नहीं हुई है। इन सभी तथ्यों की समीक्षाएं महिलाएं इस बार कर रही हैं। महिला वोटरों को रिझाने में कोई भी सियासी दल पीछे नहीं हैं? सभी अपनी-अपनी हैसियत अनुसार वादा कर रहे हैं? जबकि, बिहार में दूसरा सबसे मजबूत दल आरजेडी ने तो प्रत्येक परिवार के एक-एक सदस्य को नौकरी देने की भी घोषणा की है। कुल मिलाकर, बिहार का मौजूदा चुनावी गणित आधी आबादी के ईद-गिर्द ही घूम रहा है।

चुनाव आयोग के मुताबिक बिहार में 100 में 48 फीसदी वोटर आंकड़ा महिलाओं का है। पिछले चुनाव में रिकॉर्ड 40 फीसदी मतदान महिलाओं ने एनडीए के पक्ष में किया था। इतनी वोटिंग इस बार भी जिस दल के पक्ष में होगी, वही बाजी मारेगा। हालांकि पिछले विधानसभा-2020 के चुनाव में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी का ऐलान किया था। तो उस ऐलान को महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया था। वोटरों के अलावा उम्मीदवार के तौर भी दर्जनों महिला इस बार भी मैदान में हैं। 11 विधानसभाओं में 10 पुरुष वोटरों की तुलना में 9 महिला मतदाता हैं। 11 विधानसभा क्षेत्रों से ही लिंगानुपात ठीक होने पर महिला विधायक निर्वाचित हुई जिनमें त्रिवेणीगंज, धमदाहा, कोटा, राजापाकर, कटोरिया, संदेश, शेरघाटी, बाराचट्टी, हिसुआ, वारसलिगंज और जमुई विधानसभा शामिल हैं।

विधानसभा चुनाव-2020 में एनडीए के लिए शराबबंदी का वादा तुरुप का पत्ता साबित हुआ था। महिलाओं ने खुलकर जेडीयू का समर्थन किया था। हालांकि वह वादा धरातल पर उतना कारगर साबित नहीं हुआ, जितने की उम्मीद महिलाएं लगाकर बैठी थीं। क्योंकि लोग शराब अब पी रहे हैं। ऐसा भी नहीं हुआ कि शराबबंदी के बाद बिहार में शराब का कहीं कोई टोटा दिखा हो। जितनी चाहो उतनी शराब तस्कर शराब मुहैया करवा देते हैं। चोरी छिपे धड़ल्ले से शराब की तस्करी जोरों पर है। शराबबंदी में शराब माफिया चांदी काट रहे हैं। प्रशासनिक मिलीभगत से अवैध शराब का धंदा खूब फलफूल रहा है। इसलिए इस बार महिलाओं का रुझान नीतीश के पक्ष में एकतरफा नहीं दिखाई देता। किधर मूव करेगा, ये भी कहना जल्दबाजी होगा। युवा आबादी तेजस्वी की ओर आर्कर्षित है, ऐसी तस्वीर उनकी रैलियों में भारी मात्रा में उमड़ती भीड़ बताती है।

महिलाएं निर्णायक भूमिका में होंगी, ये बात नीतीश से लेकर प्रधानमंत्री, तेजस्वी यादव भी जानते हैं। गुजरे 20 वर्षों से कुर्सी पर बैठे नीतीश कुमार को बदलकर नया चेहरा लाने को भी महिलाएं आतूर दिखती हैं। नीतीश के पीछे सत्ता विरोधी मुद्दे भी कई हावी हैं। वहीं, महाराष्ट्र की तरह इस चुनाव से भाजपा अपना स्वयं का प्रभुत्व स्थापित करना चाहती है। इस दिशा में उन्होंने जेडीयू और अपने लिए बराबर-बराबर सीट बांटकर पहला कदम बड़ा भी दिया है। इसलिए ये चुनाव नीतीश के 20 वर्ष का सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय प्रदाता छवि से अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा भी कह सकते हैं। पिछले विधानसभा में भाजपा ने 74 सीटें जीती थी। जबकि, जेडीयू मात्र 43 पर सिमट गई थी, बावजूद इसके अनुकूल परिस्थितियों को भांपकर भाजपा ने दूसरे नंबर पर रहने का समझौता किया था। लेकिन इस बार की स्थिति पहले से जुदा है। दोनों दल 101-101 सीटों पर ल? रहे हैं। चुनाव परिणाम में अगर भाजपा की एक भी सीट इस दफे ज्यादा आई, तो उनका मुख्यमंत्री किसी भी सूरत में बनेगा। अगर ऐसा हुआ, तो नीतीश कुमार फिर से पलटने में देर नहीं करेंगे।

## हरियाणा की डायरीः साप्ताहिक कॉलम

### महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद बिहार में भी नायब सैनी का कमाल



लेखकः चंद्रशेखर धरणी
स्वतंत्र पत्रकार

महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ओर से स्टार प्रचारक बनाए गए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का जादू बिहार में भी सर चढ़कर बोल रहा है। वे जहां-जहां भी स्थानीय एनडीए गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने जा रहे हैं। स्थानीय जनता उन्हें खूब प्यार और दुलार दे रही है। हरियाणा की तरह बिहार वासियों को भी उनका ठेठ देसी अंदाज और आमजन से सीधा संवाद करना खूब भा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बिहार वासियों से कहा कि हरियाणा के प्रत्येक जिले में बिहार के लोग हैं बसे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महाराष्ट्र तथा दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार कर चुके हैं।जहां पर दोनों ही जगह बीजेपी की सरकार है ऐसे में बिहार में भी उन्हें चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है।

### वरिष्ठ नागरिक बना हरियाणा

1 नवंबर 1966 को पंजाब से अलग होकर अस्तित्व में आया हरियाणा प्रदेश ने अपना 60 वां जन्मदिन मना रहा है। इस दौरान प्रदेश ने अभूतपूर्व विकास के नए आयाम और ऊंचाइयों को छुआ है। प्रदेश के बेटे बेटियों को डंका विश्व ओलंपिक में खूब बज रहा है जो कि प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। यही नहीं हरियाणा की माटी के लाल जस्टिस सूर्यकांत देश की सर्वोच्च अदालत के मुख्य न्यायाधीश हरियाणा के पहले न्यायाधीश हैं।हरियाणा दिवस के मौके पर लाडो के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने वाली पात्र महिलाओं के खाते मे पहले किस्त डाल दी गई है। इसके अलावा जमीन की रजिस्ट्री पेपरलेस सहित राजस्व विभाग के अन्य कार्य भी ऑनलाइन और सरल कर दिए गए हैं ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो।

### चलेगा अनुशासन का डंडा नए चौधरी एक्शन मोड में

हरियाणा के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा विधानसभा चुनाव के लगभग 1 साल बाद बनाए गए नए अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह एक्शन मूड में नजर आ रहे हैं। जो कि पार्टी गतिविधियों से अलग होकर बयान देने वालों के विरोध भी कड़े तेवर अपनाए हुए हैं। जिसको लेकर उन्हें आला कमान से भी हरी झंडी मिलने के संकेत है। यही नहीं नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को भी काम के नाम पर ही इनाम मिलेगा। इसके अलावा पार्टी द्वारा अनुशासन समिति का भी गठन कर दिया गया है। जो बागी तेवर अपने वालों के प्रति सख्त कार्रवाई करेगी। अब देखने वाली बात होगी कि अपनी अपनी डफली ,अपना अपना राग अलापने वाले नेताओं के प्रति क्या रुख रहेगा। वैसे इस समिति में कई बागियों को भी जगह दी गई है।

### हरियाणा नू भी मिलैगी पेंशन!

हरियाणा की राजनीति हमेशा से ही चर्चा का विषय रही है। अब जब देश में वृद्धा सम्मान भत्ता के रूप में सबसे ज्यादा बुढ़ापा पेंशन देने वाला देश के पहले राज्य हरियाणा का वर्षगांठ हो तो सबके मन में यह सवाल उठ रहा है कि क्या हरियाणा को भी वृद्धा सम्मान भत्ता मिलेगा ? एक नवंबर 1966 को हरियाणा का जन्म होने के बाद अब यह 59 वर्ष का हो गया है। इसी प्रदेश में 60 साल की आयु के होने पर सरकार की ओर से वृद्धा सम्मान भत्ता देकर प्रदेश के बुजुर्ग व्यक्तियों के जीवन में आर्थिक सुधार की पहल की जाती है, जोकि देश में सबसे अधिक है। हालांकि इसकी शुरूआत 1987 में महज 100 रुपए से स्वर्गीय चौधरी देवीलाल ने की थी, लेकिन सत्ता की धुरी बन चुके इस वृद्धा सम्मान भत्ते से अब कोई भी सरकार छुटकार नहीं पा सकती। इसमें सबसे प्रमुख बात यह है कि हरियाणा के इस 59 साल के सफर के दौरान 1987 से लेकर 2014 तक 27 साल के दौरान यह बढ़कर एक हजार रुपए ही हुई थी, लेकिन 2014 में जब से हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, तब से लेकर अब तक के भाजपा के 11 साल के शासन में यह राशि दोगुना से अधिक हो चुकी है। मौजूदा नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने हरियाणा के स्थापना दिवस से बुढ़ापा पेंशन की राशि को 3200 रुपए महीना करने की घोषणा की हुई है। यानि अपने अब तक के 11 साल के कार्यकाल में भाजपा इस पेंशन राशि में 2200 रुपए की बढ़ोतरी कर चुकी है। बता दें कि हरियाणा इस समय देश का पहला ऐसा राज्य है, जो अपने प्रदेश के बुजुर्गों को सम्मान भत्ते के रूप में सबसे अधिक राशि दे रहा है। ऐसे में अब चौपाल पर चर्चा है, जिस मकसद के साथ प्रदेश के लोगों ने पहली बार हरियाणा के राजनीतिक इतिहास को बदला है क्या वह आगे भी जारी रहेगा ? क्या हरियाणा में पेड़ों की देखभाल पर पेंशन देने वाली भाजपा सरकार अगले वर्ष हरियाणा के 60 साल होने पर प्रदेश के पेंशनधारकों को कोई नई सौगात देगी या हरियाणा को भी पेंशन मिलेगी?

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन


### बंद के दौरान तोड़फोड़: खुराना सहित चार सांसद गिरफ्तार

नई दिल्ली। भाजपा के देशव्यापाी बंद के आह्वान के दौरान कुछ जगह तोड़फोड़ की घटनाएं हुई है। दिल्ली में बंद समर्थकों ने 100 बसों को क्षतिग्रस्त किया। इस बीच भाजपा के अखिल भारतीय महासचिव व सासंद मदनलाल खुराना सहित 4 सांसदों को हिरासत में ले लिया गया। जिनमें कालका दास, ताराचंद खंडेवाल व वी.एल. शर्मा शामिल है। राजधानी में सरकारी कार्यालय बैंक डाकघर खुले रहे जबकि दुकानें व व्यापारिक प्रतिष्ठान अधिकतर बंद रहे। दिल्ली के व्यस्तत्तम बाजार चांदनी चौक व कनाट प्लैस पूर्णतः बंद रहे। पुलिस ने 400 के लगभग भाजपा कार्यकर्त्ताओं को हिरासत में लिया है। लंबे मार्गों पर जाने वाली रेलगाड़ियां निर्धारित समय से काफी देरी से चलीं। दिल्ली परिवहन निगम की बसें चली लेकिन टैक्सी व ऑटो रिक्शा बहुत कम चले। पंजाब व हरियाणा में बंद का मिश्रित प्रभाव देखा गया। हरियाणा अंबाला पूरी तरह बंद रहा। यमुनानगर 80 प्रतिशत, करनाल व पानीपत के बाजार 60 प्रतिशत बंद रहे। तमिलनाडू में सड़कों पर अवरोध खड़ा करने वाले 600 बंद समर्थकों को हिरासत में लिया गया। जम्मू में बंद का काफी प्रभाव देखने को मिला। दुकानें व स्कूल बंद रहे तथा सड़कों पर यातायात काफी कम रहा। इसके अलावा अन्य प्रांतों में बंद का कहीं मिश्रित व कहीं आंशिक असर पड़ा। पश्चिम बंगाल, गुजरात, उड़ीसा व बिहार में बंद का बहुत कम असर देखा गया जबकि भाजपा शासित 4 प्रांतों हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश व उतर प्रदेश में बंद का खासा असर रहा। कुछ जगह यातायात रोज की भांति रहा। जबकि आंध्रप्रदेश को बंद से मुक्त रखने का भाजपा ने पहले ही फैसला ले लिया था।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1493 | क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज की। |
| 1762 | ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर किये गये। |
| 1762 | ब्रिटेन और स्पेन ने पेरिस संधि पर हस्ताक्षर किये। |
| 1796 | जॉन एडम्स ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में थॉमस जेफरसन को हराया। |
| 1796 | जॉन एडम्स संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए। |
| 1826 | पेरिस स्टॉक एक्सचेंज पैलेस डे ला बोर्स पर खुला। |
| 1868 | अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 1868ः यूलिसिस एस. ग्रांट ने चुनाव में हॉर्टियो सेमोर को हराया। |
| 1903 | पनामा को कोलंबिया से स्वतंत्रता प्राप्त हुई। |
| 1906 | एसओएस एक अंतर्राष्ट्रीय संकट संकेत बन गया। |
| 1918 | पोलैंड ने रूस से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की। |
| 1928 | तुर्की भाषा के लिए अरबी के स्थान पर रोमन लिपि का प्रयोग शुरू हुआ। |
| 1954 | गॉडज़िला नामक विशालकाय दानव की पहली फिल्म रिलीज़ हुई। |
| 1954 | गॉडज़िला फ़्ल्मि का पहला प्रीमियर टोक्यो में शुरू हुआ। |
| 1956 | स्वेज संकट के दौरान, गाजापट्टी पर आक्रमण के दौरान, इजरायली सैनिकों ने खान यूनिस में सैकड़ों फिलिस्तीनी शरणार्थियों और स्थानीय निवासियों को गोली मारकर हत्या कर दी। |
| 1957 | अपनी तरह के पहले मिशन में, एक जीवित जानवर, एक कुत्ते को अंतरिक्ष में पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करने के लिए रूसी अंतरिक्ष यान, स्पुतनिक 2 पर भेजा गया। |
| 1957 | सोवियत संघ ने स्पुतनिक 2 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया, जिसमें रूसी अंतरिक्ष कुत्ते को पृथ्वी से पहली कक्षा में ले जाया गया। |

## बोल ब्यूटीफुल



**बरखा दत्तः** लैंसेट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2002 के दौरान देश में 17.2 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण हुई। दुबई से दिल्ली उतरते ही मुझे अस्थमा ने जकड़ लिया। मेरी जानकारी में लगभग हर कोई खांसी, सिरदर्द या आंखों में जलन जैसी समस्याओं से परेशान है। लगता है कि हमें अपने जीवन की जरा भी कद्र नहीं। अगर होती तो प्रदूषण को चुनावी मुद्दा जरूर बनाते।

**मिलिंद खांडेकरः** बिहार में लगातार रेवड़ियां की बारिश हो रही है। किसान सम्मान निधि में हर साल केंद्र सरकार छह हजार रुपये देती है। राजग ने इसके लिए राज्य में तीन हजार रुपये अतिरिक्त देने का वादा किया है। महिलाओं को दस हजार रुपए दिए ही जा चुके है।

# राष्ट्रीय जलमार्गों से सशक्त होता लॉजिस्टिक्स तंत्र



दैनिक अर्थ प्रकाश

भविष्य के एक ऐसे भारत की कल्पना करें जहां मालढुलाई ट्रकों के बजाय नावों से हो, लॉजिस्टिक्स गलियारे राजमार्गों की जगह नदियों के किनारे बने हों और व्यापार बढ़ने के बाद भी कार्बन उत्सर्जन कम हो। ऐसा भविष्य कोरी कल्पना नहीं है बल्कि हमारी पहुंच के दायरे में है। देश को विकसित भारत और सही मायने में आत्मनिर्भर बनने के लिए अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) को टिकाऊ लॉजिस्टिक्स क्रांति की रीढ़ बनना होगा। भारत 4,000 वर्षों से नदियों के माध्यम से व्यापार करता आ रहा है। नदियों ने लोथल को रोम से, बंगाल को बर्मा से और असम को शेष दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ा है। हालांकि समय के साथ सड़कों और रेलवे ने अपनी रफ्तार और स्टील की चमक से नदियों को पीछे धकेल दिया। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन के चलते आर्थिक दबाव के इस दौर में हालात बदल रहे हैं। ऐसा नदियों के प्रति प्रेम की वजह से नहीं, बल्कि जरूरत के कारण हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतर्देशीय जलमार्ग पर अभूतपूर्व नीतिगत ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रीय जलमार्गों पर 2013-14 में कार्गो की आवाजाही 18.1 मिलियन मेट्रिक टन थी जो 2024-25 में बढ़कर 145.84 मिलियन मेट्रिक टन हो गई है। जलमार्गों से माल-ढुलाई का खर्च भी कम आता है। जलमार्ग से माल-ढुलाई का खर्च 1.20 रुपये प्रति टन-किलोमीटर है जबकि रेल से 1.40 रुपये और सड़क से 2.28 रुपये प्रति टन-किलोमीटर का खर्च आता है। जलमार्ग किफायती और ईंधन-कुशल होते हैं। जलमार्ग से परिवहन पर प्रति टन-किलोमीटर केवल 0.0048 लीटर ईंधन की खपत होती है जबकि सड़क से 0.0313 लीटर और रेल मार्ग से 0.0089 लीटर खर्च होता है। यह किसी भी सप्लाई चेन मैनेजमेंट के लिए आंखें खोलने वाली बात है।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि नदी परिवहन से प्रति टन-किलोमीटर ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन सड़क परिवहन की तुलना में महज 20 प्रतिशत होता है। गंगा या ब्रह्मपुत्र में चलने वाला हर जहाज न केवल सामान ढो रहे हैं, बल्कि भारत के कार्बन उत्सर्जन को कम करने की सजगता को भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित कर रहा है। भारत सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर जलमार्ग विकास परियोजना को मंजूरी दी थी, जिससे गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली में कार्गो की आवाजाही बढ़ रही है। वाराणसी और साहिबगंज जैसे मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स हब राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के साथ साझेदारी में विकसित किए जा रहे हैं तथा इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के जरिये रेल लिंक बनाए जा रहे हैं ताकि नदी, रेल और सड़क को सुगमता से जोड़ा जा सके। राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (ब्रह्मपुत्र नदी) पर जोगीघोपा आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) से जोड़ा जा रहा है, जो भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग के जरिये कोलकाता और हल्दिया बंदरगाह को जोड़ता है।

अंतर्देशीय जल परिवहन की क्षमता अब साफ दिखने लगी है। असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) की विस्तार परियोजना का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। रिफाइनरी के लिए ओवर डाइमेंशनल कार्गो (ओडीसी) और ओवर वेट कार्गो (ओडब्ल्यूसी) जैसे भारी उपकरण आईडब्ल्यूएआई की देखरेख में भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग और ब्रह्मपुत्र नदी के जरिये ट्रांसपोर्ट किए गए थे। इसमें 24 कंसाइनमेंट शामिल थे जो एनआरएल जेट्टी तक आसानी से और सुरक्षित रूप से पहुंचाए गए। इससे भीड़भाड़ वाले राजमार्गों और बड़े कार्गो के लिए सड़क परिवहन की मुश्किलों से भी बचा गया। इस ऑपरेशन से पता चला कि नदी लॉजिस्टिक्स न केवल पर्यावरण के लिए अच्छा है, बल्कि यह भारत के सबसे मुश्किल औद्योगिक शिपमेंट को संभालने में भी पूरी तरह से सक्षम है। सही मायने में यह लागत-प्रभावी, सुरक्षा और सतत परिवहन का बेजोड़ मेल है।

उद्योग के लिए यह अतीत की यादों में खोने या राष्ट्रीय गर्व की ही बात नहीं है बल्कि यह मार्जिन और मार्केट के बारे में है। जलमार्ग से सामान भेजना सस्ता, ज्यादा स्वच्छ और तेज होता जा रहा है क्योंकि मल्टीमोडल हब ऑनलाइन आ रहे हैं। आज की दुनिया में वैश्विक निवेशक सप्लाई चेन को केवल दक्षता के लिहाज से ही नहीं बल्कि उनके पर्यावरणीय प्रभाव को भी देखते हैं, ऐसे में नदी परिवहन को अपनाना रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। कार्बन उत्सर्जन घटाने पर भी जोर है, जिससे अंतर्देशीय जलमार्ग आधुनिक लॉजिस्टिक्स के लिए बेहतर और ज्यादा टिकाऊ विकल्प बन गए हैं। जलमार्गों के जरिये माल भेजने से कम लागत, बेहतर पर्यावरण, सामाजिक और गवर्नेंस (ईएसजी) क्रेडेंशियल्स का दोहरा फायदा मिलता है। सामाजिक लाभ असली है। कम ट्रक मतलब कम दुर्घटनाएं, सड़कों के रखरखाव पर कम दबाव, स्वच्छ हवा और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था। नदी किनारे रहने वाले कई समुदाय जो कभी फेरी ट्रांसपोर्ट या छोटे पैमाने के व्यापार पर निर्भर थे, वे अब लॉजिस्टिक्स सपोर्ट, हैंडलिंग, वेयरहाउसिंग और अंतर्देशीय पोत्तन सेवाओं में नया रोजगार पा सकते हैं। यह व्यापार और रोजगार को बढ़ाने का एक सुदृढ़ साधन है।

ऐसा नहीं है कि इसमें कोई चुनौती नहीं है। मौसम का असर नेविगेशन पर पड़ता है। कुछ हिस्सों में लगातार ड्रेजिंग की दरकार होती है। मालवाहन बेड़े भी सीमित हैं। राज्यों, बंदरगाहों और मंत्रालयों के बीच संस्थागत समन्वय भी बड़ी चुनौती है। लेकिन सरकार एंड-टू-एंड ड्रेजिंग, मल्टी-मोडल हब का विस्तार, अंतर्देशीय पोत कानून जैसी नीतियों को लागू करके इन चुनौतियों से निपट रही है। इसके साथ ही सरकार राष्ट्रीय जलमार्ग पर निजी जेट्टी बनाकार और 'हरित नौका' के तहत पर्यावरण मानदंडों का पालन करके इस क्षेत्र को स्वच्छ और हरित तरीकों की ओर ले जा रही है। कार-डी (कार्गो डेटा पोर्टल), जलयान और नाविक, जल-समृद्धि, पानी और नौदर्शिका (नेशनल रिवर ट्रैफिक और नेविगेशन सिस्टम) पोर्टल जैसे डिजिटल टूल परिवहन को आसान बनाते हैं और रुकावटों को कम करते हैं।

पूरी दुनिया में नदी परिवहन का विस्तार हो रहा है। डेन्यूब और राइन नदियां यूरोप का माल ढोती हैं। भारत मालवहन योग्य नदियों के समृद्ध नेटवर्क के साथ मजबूत स्थिति में है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, ऐसे में जलमार्ग उसके लिए विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्यता है। जल परिवहन दक्षता, अर्थव्यवस्था और पारिस्थिति की सभी के लिहाज से उयुक्त है।


मुंबई में चल रहे इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 में वैश्विक और स्थानीय नीति निर्माता, लॉजिस्टिक्स की दिग्गज कंपनियों से लेकर नए लोगों तक, सरकारें, निवेशक, मैरीटाइम विशेष, पर्यावरणविद और उत्साही लोग इस दिशा में अगला कदम उठाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन कार्गो-केंद्रित नदी परिवहन के भविष्य की झलक दिखाएगा कि कैसे गंगा, ब्रह्मपुत्र और दूसरे जलमार्ग हरे-भरे और ज्यादा कुशल भारत की रीढ़ बन सकते हैं। नदियों ने हमारी सभ्यता बनाई है। अपनी समृद्ध विरासत को अपनाकर और दुनिया की श्रेष्ठ कार्यप्रणाली के साथ भारत एक नए और आधुनिक अंतर्देशीय जल परिवहन प्रणाली के जरिये टिकाऊ अर्थव्यवस्था बनाने के लिए तैयार है। नदी की धारा आखिरकार हमारे पक्ष में बह रही है, जो हरित लॉजिस्टिक्स के भविष्य को ताकत दे रही है।

**लेखक- विजय कुमार , सचिव पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय**

शासन में पारदर्शिता, दक्षता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता

# लोक निर्माण विभाग के अधिनियम, नियम और दिशा-निर्देश आम जनता के लिए उपलब्ध : सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने पिछले 50 वर्षों के सभी अधिनियमों, नियमों, अधोसंरचना, दिशा-निर्देशों और मापदंडों का एक संग्रह तैयार किया है ताकि इन्हें आम जनता के लिए आसानी से उपलब्ध करवाया जा सके।

उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज सरकार और ठेकेदारों व कार्यकारी एजेंसियों सहित अन्य हितधारकों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और सुगमता बढ़ाने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण साबित होगा और इससे भ्रष्टाचार जैसी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सकेगी। इस पहल से लोगों को लोक निर्माण विभाग के कार्यों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी और दस्तावेज प्राप्त करने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने प?ेंगे। इसमें लोक निर्माण विभाग के सभी कार्यक्षेत्रों जैसे सिविल, इलेक्ट्रिकल, मेकैनिकल, आर्केटेक्चर विंग इत्यादि के साथ वित्तीय पहलुओं को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन में पारदर्शिता, दक्षता और डिजिटलीकरण को ब?ावा देने के साथ-साथ व्यापक और उपयोगकर्ता के अनुकूल कदम उठाने की आवश्यकता है। सभी महत्त्वपूर्ण अधिनियमों, नियमों और दिशा-निर्देशों के संग्रहण से समय की बचत के साथ-साथ सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार और विभागीय कार्यप्रणाली को आधुनिक प्रशासनिक अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने में सहायता मिलेगी।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने स?क निर्माण, सुरक्षा और विकास से संबंधित विभिन्न अधिनियमों, नियमों और मापदंडों का संकलन किया है। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर, सुरक्षित और सुगम तरीके से सुविधाएं प्रदान करना है।

सचिव लोक निर्माण डॉ. अभिषेक जैन ने शनिवार सायं कहा कि यह संकलन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के लिए एक उपयोगी दिशा-निर्देशिका साबित होगा। इस संकलन का अनुसरण करके वे जन सेवा कार्यों की योजनाओं को बेहतर कौशल के साथ प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर सकेंगे, साथ ही विभाग के अधिनियमों, नियमों, दिशा-निर्देशों और कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी जनता को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।

# सुजानपुर सैनिक स्कूल शिक्षा, खेल व सेना चयन में देशभर में सर्वश्रेष्ठ : अनुराग ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आज सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के 48वें स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव के अवसर पर उपस्थित छात्रों, अध्यापकों व प्रबंध समिति को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा सैनिक स्कूल सुजानपुर ने अपनी स्थापना के 48 वर्षों में शैक्षिक गुणवत्ता, खेलों में अच्छा प्रदर्शन व सेना में चयन जैसे क्षेत्रों में अपनी अलग छाप छोड़ी है। यह मात्र एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है यह स्ध्द्धश्शद्य श्द्ध क्ष्ड्डह्लद्धश्ह्लद्बह्यद्ध है यह स्ध्द्धश्शद्य श्द्ध ह्ड्डह्लद्धश्ठ्ड्ड्यद्बह्यद्ध है, जहाँ तक मुझे जानकारी है पूरे भारत में 33 सैनिक स्कूल है, मगर सैनिक स्कूल सुजानपुर को एनडीए की नर्सरी कहा जाता है। यहाँ प? रहा हर एक बच्चा राष्ट्र का धरोहर है, राष्ट्र का पहरेदार हैऔर राष्टीय सुरक्षा का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि दो साल बाद जब सैनिक स्कूल सुजानपुर अपनी स्थापना की 50 वीं वर्षगाँठ मना रहा होगा तब हम शिक्षा, खेल व सेना चयन में देशभर में सर्वश्रेष्ठ स्कूल होंगे।

अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा सैनिक स्कूल सुजानपुर में सुविधाएँ बढ़ाने की दिशा में मैं सदा प्रयासरत रहा हूँ। पूर्व में अपने निजी प्रयासों से मैंने सुजानपुर सैनिक स्कूल में एक जेनरेटर व एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई थी ताकि बिजली कटने पर छात्रों की पढ़ाई बाधित ना हो। किसी भी मेडिकल इमरजेंसी में एंबुलेंस स्कूल के लिए मददगार साबित हो रही है। सुजानपुर सैनिक स्कूल में आधारभूत ढाँचा बढ़ाने के दृष्टिगत 1000 व्यक्तियों की क्षमता का इंडोर स्टेडियम जोकि मल्टीपर्पज हाल के रूप में इस्तेमाल होगा, विकसित किया जायेगा। यह इंडोर स्टेडियम खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देगा

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि वह सैनिक स्कूल के उन कैडेट्स को भी बधाई और हार्दिक शुभकामनाएँ देना चाहते हैं, जिन्होंने गत वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार और ट्रॉफियाँ अर्जित की हैं। इस विद्यालय ने न केवल अपने उद्देश्यों को पूरा किया है बल्कि इसका एक शानदार उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। इस विद्यालय ने लगभग 650 से अधिक कैडेट्स को सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में भेजा है।

# नगर निगम क्षेत्र ऊना में बिना लाइसेंस के तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर होगी कड़ी कार्रवाई

तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले व्यवसायी 10 नवम्बर तक नगर निगम कार्यालय में करें लाइसेंस के लिए आवेदन : संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** नगर निगम ऊना ने तंबाकू उत्पादों की बिक्री से संबंधित नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता एवं जांच अभियान प्रारंभ किया है।

संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने अपील की है कि सभी दुकानदार जो तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा अथवा अन्य निकोटीन उत्पादों की बिक्री करते हैं, वे यह सुनिश्चित करें कि उनके पास नगर निगम द्वारा जारी वैध व्यावसायिक लाइसेंस हो।

उन्होंने बताया कि जिन दुकानदारों के पास वर्तमान में लाइसेंस नहीं है, वे 10 नवम्बर, 2025 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर लें। आवेदन हेतु प्रार्थना-पत्र का प्रारूप नगर निगम कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि बिना लाइसेंस तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा या अन्य निकोटीन उत्पादों की बिक्री दण्डनीय अपराध है, जिसके लिए संबंधित दुकानदार पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त खुले सिगरेट या बीड़ी बेचने पर 15,000 रुपये तक का जुर्माना निर्धारित किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और धार्मिक स्थलों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त आयुक्त ने कहा कि यह कदम युवाओं एवं बच्चों को तंबाकू सेवन से दूर रखने तथा नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और तंबाकू-मुक्त बनाए रखने की दिशा में उठाया गया है।

मनोज कुमार ने नगर निगम क्षेत्र के सभी संबंधित व्यवसायियों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने लाइसेंस बनवाकर नगर निगम के नियमों के पालन में सहयोग करें, ताकि ऊना नगर को तंबाकू-मुक्त नगर बनाने के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

# कांग्रेस की विकास पर चर्चा बैठक का आयोजन



अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** झंडूता कांग्रेस की विकास पर चर्चा बैठक का आयोजन रविवार को झंडूता के बरनोट रेस्ट हाऊस में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने की। वहीं, इस मौके पर विकास पर चर्चा कार्यक्रम के प्रभारी कमल राव ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक में सभी बूथों के पदाधिकारी व कार्यक्रर्ता मौजूद रहे। इस दौरान प्रभारी कमल राव ने कहा कि झंडूता क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई गई हैं।

खासकर युवाओं को स्टार्टअप से जोड़ा जा रहा है। युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने को लेकर सरकार द्वारा बेहतर प्रयास किए गए हैं। कमल राव ने कहा कि इस अलावा युवा वर्ग के लिए राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना भी शुरू की गई है। युवाओं के लिए यह योजना कारगर साबित हुई है। उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं।

# ऊना में माफिया राज हावी : दविंदर कौशल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भारतीय जनता पार्टी, ऊना बसदेहडा मंडल, अध्यक्ष दविंदर कौशल एवं राहुल देव शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा ऊना में माफिया राज हावी – कांग्रेस सरकार और ऊना के कांग्रेस नेता अपराधियों के संरक्षक बने हुए हैं

भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष दविंदर कौशल एवं राहुल देव शर्मा ने ऊना विधानसभा के संतोषग? क्षेत्र में घटित युवक शुभम रायजादा के साथ हुई अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना प्रदेश सरकार की विफलता और कांग्रेस पार्टी के असली चेहरे को उजागर करती है। शुभम रायजादा, जो मेहनत-मज़दूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, उसे योजना बनाकर बंदूक को नोक पर अगवा किया गया, बेरहमी से पीटा गया, लूटा गया और मरा समझ कर नाले में फेंक दिया गया।

यह घटना किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त माफिया गिरोह की करतूत है, जो कांग्रेस नेताओं की छत्रछाया में खुलेआम प्रदेश की शांति को रौंद रहे हैं। दविंदर कौशल एवं राहुल देव शर्मा ने कहा कि ऊना में कांग्रेस का पूरा संगठन अब अपराधियों का अड्डा बन चुका है। ऊना के कांग्रेस प्रत्याशी रहे नेता, जो खुद को ÷जनता का सेवक÷ बताते थे, आज उन्हीं असामाजिक तत्वों के संरक्षक बने बैठे हैं जो आए दिन आम नागरिकों को आतंकित कर रहे हैं। उनका कार्यालय अपराधियों की बैठकगाह बन चुका है और उनका रसूख इतना बढ़ गया है कि पुलिस भी कार्रवाई करने से डर रही है। यह वही अपराधी हैं जिन्होंने ने कुछ दिन पहले पुलिस को ही शटर के अंदर बंद कर दिया था यह वही कांग्रेस है जिसने प्रदेश में सत्ता में आने के बाद युवाओं को रोजगार नहीं दिया, बल्कि गुंडागर्दी और भय का वातावरण पैदा किया है। ऊना का कांग्रेस नेतृत्व प्रदेश सरकार के इशारों पर निर्दोष लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहा है। शुभम रायजादा की घटना इसका सबसे ताज़ा उदाहरण है।÷ दविन्द्र कौशल एवं राहुल देव शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। कानून व्यवस्था चरमरा गई है। पुलिस तंत्र स्थानीय कांग्रेस नेताओं के दबाव में काम कर रहा है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं जबकि पीड़ित अस्पतालों में अपने जख्मों का इलाज करवा रहे हैं।देविंद्र कौशल एवं राहुल देव शर्मा ने कहा कि ऊना के कांग्रेस प्रत्याशी रहे नेता पिछले कई महीनों से गुंडा तत्वों को शरण दे रहे हैं, और प्रशासन उन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इस पूरे मामले में यदि उनकी भूमिका की निष्पक्ष जांच हो, तो कई चौंकाने वाले खुलासे होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज़ उठाती रहेगी। यदि 12 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती और पीड़ित को न्याय नहीं मिलता, तो भाजपा मंडल अपराधियों से ऊना बचाओ आंदोलन छेड़ेगा और सड़कों पर उतरकर कांग्रेस सरकार को उसके कृत्यों का आईना दिखाएगा।÷ दविन्द्र कौशल व राहुल देव शर्मा ने प्रदेश सरकार से निम्न मांगें कीं –

1. इस पूरे प्रकरण की जांच राज्य सीआईडी या किसी स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए।
2. कांग्रेस से जुड़े अपराधियों व उनके राजनीतिक संरक्षकों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।
3. पीड़ित युवक शुभम रायजादा को सुरक्षा और आर्थिक मुआवज़ा प्रदान किया जाए।
4. जिला प्रशासन को आदेश दिया जाए कि इस प्रकार के मामलों में राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर कार्रवाई की जाए।

अंत में अध्यक्षों ने कहा कि भाजपा जनता की आवाज़ है और जब तक ऊना के हर निर्दोष नागरिक को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कार ने स्कूटी को मारी टक्कर

**ऊना।** रजनी शर्मा पत्नी मनीश कुमार शर्मा निवासी नंगल डैम (पंजाब) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह 1 नवम्बर को अपनी स्कूटी पर ससुराल अगलोहर से नंगल जा रही थी। शाम करीब 4:50 बजे समूर पुल के पास ऊना की दिशा से आ रही एक कार ने गलत दिशा में आकर उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में उसे चोटें आईं। आरोपी चालक विजय कुमार निवासी तुखानी (जिला हमीरपुर) के खिलाफ थाना बंगाणा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


### 200 गत्ता पेटियां अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



**ऊना।** पुलिस थाना सदर ऊना की SIU टीम ने कोटला कलां रेलवे क्रॉसिंग के पास एक ट्रक से 200 गत्ता पेटियां अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कीं, जिनमें कुल 2400 बोतलें थीं। ट्रक चालक दिले राम निवासी मंडी और उसके साथी अनीश कुमार निवासी हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# IMC/SWF कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह जायज : राजीव

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** हमीरपुर के विश्राम गृह में आज सभी हिमाचल ढ्ढ्रङ्ख के IMC/SWF कर्मचारियों संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस के श्रमिक नेता एवं असंगठित मजदूर एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने शिरकत की।

बैठक की अध्यक्षता संघ के राज्य अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने की, जबकि राज्य महासचिव मनोज कुमार सहित प्रदेशभर से आए पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में वर्ष 2014ङ्ग15 तक कार्यरत ढ्ढरूष्ट/स्ङ्खस्न कर्मचारियों की सेवाओं को सरकारी अनुबंध पर लेने हेतु 03.10.2015 की नीति में एक बार की छूट प्रदान करने की मांग को प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि ये कर्मचारी लंबे समय से विभागीय कार्यों का निर्वहन ईमानदारी से कर रहे हैं, इसलिए इन्हें अन्य विभागों की तर्ज पर समान लाभ मिलना चाहिए।

अपने संबोधन में राजीव राणा ने कहा कि ढ्ढरूष्ट/स्ङ्खस्न कर्मचारियों की मांगें पूर्णतः न्यायसंगत और मानवीय दृष्टि से उचित हैं। उन्होंने कहा कि ÷जो कर्मचारी वर्षों से सेवाएँ दे रहे हैं, उन्हें असुरक्षा में रखना अन्यायपूर्ण है। सरकार को चाहिए कि नीति में संशोधन कर इन्हें एक बार की छूट प्रदान करे।÷

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकार सदैव श्रमिकों और कर्मचारियों के अधिकारों की पक्षधर रही है, और वे स्वयं इस मांग को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष मजबूती से रखेंगे ताकि कर्मचारियों को शीघ्र राहत मिल सके।

बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि संघ शीघ्र ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें कर्मचारियों के हित में आवश्यक नीति संशोधन की मांग की जाएगी।

बैठक मे संजीव ठाकुर (राज्य अध्यक्ष), मनोज कुमार (राज्य महासचिव), जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस बिश्व शामा, उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस ब्लॉक हमीरपुर, सचिव सवन चिदा, संजय कुमार, राकेश ठाकुर, पंकज शर्मा, रविंद्र नेगी, सुरेश कुमार एवं अन्य कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

# सीबीएसई क्षेत्रीय स्तरीय राष्ट्रीय क्रिकेट में पाइनग्रोव का शानदार प्रदर्शन



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल, सुबाथू की बालिका क्रिकेट टीम कौशल, उत्साह और खेल भावना के शानदार प्रदर्शन के साथ, 28 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक भोपाल में आयोजित सीबीएसई क्षेत्रीय स्तरीय राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में स्कूल को गौरवान्वित कर रही हैं।

अंडर-19 वर्ग में गीत कौर, वान्या लांबा, आकांक्षा गुरुंग, कनिका चौहान और अवनि उल्लेखनीय धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ स्कूल का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। जबकि अंडर-17 वर्ग में, सत्यांजना सांची का चयन किया गया है और उन्हें सीबीएसई अंडर-17 राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जो उनके नेतृत्व और क्षमता का प्रमाण है। पाइनग्रोव की गौरवपूर्ण भागीदारी, इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में खेल भावना, उत्कृष्टता और समग्र विकास के प्रति स्कूल की अटूट प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है।

आस्था

गुरु तेग बहादुर के बलिदान गुरुपर्व में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

# गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों में हर भारतीय की आस्था : जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

शहीदी गुरुपर्व में पहुंचकर शीश नवाकर उनके बलिदान, वीरता और योगदान को किया याद

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने श्री गुरुद्वार सिंह सभा द्वारा रिज मैदान शिमला में आयोजित गुरु तेग बहादुर के शहीदी गुरुपर्व में पहुंच कर शीश नवाकर उनके बलिदान, वीरता और योगदान को याद किया।

उनके बलिदान और वीरता की वजह से उन्हें 'हिन्द दी चादर' यानी हिन्द का रक्षक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि उस समय भारत को अपनी पहचान बचाने के लिए एक बड़ी उम्मीद गुरु तेगबहादुर साहब के रूप में दिखी थी। औरंगजेब की आततायी सोच के सामने उस समय गुरु तेगबहादुर जी, %हिन्द दी चादर% बनकर, एक चट्टान बनकर खड़े हो गए थे। औरंगजेब और उसके जैसे अत्याचारियों ने भले ही अनेकों सिर को धड़ से अलग किया हो लेकिन वह हमारी आस्था को हमसे अलग नहीं कर सका।

गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान ने, भारत की अनेक पीढ़ियों को अपनी संस्कृति की मर्यादा की रक्षा के लिए, उसके मान-सम्मान के लिए जीने और मर-मिट जाने की प्रेरणा दी। बड़ी-बड़ी सत्ताएँ मिट गईं, बड़े-बड़े तूफान शांत हो गए पर भारत आज भी अमर खड़ा है, आगे बढ़ रहा है।

जयराम ठाकुर गुरु तेग़ बहादुर जी ने अपने कई वर्ष हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बिताए। पांवटा साहिब में उनका आश्रम रहा, जहाँ उन्होंने कई बाणी रचनाएँ कीं। आज गुरुद्वारा पांवटा साहिब श्रद्धालुओं के लिए महान तीर्थ है उनकी शिक्षाओं का, योगदान का, बलिदान का, वीरता का देश ऋणी है। उनके द्वारा दिखाए गए आदर्श हर भारतीय का आदर्श हैं। हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी को धार्मिक स्वतंत्रता और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए उनके अद्वितीय और सर्वोच्च बलिदान के लिए सदैव याद किया जाता है।



# गुरु जी ने सभी लोगों के अधिकारों के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर ऐतिहासिक रिज मैदान पर श्री गुरु सिंह सभा, शिमला द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि त्याग, तपस्या, भक्ति और मानवता की सेवा गुरु जी के जीवन के मूल संदेश थे और सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का जीवन हमें सिखाता है कि धर्म का अर्थ केवल पूजा-अर्चना नहीं, बल्कि मानवता की रक्षा है। उन्होंने कहा कि गुरु जी ने सभी लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया और उनकी सर्वोच्च शहादत ने यह साबित कर दिया कि सत्य और न्याय के लिए दिया गया बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि गुरु जी का संदेश किसी एक धर्म तक सीमित नहीं था, बल्कि यह पूरी मानवता के लिए है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों के लोगों का इकट्ठा होना भारत की एकता और सौहार्द की भावना को प्रदर्शित करता है।

शुक्ल ने कहा कि समाज में जब भय, असहिष्णुता या विभाजन की स्थितियां उत्पन्न होती है उस समय गुरु जी की शिक्षाएं हमें साहस, करुणा और सेवा की ओर ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति, मानवता की सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने में निहित है। उन्होंने लोगों से गुरु जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने, सहनशील बनने, दूसरों की आस्थाओं का सम्मान करने और समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को ब?ावा देने का आग्रह किया। इससे पहले, राज्यपाल का श्री गुरु सिंह सभा, शिमला के अध्यक्ष श्री जसविंदर सिंह ने अभिनंदन किया।

# घग्गर पार सेक्टरों में बंदर मचा रहे उत्पात

## लोगों ने घरों में रखे हैं पटाखे, नगर निगम ने कंपनी हायर करने के लिए लगाया टेंडर

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** घग्गर पार बसे सेक्टरों में इन दिनों बंदर उत्पात मचा रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह विकास कार्यों के लिए कई पेड़ों की कटाई है, जिससे बंदर घाटी में बंदरों के ठिकाने नष्ट हो रहे हैं और रिहायशी इलाकों में बंदरों के झुंड आने से निवासियों को परेशानी बढ़ गई है। बढ़ते बंदरों के आतंक से बचने के लिए, नगर निगम टेंडर प्रक्रिया में उलझा हुआ था, जबकि निवासियों को उन्हें भगाने के नए-नए तरीके अपनाने पड़ रहे हैं।

कुछ लोगों ने उन्हें भगाने के लिए लड़ पटाखे और पटाखा बंदूकें रख ली हैं। निवासियों की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए नगर निगम ने कंपनी हायर करने के लिए टेंडर लगा दिया है। अधिकारियों का कहना है कि कंपनी हायर होते ही झुंडों के ठिकानों को देखा जाएगा।



निवासियों ने शिकायत की कि उनका सामान छीनने, पानी के टैंकरों को नुकसान पहुंचाने या पौधों को नुकसान पहुंचाने के अलावा, कुछ बंदर निवासियों पर हमला भी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि उन्हें बिना किसी उपकरण के उन्हें भगाने की कोशिश करने वाले लोगों से कोई डर नहीं है। सेक्टर 25 के एक अन्य निवासी चिराग ने दुख जताते हुए कहा, कुछ दिन पहले, मेरे पिता बाहर गए थे और बंदरों के एक झुंड ने उन्हें घेर लिया। वे उन पर हमला करने के लिए उनकी ओर बढ़े। वे जमीन पर गिर पड़े और यह देखकर मोहल्ले के एक अन्य व्यक्ति ने शोर मचाया, तो वे सब भाग गए। हमने नगर निगम से कई बार संपर्क किया, लेकिन वे असहाय रहे और कहा कि वे इस संबंध में निविदाएँ दे रहे हैं।

**लोगों ने घरों में रखे हैं पटाखे** : रेजिडेंट्स ने कहा कि हमने माला पटाखों की एक बोरी रखी है। जब भी बंदर हमारे परिसर में आते हैं, हम माला पटाखे जलाते हैं। लगातार आवाज सुनकर वे भाग जाते हैं। जब उनकी संख्या कम होती है और हमें तुरंत कोई उपाय चाहिए होता है, तो हम उनकी ओर पटाखा बंदूक तान देते हैं। इससे भी वे डर जाते हैं और चले जाते हैं। रेजिडेंट मोहित गुप्ता ने कहा कि ये उपाय कम से कम हमारे लिए एक अस्थायी उपाय के रूप में काम करते हैं।

**रेजिडेंट्स का दुख बंदर ऐसे मचा रहे उत्पात** : ये बंदर पौधों को उगने नहीं देते, गमले तोड़ देते हैं, फ्रिज खोलकर सामान निकाल लेते हैं, छत पर लगे पानी के टैंकों में नहाते हैं, और यहाँ तक कि हमारे नल भी खोल देते हैं, जिससे पानी की बर्बादी होती है। हमें अपने पानी के टैंक के चारों ओर लोहे का सिस्टम बनवाने में 2 लाख रुपये खर्च करने पड़े। इसके अलावा, मेरे पति बंदरों के एक झुंड द्वारा पीछा किए जाने के कारण साइकिल से गिर गए। केवल सरकार ही कुछ कर सकती है क्योंकि उनकी आबादी बढ़ रही है और नसबंदी जरूरी है।

### खाना खिलाना बंद करना होगा

एक अन्य निवासी सरीता ने कहा कि लोगों को राष्ट्रीय राजमार्गों और अन्य सड?ों पर उन्हें खाना खिलाना बंद करना होगा। इसके लिए लोगों को खुद जागरूक होना पड़ेगा। हालही में हुई सदन की बैठक के बाद मेयर कुलभूषण गोयल ने कहा कि हमने पहले बंदरों को पकड?र जंगल में छोडऩे के लिए एक टेंडर जारी किया था। हालांकि, केवल एक एजेंसी ने ही इसमें भाग लिया था। इसलिए, हमने इसके लिए फिर से टेंडर जारी किया है।

## अमरावती एजुकेशन सोसायटी वरिष्ठ नागरिक को कराएगी रेनुका-हरिद्वार की यात्रा

**पंचकूला।** अमरावती एजुकेशनल सोसाइटी, पंचकूला द्वारा नवंबर में धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा केवल वरिष्ठ नागरिकों के लिए होगी और इसमें भाग लेने वालों को वातानुकूलित (एसी) कोच द्वारा यात्रा करवाई जाएगी। यात्रा पूरी तरह से निशुल्क रहेगी और यह सुविधा फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्विस बेसिस पर दी जाएगी। पंचकूला के महापौर एवं यात्रा के चेयरमैन कुलभूषण गोयल ने बताया कि यात्रा का आयोजन एएनए ग्रुप एससीओ 10-11, सेक्टर 2, पंचकूला की ओर से किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ और समापन माता मानसा देवी गौ धाम, पंचकूला से होगा। बाल निकेतन के बच्चों को 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को अमृतसर घुमा कर लाए। 7-8 नवंबर को वरिष्ठ नागरिकों को फरीदाबाद (आरक्षित यात्रा) लेकर जाएंगे। कुलभूषण गोयल ने बताया कि इसका आयोजन इस बार अमरावती एजुकेशन सोसाइटी की ओर से किया जा रहा है। बुजुर्ग इस यात्रा का लाभ अवश्य उठाएं।

## शिक्षा आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की नींव : कबिंदर

भारत : 2047 की दृष्टि के साथ शिक्षा महाकुंभ 2025 का नाईपर मोहाली में समापन

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन



**मोहाली, 2 नवम्बर।** शिक्षा महाकुंभ 2025 का तीसरा और अंतिम दिन एनआईपीईआर (नाईपर)), मोहाली में ÷भारत ञ्च 2047÷ विषय पर केंद्रित रहा। इस सत्र में शिक्षा के माध्यम से विकसित भारत की परिकल्पना पर विचार-विमर्श हुआ।

दिन की शुरुआत हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित योग सत्र से हुई। तत्पश्चात श्री कुलवीर शर्मा, उपाध्यक्ष, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र और चंदरहास गुप्ता, सचिव, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र ने पैनल चर्चा का संचालन किया, जिसमें शिक्षा की भूमिका को राष्ट्र निर्माण और नेतृत्व विकास से जोड़ा गया।

मुख्य अतिथि कबिंदर गुप्ता, माननीय उपराज्यपाल, लद्दाख ने कहा ङ्क ÷शिक्षा आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की नींव है। भारत ञ्च 2047 का स्वरूप आज के विद्यार्थियों की सोच और कर्म से तय होगा। दिलाराम चौहान, महासचिव, विद्या भारती (उत्तर क्षेत्र) ने अपने मुख्य वक्तव्य में स्थानीय प्रयासों के माध्यम से राष्ट्रीय दृष्टिकोण को साकार करने की बात कही।

बल किशन, संयुक्त संगठन सचिव, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र ने कहा ङ्क ÷शिक्षा महाकुंभ विद्यालयों, विश्वविद्यालयों और समाज के सहयोग का जीवंत उदाहरण बन चुका है। प्रो. दुलाल पांडा, निदेशक, एनआईपीईआर मोहाली ने शिक्षा महाकुंभ के तीन दिवसीय आयोजन के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत ञ्च2047 के विज़न के अनुरूप शिक्षा जगत को विज्ञान, नवाचार और सामाजिक प्रासंगिकता के संगम पर खड़ा होना होगा, क्योंकि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य ज्ञान को प्रभाव में बदलना है।

प्रो. पवन कुमार सिंह, निदेशक, आईआईएम तिरुचिरापल्ली ने कहा कि शिक्षा में दक्षता के साथ चरित्र का समन्वय और अनुसंधान के साथ उत्तरदायित्व का भाव आवश्यक है, ताकि उच्च शिक्षा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले नेतृत्व का निर्माण कर सके।

## हरियाणा दिवस समारोह में रंग रोनक व लोक संस्कृति का संगम

यवनिका गार्डन में तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला का दूसरा दिन उत्साह से सराबोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित यवनिका गार्डन में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला एवं प्रदर्शनी का दूसरा दिन भी उत्साह और उमंग से भरा रहा। एक ओर ओपन एयर थिएटर में जहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, वहीं प्रदर्शनी स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों ने आगंतुकों का खूब ध्यान आकर्षित किया। तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला का यह आयोजन हरियाणा की जीवंत संस्कृति, परंपरा और लोकजीवन की झलक प्रस्तुत कर रहा है, जो राज्यवासियों के लिए गौरव और उत्सव का प्रतीक बना हुआ है।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वाले आगंतुकों का स्वागत ढोल, नगाड़ों और पारंपरिक बीन की मधुर धुनों के साथ किया गया। मुख्य मंच पर कलाकारों ने लोकगीतों और आधुनिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं, हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर लोगों ने राज्य के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखा और स्थानीय स्वाद का लुत्फ़ उठाया।

प्रदर्शनी में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए लगभग 30 स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। इन स्टॉलों पर मुख्यतः महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे आर्गेनिक हल्दी, ज्वार-बाजरा-रागी से बने बिस्किट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट आइटम्स और पारंपरिक परिधान प्रदर्शित किए गए।

## कैंसर की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली पर व्याख्यान और राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

अर्थ प्रकाश/अजीत कौशल



**चंडीगढ़।** पोस्ट ग्रेजुएट गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स, सेक्टर 11, चंडीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रमा अरोड़ा के मार्गदर्शन में दो सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए - ÷कैंसर की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली÷ पर एक आमंत्रित व्याख्यान और भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन।

कैंसर की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली÷ पर आमंत्रित व्याख्यान संजीवनी-लाइफ बियॉन्ड कैंसर की वरिष्ठ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दिव्या जोशी द्वारा दिया गया। संजीवनी एक गैर सरकारी संगठन है जो परामर्श, पोषण संबंधी मार्गदर्शन, योग चिकित्सा और भावनात्मक कल्याण कार्यक्रमों के माध्यम से वंचित कैंसर रोगियों की सहायता के लिए समर्पित है। डॉ. जोशी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तंबाकू और शराब से परहेज़ और तनाव प्रबंधन जैसे साधारण जीवनशैली में बदलाव लाकर कैंसर के कई मामलों को रोका जा सकता है। उन्होंने छात्रों को स्वस्थ आदतें अपनाने और अपने समुदायों में कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस संवादात्मक सत्र में विभिन्न विषयों के लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित की वार्षिक राष्ट्रीय समूह गायन प्रतियोगिता

**चंडीगढ़।** भारत विकास परिषद ईस्ट जोन द्वारा हर वर्ष की और से शनिवार ?ो वार्षिक राष्ट्रीय समूह गायन परियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रीतियोगिता गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल मनीमाजरा में आयोजित की गई।

भारत विकास परिषद के जिला सेवा प्रमुख हेमचंद गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष कि तरह इस साल भी परिषद ने वार्षिक राष्ट्रीय समूह गायन परियोगिता का आयोजन किया। इस में मनीमाजरा के आठ स्कूलों ने भाग लिया। वहीं परिषद के कोर्डिनेटर प्रमोद कुमार आहूजा ने बताया कि प्रतियोगिता में मनीमाजरा के वैदिक गर्ल्स स्कूल ?ी टीम ने प्रथम स्थान पर व गवर्नमेंट मॉडल हाई पॉकेट न 8 मनीमाजरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही। गवर्नमेंट मॉडल हाई पॉकेट न 8 मनीमाजरा की टीम द्वितीय स्थान पर स्कूल की इंचार्ज रेणु बाला ने स्कूल छात्रों को बधाई देते स्कूल परिषर में सम्मानित किया।

## शिविर में 381 लोगों को मिली निशुल्क मेडिकल सुविधा



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** पंडित केदारनाथ शर्मा हॉस्पिटल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ़ से कालका विधानसभा में नि-शुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। रायपुर रानी के गाँव समलेहरी सामुदायिक केंद्र में यह कैम्प लगाया गया। कैंप में सिविल हॉस्पिटल से डॉ. दिनेश, डॉ शांतनु, मोहंन व बाकि टीम ने लोगों की जांच की। कैंप में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने निः शुल्क मेडिकल कैम्प का लाभ लिया। कैम्प में 381 से अधिक मरीज़ पहुँचे। जिनमे से सामान्य रोग के 141, हड्डी रोग के 57, नेत्र रोग के 53, दांतों और खून की जाँच करवाने के लिए 70 मरीज़ पहुँचे। कैम्प में आने वाले लोगों की हैप्पी कार्ड आयुष्मान कार्ड और फ़ैमिली आईडी से जुड़ी दिक़्क़तें भी दूर की गई तथा नए हैप्पी कार्ड भी बनवाए गए। कैंप में निःशुल्क रक्त जाँच के साथ ही मरीज़ों को दवाइयां भी दी गई।

कालका विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों में विधायक शक्ति रानी शर्मा जी द्वारा निः शुल्क मेडिकल कैम्प लगाया जाता है ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शिव नगर खिला कॉलोनी में कुश्ती दंगल का आयोजन



**कालका (जग्गी)।** वार्ड नंबर 6 के शिव नगर खिला कॉलोनी में जय माता कुश्ती दंगल कमेटी भैरों की सैर एवं पंडित सीताराम शर्मा (ज्योतिष शास्त्री) द्वारा कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर चेयरमैन कृष्णलाल लांबा जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ चरणप्रीत सिंह जी (युवा नेता, भारतीय जनता पार्टी) भी उपस्थित रहे। दंगल कमेटी ने चेयरमैन कृष्णलाल लांबा जी एवं युवा नेता चरणप्रीत सिंह जी का पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दंगल कमेटी के सभी सदस्यों प्रदीप शर्मा, विवेक गौतम, रूपलाल शर्मा, दिनेश कोच, शतुल कालिया, संजू जी, ओम ट्रैवल, धर्मपाल ठेकेदार (पूर्व पंच), नीतेश राणा (भगत) एवं सतपाल शर्मा का विशेष योगदान रहा।

### कसंल नयागांव में एक्यूपंक्चर मेडिकल कैंप का आयोजन



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** गांव कसंल नयागांव में एक्यू हीलिंग वर्ल्ड, कंसल के द्वारा डॉक्टर कोटनीस एक्युपंचर अस्पताल, सलेम टाबरी, लुधियाना के सहयोग से चीन के लिए भारतीय चिकित्सा मिशन (1938-1942) की 87वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में रविवार को मुफ्त एक्यूपंक्चर मेडिकल कैंप कांसल , खरड़ में आयोजित किया गया। इस कैंप में उत्तर भारत में एक्यूपंक्चर चिकित्सा पद्धति के संस्थापक तथा डॉ. कोटनीस चैरिटेबल एक्युपंचर हॉस्पिटल, लुधियाना के डायरेक्टर डॉ इंद्रजीत सिंह ने बतौर मुख्य मेहमान शिरकत की। कैंप का आरंभ डॉ. कोटनिस अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ संदीप कुमार (एक्यू हीलिंग वर्ल्ड, कंसल), डॉ. बलजिंदर सिंह ढिल्लों के द्वारा किया गया।

### मेधावी छात्रों व खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**चंडीगढ़ (वीरेन्द्र सिंह)।** कुमाऊँ सभा, चंडीग? की आम सभा की बैठक दिनांक 2 नवंबर, 2025 (रविवार) को कम्युनिटी सैंटर, सेक्टर 27, चंडीग? में मनोज रावत की अध्यक्षता में हुई। सभा की शुरुआत महासचिव दीपक परिहार के स्वागत भाषण से हुई। सभा के मीडिया प्रभारी शशि प्रकाश पांडे ने बताया कि सभा के प्रधान द्वारा कार्यकारिणी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी सदस्यों दी गई।सभा के कोषाध्यक्ष नारायण सिंह रावत द्वारा पिछली हुई आम सभा 18 मई, 2025 के बाद के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया जिसे कि उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पास किया गया छ समाज के 32 मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभा द्वारा कुमाऊनी ऐपण कला का समर्ति चिन्ह व स्वामी विवेकानंद की पुस्तक दे कर सम्मानित किया गया।

### गवर्नमेंट हाई स्कूल पॉकेट 8 ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



**चंडीगढ़।** इंटर स्कूल खो खो अंडर-17 कॉम्पीटिशन में शनिवार ?ो हुए फाइनल मुकाबले में गवर्नमेंट हाई स्कूल पॉकेट 8 की टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। स्कूल की इस जीत पर गवर्नमेंट हाई स्कूल पॉकेट 8 की इंचार्ज रेनू बाला ने छात्रों को बधाई देते हुए स्कूल परिसर में सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता गवर्नमेंट मिडल हाई स्कूल 35 द में आयोजित कि गयी थी जिसमें प्रथम स्थान पर गवर्नमेंट त मिडल हाई 42 कि टीम रहीं जबकि दूसरे स्थान पर गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल 35 कि टीम रही।

### कहानी संग्रह 'दिल के दरीचे' का हुआ विमोचन



**चंडीगढ़।** कहानियां सिर्फ कहानियां नहीं होतीं वे ऐसा दर्पण होती हैं जिसमें जीवन दिखता है, समाज दिखता है, और कहीं कहीं न कहीं कहानीकार का मन, उसके आदर्श उसके सुकोमल भाव कुछ इस प्रकार अभिव्यक्त होते हैं कि पढ़ने वाले को लगता है, कि कहानी के मूल में वही है। ये विचार आज डा. रेखा मित्तल के कहानी संग्रह दिल के दरीचे से का विमोचन करते हुए चंडीगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ मनमोहन सिंह ने व्यक्त किए। यह कार्यक्रम पंजाब कला भवन, सेक्टर 16 चंडीग? में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने शिरकत की। वे हरियाणा साहित्य एवं संस्कृत , पंचकूला के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। उन्होंने भी इस अर्थपूर्ण कहानी संग्रह के लिए डॉ. रेखा मित्तल को बधाई दी एवं उम्मीद जताई कि यह कहानी संग्रह है पाठकों को अपने दिल के करीब लगेगा।

## 'मेरी प्रिय कहानियां' पुस्तक का विमोचन



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की साहित्य-संस्था अभिव्यक्ति, सृष्टि प्रकाशन और सेंट्रल स्टेट लाइब्रेरी के संयुक्त तत्वाधान में सेक्टर 17 की लाइब्रेरी में डॉ0 राजेंद्र कुमार कनौजिया की नवीनतम पुस्तक 'मेरी प्रिय कहानियां' का विमोचन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रतन चंद रत्नेश% ने की। संग्रह में प्रकाशित कहानियों पर विजय कपूर, डॉ. दलजीत कौर और डॉ. अश्वनी शांडिल्य ने अपने विचार रखे। डॉ0 दलजीत कौर ने संग्रह की सभी कहानियों पर संक्षिप्त टिप्पणी की, जबकि विजय कपूर और डॉ. शांडिल्य ने इन कहानियों के सकारात्मक पक्ष, कथ्य और भाषा-शैली पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि कहानियाँ सामाजिक चेतना से जुड़ी हुई हैं और साथ ही मानव मूल्यों में होते ह्रास को रेखांकित करती हैं। संवेदनशील कहानीकार समाज के निचले स्तर और दबे कुचले लोगों के प्रति हो रहे शोषण से विचलित होता रहता है, इसकी झलक अदृश्य चेहरे और जोकर में देखी जा सकती है।

## श्री हनुमंत धाम में धूमधाम से मनाया तुलसी विवाह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** श्री हनुमंत धाम सेक्टर 40 बी में रविवार को माता तुलसा का विवाह शालिग्राम के साथ बहुत ही धूमधाम के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री जय कृष्णा महिला मंडल भगवान कृष्ण जी को दूल्हे के रूप में बारात के साथ खूब बैंड बाजे और ढोल के साथ लेकर आए।

श्री हनुमंत धाम में माता तुलसी को दुल्हन के रूप में सजाया गया और इनका विवाह बहुत ही धूमधाम के साथ ढोल नगाड़ों के बीच में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मौजूद सभी महिलाओं ने अपने हाथों पर मेहंदी लगाई तथा मंगल गीत गाए। प्रधान श्रीमती नीना तिवारी ने कहा कि श्री हनुमंत धाम में हर साल तुलसी माता का विवाह द्वादशी पर मनाया जाता है और यहाँ से अपनी कन्या को बहुत ही धूमधाम के साथ विदा किया जाता है। सभी बारातियों को भोजन करवाया तथा उन्हें दक्षिणा के रूप में तुलसी माता का एक-एक पौधा दिया गया। इस अवसर पर हनुमंत धाम में 151 तुलसी के पौधे बांटे। इस अवसर पर मंच के अन्य सदस्य पाल शर्मा, उषा सिंगला, कुमुद, गायत्री, अलका जोशी, सुशीला, सरला, सुदर्शन शर्मा, सुनीता आनंद, दीप्ति, राज कालिया, कमलेश, कंचन, उर्मिल इत्यादि मौजूद थे।



*आज तुलसी माँ के विवाह के दिन सेक्टर 43 बी में श्री ठाकुर जी की बारात बंसल परिवार के मकान से शुरुआत करते हुए शाकुंभरी देवी मंदिर सेक्टर 43 तक लेके जायी गई। इस शुभ अवसर पर वार्ड 23 पार्षद प्रेम लता भी उपस्थित रही । साथ ही सेक्टर 43 मंदिर प्रधान , महिला मंडल प्रधान शोभा वह उनकी मंडली के सदस्य भी उपस्थित रहे । तुलसी माँ का विवाह बहुत ही धूम धाम से मनाया गया । कार्यक्रम के अंत में भंडारा भी रखा गया ।*

## प्राचीन शिव मंदिर नयागांव में करवाया तुलसी विवाह समागम



अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** प्राचीन शिव मंदिर नाडा रोड दशमेश नगर नयागांव में सामूहिक तुलसी विवाह समागम का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रधान पंडित प्रेम चंद शर्मा की अगुआई में शालिग्राम भगवान की शोभायात्रा निकाल कर नगर परिक्रमा की गई। मंदिर के पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण में श्रद्धालुओं ने पूजन करके हवन यज्ञ किया। भक्तों ने तुलसी के पौधे की पूजा करके श्रृंगार किया। तुलसी माता को वस्त्र अर्पण कर आरती की गई। प्रधान पंडित प्रेम चंद शर्मा ने कहा की कार्तिक शुक्ल पक्ष पर तुलसी विवाह करने से मन इच्छित फल की प्राप्ति होती है।

## पंजाब नेशनल बैंक चंडीगढ़ की ओर से वॉकाथन का आयोजन




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ।** पंजाब नैशनल बैंक के सैक्टर 17 चंडीगढ़ स्थित मंडल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान अंचल प्रबंधक श्री ललित तनेजा की अगुवाई में

वॉकाथन का आयोजन किया गया जिसमें उप अंचल प्रबंधक श्री सिकंदर पाल एवं मंडल प्रमुख श्री संजीव सिंह सहित 45 से अधिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंचल प्रबंधक श्री तनेजा ने कहा कि बैंक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न गतियिधियों का आयोजन कर रहा हैं जिसमें वॉकाथन भी शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि आज की इस वॉकाथन का उद्देश्य लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना है। रिश्वत लेना और देना दोनों ही ग़लत हैं और जब तक समाज जागरूक नहीं होगा तब तक कोई भी अभियान पूर्ण नहीं हो सकता। इस वॉकाथन के माध्यम से हम लोगों को सतर्क और जागरूक बनाना चाहते हैं।

# शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया स्मृति दिवस में पहुंचेंगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी : कृष्णा गहलावत

राई विधायक कृष्णा गहलावत ने दिया न्योता, ग्रामवासियों से की अपील

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



राई। राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को गांव मुरथल में एक कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामवासियों को आगामी 14 नवंबर को राई के राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में होने वाले बलिदानी शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया स्मृति दिवस में शामिल होने के लिए दर्जनों गांव का दौरा कर निमंत्रण दिया।

उन्होंने ग्रामीणों से बड़ी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे और शहीद दादा कुशाल सिंह दहिया की स्मृति को नमन करेंगे।

उन्होंने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि का मान बढ़ाया था। ऐसे वीर बलिदानियों की गाथा नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि शहीदों के सम्मान में आयोजित ऐसे आयोजन समाज में देशभक्ति और त्याग की भावना को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को ऐसे महान बलिदानियों के जीवन से परिचित कराएं ताकि उनमें देश के प्रति कर्तव्य भावना और समर्पण का भाव विकसित हो सके। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शहीदों के सम्मान के लिए लगातार कार्य कर रही है। शहीद परिवारों को हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है और उनके नाम पर स्मारक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राई क्षेत्र को यह गौरव प्राप्त है कि यहां की धरती ने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। विधायक कृष्णा गहलावत ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार सहित 14 नवंबर को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में पहुंचे और इस ऐतिहासिक स्मृति दिवस का हिस्सा बनें। विधायक ने कहा कि जितनी अधिक संख्या में लोग इस कार्यक्रम में भाग लेंगे, उतना ही यह शहीद के सम्मान में सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत का धन्यवाद किया और विश्वास दिलाया कि वे इस स्मृति दिवस में बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को भव्य बनाएंगे। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

# पिरथी सैनी सीवन बने जिला सैनी सभा के प्रधान

महासचिव की जिम्मेदारी लीलू सैनी को सौंपी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल।** कैथल जिला सैनी सभा का नया प्रधान पिरथी सैनी सीवन को चुना गया है। रविवार को चंदाना गेट सैनी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में हुए चुनाव में पिरथी सैनी ने अपने प्रतिद्धंदी पाला राम सैनी को 261 वोटों के भारी अंतर से हरा दिया। पिरथी सैनी को कुल 430 वोटों में से 344 वोट, पाला राम सैनी को 83 वोट मिले। प्रधान पद के 3 वोट रद्द पाए गए।

चुनाव अधिकारी लाल चंद सैनी, सह-चुनाव अधिकारी शशी सैनी व बलबीर पटवारी ने बताया कि इसके अलावा महासचिव पद पर रामबीर (लीलू) सैनी को चुना गया। लीलू सैनी को 361 वोट व बलबीर सैनी को 66 वोट मिले हैं। 3 वोट रद्द पाए गए। हालांकि चुनाव से पहले ही बलबीर सैनी ने लीलू सैनी को अपना समर्थन दे दिया था। कोषाध्यक्ष पद पर जगरूप सैनी को 241 वोटों से विजयी चुना गया है। जगरूप सैनी को 359 वोट मिले हैं, वहीं गुरनाम सैनी को 68 वोट मिले हैं। इनके भी 3 वोट रद्द पाए गए हैं। शशी सैनी ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया सुबह 8 बजे से सांय 4 बजे तक चली। चुनाव के दौरान कोई विवाद नहीं हुआ। 508 वोटों में से 430 वोट डाली गई थी, जिसमें तीनों पदों के लिए 3-3 वोट रद्द पाई गई थी। जीते हुए उम्मीदवारों को चुनाव रिजल्ट के बाद सर्टीफिकेट भी दिया गया है।

### इन पदों पर पहले ही हो चुकी थी सहमति

उपप्रधान पद पर जगरूप सैनी व सह-सचिव पद पर लक्ष्मण मास्टर सजूमा को पहले ही सर्वसम्मति से चुना जा चुका था। प्रधान पिरथी सैनी ने कहा कि यह भाईचारे का चुनाव था, जो कि पिछले कई वर्षों से नहीं हो पा रहा था। समाज के लोग काफी समय से प्रयास कर रहे थे कि चुनाव हो, ताकि जिला सैनी सभा के अधूरी धर्मशाला को पूरा किया जाए। इसके साथ-साथ समाजहित में भी कार्य किए जाएं। आगे समाज के लोगों के साथ मिलकर समाजहित में कार्य किए जाएंगे। महासचिव चुने गए लीलू सैनी ने कहा कि मैं पूरे समाज का धन्यवाद करता हूं, जिन्हें मुझ पर विश्वास जताया। मैं समाज को आगे ले जाने का प्रयास करूंगा और समाज के मौजिज लोगों व बुजुर्गों के आशीर्वाद से आगे कार्य किए जाएंगे।

### पिरथी सैनी भी मेरा भाई व रिश्तेदार- पालाराम सैनी

वहीं हार के बाद पाला राम सैनी ने कहा कि यह भाईचारे का चुनाव था। एक उम्मीदवार जीतता है और एक हारता है। पिरथी सैनी भी मेरा भाई व रिश्तेदार है। अगर उन्हें मेरी कहीं भी आवश्यकता होगी, मैं उसके व समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा।

## महिला के साथ दुष्कर्म करने घटना में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना बहालगढ़ की पुलिस टीम ने महिला के साथ दुष्कर्म करने व दुष्कर्म करने का प्रयास करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हरिश पुत्र सुबे सिंह व प्रवीन पुत्र सतीश दोनों निवासी जोशी चौहान जिला सोनीपत के रहने वाले है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 27 अक्तूबर को उत्तरप्रदेश निवासी एक महिला ने थाना बहालगढ़ मे शिकायत दी कि हरिश ने मेरे साथ दुष्कर्म किया है व प्रवीन ने मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता व सुचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत थाना बहालगढ़ मे अभियोग अंकित किया गया था। थाना बहालगढ़ के प्रभारी अनिल ने अपनी पुलिस टीम के साथ नियमानुसार कार्यवाही करते हुये न्यायालय के आदेशानुसार महिला के मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। दूसरी तरफ कार्यवाही करते हुये घटना मे संलिप्त आरोपियों हरिश पुत्र सुबे सिंह व प्रवीन पुत्र सतीश दोनों निवासी जोशी चौहान जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## एडवोकेट विक्रम मुल्तानी अनुशासन एवं विजिलेंस कमेटी के सदस्य नियुक्त

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल।** बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा चंडीगढ़ कार्यालय द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में कैथल के अधिवक्ता विक्रम सिंह मुल्तानी को अनुशासन व विजिलेंस कमेटी हरियाणा का सदस्य नियुक्त किया गया है। विक्रम मुल्तानी ने बताया कि वकील साथियों के साथ अगर कोई ग़लत गैरकानूनी तरीक़े से पेश आता है तो उसके खिलाफ़ कार्रवाई और पैरवी की जाएगी। साथ ही अगर कोई वकील होने के बावजूद अपने पद की गरिमा को बनाए रखने में अनुशासन का पालन नहीं करता तो उसके खिलाफ़ भी कार्रवाई होगी। बार कौंसिल ऑफ पंजाब एवं हरियाणा चंडीगढ़ की जिम्मेदारियों में वकीलों को प्रैक्टिस लाइसेंस देना, पंजीकरण करना और अनुशासनहीनता के मामलों की जांच करना शामिल है।

मुल्तानी ने बताया कि बार कौंसिल के कार्यों में वकीलों का पंजीकरण, वकीलों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना और आवश्यक कार्रवाई करना, बार एसोसिएशनों के चुनाव समय-समय पर आयोजित करवाना शामिल हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बार कौंसिल ऑफ इंडिया को निर्देश दिया है कि वह पंजाब और हरियाणा बार कौंसिल चुनावों की अधिसूचना 10 दिनों के भीतर जारी करे और 31 दिसंबर तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करे। इसके अलावा बार कौंसिल ने हाईकोर्ट से वकीलों की चयन प्रक्रिया की जानकारी मांगी है।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी संजीव कुमार उर्फ रजत वासी शाहबाद को माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट लेकर मामले में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 मार्च 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 कुरुक्षेत्र की टीम अपराध की तलाश मे बराडा चौंक शाहबाद पुल के नीचे मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त के आधार पर बराडा रोड शाहबाद से ललित उर्फ लल्ली व कुनाल उर्फ आदित्य वासीयान माजरी मौहल्ला शाहबाद को मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-78-डी-5918 सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 14.50 ग्राम हैरोइन/चिट्टा बरामद हुआ था। आरोपियों के खिलाफ थाना शाहबाद में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था। 1 नवम्बर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग निर्देश में उप निरीक्षक सुदेश कुमार, शरनजीत सिंह, पीएस आई राहुल, मुख्य सिपाही संदीप कुमार, नरेश कुमार व देवेन्द्र सिंह की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी संजीव कुमार उर्फ रजत वासी शाहबाद को माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट लेकर मामले में गिरफ्तार कर लिया।

## जग ज्योति दरबार में हुआ तुलसी माता का पूजन व तुलसी-शालिग्राम विवाह



तुलसी माता की पूजा से मन शांत होता है तथा आध्यात्मिक उन्नति मिलती है : महंत राजेंद्र पुरी

अर्थ प्रकाश /अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र।** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी एवं अन्य संतों के सान्निध्य में देवउठनी एकादशी पूजन एवं विशेष अनुष्ठान रविवार को विधिवत रूप से हुआ। इस मौके पर दरबार में तुलसी माता का पूजन व तुलसी-शालिग्राम विवाह हुआ। महंत राजेंद्र पुरी ने पूजन एवं अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि तुलसी और शालिग्राम विवाह का आयोजन करना एक शुभ एवं महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, क्योंकि यह भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को प्रसन्न करता है। जिससे सुख-सौभाग्य और समृद्धि आती है। इस पूजा के महत्व को पौराणिक कथाओं से समझा जा सकता है, जिसमें तुलसी (वृंदा) द्वारा भगवान विष्णु को श्राप देने और बाद में भगवान द्वारा तुलसी को शालिग्राम रूप में विवाह करने का वरदान देने का उल्लेख है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। इसे देवोत्थान या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा से जागकर पुनः सृष्टि के कार्यों का संचालन आरंभ करते हैं। साथ ही देवउठनी एकादशी से ही विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन और अन्य शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। वहीं इस दिन भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप और माता तुलसी का विवाह कराया जाता है। मान्यता है कि इस दिन ऐसा करने से व्यक्ति को कन्यादान के समान पुण्य प्राप्त होता है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि कार्तिक मास में तुलसी-शालिग्राम विवाह करने से पूर्व जन्मों के पाप भी नष्ट होते हैं और व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिस घर में शालिग्राम स्थापित होते हैं और उनकी प्रतिदिन पूजा होती है, वहां नकारात्मकता समाप्त हो जाती है। इस अवसर पर अशोक सेठी, सुभाष अरोड़ा, राजपाल, नरेंद्र मदान, प्रवीण मदान, पंकज बुद्धिराजा, रोशन लाल, सुभाष ढींगरा, यशपाल, नीरज, गीता, कंचन बतरा, अंजना, सरोज, राजीव अरोड़ा, उषा रानी, राजीव गर्ग, उषा अरोड़ा, सुरेंद्र खनेजा, अंजू छाबड़ा, स्वाति इत्यादि भी मौजूद रहे।

## गन्नौर में निकाली 8वीं पैदल निशान यात्रा बाबा श्याम की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

विधायक कादियान बोले- आस्था और भाईचारे की मिसाल है गन्नौर की पैदल यात्रा

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। रविवार को श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर द्वादशी संकीर्तन मंडल, गन्नौर की ओर से 8वीं भव्य पैदल निशान यात्रा गन्नौर से चुलकाना धाम तक निकाली गई। यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा मार्ग गुंजायमान रहा। यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे रेलवे रोड स्थित शिव पार्क से किया गया।

बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक देवेंद्र कादियान का आयोजकों ने फूलमाला और पगड़ी से स्वागत किया। विधायक कादियान ने श्याम ध्वज उठाकर यात्रा को रवाना किया और कहा कि गन्नौर वासियों की भक्ति और एकता की यह यात्रा हमारे समाज की असली ताकत को दर्शाती है। बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम की भावना को भी मजबूत करती है।

इस तरह के आयोजन हमें अपने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ते है।यात्रा मार्ग में श्रद्धालु गीत-संगीत और भजन कीर्तन के साथ चलते रहे। बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने मिलकर बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। पैदल निशान यात्रा ने पूरे कस्बे को भक्तिमय कर दिया। आयोजक सुनील दीवान ने बताया कि 4 नवंबर को शाम सवा 6 बजे बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में बाबा श्याम के नाम संकीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर कलकत्ता से गायक संजय मित्तल, विजय राजपूत, सुनील शर्मा और ट्विंकल शर्मा भजनों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा का बखान करेंगे। आयोजकों ने सभी स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित इस भव्य धार्मिक आयोजन में भाग लें और बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करें। मौके पर अंशुल जिंदल, महेंद्र वत्स, सुनील दीवान, सुनील जैन, महेश गोयल, सन्नी हसीजा, सन्नी मेहता आदि मौजूद रहे।

## राजेश सिंगला बनीं भारत तिब्बत समन्वय संघ की प्रांतीय सह मंत्री



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल।** भारत तिब्बत समन्वय संघ के केंद्रीय संयोजक हमेंद्र तोमर, केंद्रीय संरक्षक कप्तान सिंह सोलंकी, पूर्व राष्ट्रीय प्रचारक पूर्व राज्यपाल राजो मालवीय, राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़वाला, राष्ट्रीय मंत्री भारत तिब्बत समन्वय संघ ने कैथल निवासी राजेश कुमारी सिंगल उर्फ किरण गुप्ता को हरियाणा प्रांत भारत तिब्बत समन्वय संघ की सह मंत्री की नियुक्ति किया है। इस नियुक्ति में प्रांत अध्यक्ष डॉ हरीश चंद्र झंडई, क्षेत्रीय संयोजक नरेंद्र शर्मा ने राजेश कुमारी के लिए अनुशंसा की। राजेश कुमारी बहुत ही कर्मठ कार्यकर्ता होने के नाते भारतीय जनता पार्टी में भी पूरी तरह से सक्रिय हैं। संघ के चतुर्थ सर संघचालक राजेंद्र सिंह रज्जू भैया व आदेश पूर्व प्रचारक प्रचार प्रमुख अखिल भारतीय के प्रेरणा से चल रहे संगठन में राजेश कुमारी को यह दायित्व देकर अपेक्षा की है कि वे पूरी लगन से कार्य करेंगी। यह संगठन मुख्य तौर पर भगवान भोलेनाथ का मूल स्थान कैलाश पर्वत कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त करने का अभियान चलने का कार्य राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहा है। राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ ने इनकी नियुक्ति उनके काम को देखते हुए व लगनशील होने के नाते की है। इनकी नियुक्ति पर कैथल हल्के में बहुत खुशी है। राजेश कुमारी के परिवार ने और उनके भाजपा परिवार के सहयोगी सतपाल गुप्ता, पवन शर्मा एडवोकेट, उषा मचल, रोहित मंचल, राघव चोपड़ा, गोपाल सैनी, धरेंदर, बलवंत जटान, शीला देवी, मंजीत, दर्शना, रेखा, कृष्णा, डा. अंकित, डा. सूर्य सुनील ने खुशी जाहिर की और राजेश कुमारी को इतना बड़ा दायित्व देने के लिए भारतीय वित्त समन्वय संघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी का धन्यवाद किया।

### मानव सौहार्द और विश्वबंधुत्व का अनूठा दृश्य, 78वां निरंकारी संत समागम

# परमात्मा के अहसास से सरल होगा आत्ममंथन : सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी/मंदीप





समालखा/सोनीपत। आत्ममंथन केवल साधारण सोचने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के अहसास से सरल हो सकती है।'' यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस चार दिवसीय संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ है और सौहार्दपूर्ण व्यवहार से मानवता एवं विश्वबंधुत्व का दृश्य साकार कर रहा है।

सतगुरु माता जी ने आत्ममंथन के वास्तविक भाव को समझाते हुए फरमाया कि कई बार हम भावनाओं के अधीन होकर किसी आसान कार्य को भी जटिल बना देते हैं जबकि प्रभु का सिमरण रूप में अहसास आते ही मन में अकर्ता भाव प्रकट होता है जिससे मन शांत होकर हर कार्य सहजता से पूर्णता की ओर बढ़ता है।

सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि दिन भर में कई बातें हमारे सामने आती हैं जिन्हें हम देखते हैं, सुनते हैं, सोचते हैं और कई बार किसी के मधुर वचन हमें मोह लेते हैं, कई कटू वचन मन को ठेस पहुंचाते हैं। पर कौनसी बात ग्रहण करनी है और कौन सी बात मन से निकाल देनी है इसका चुनाव व निर्णय हमे स्वयं ही करना होता है। ब्रह्मज्ञानी महात्मा अपने विवेक से सकारात्मक चुनाव करके जीवन में शांति और सुकून प्राप्त करते हैं।सतगुरु माता जी ने उदाहरण द्वारा समझाया कि जिस तरह किसी हिल स्टेशन के कुछ पॉइंट्स पर हमारी आवाज टकराकर उन पहाड़ों पर अथवा वहां की अन्य वस्तुओं पर कोई भी प्रभाव न डालते हुए प्रतिध्वनि के रुप में लौट्कर वापस आ जाती है, उसी प्रकार हम दूसरों से जैसा व्यवहार करते हैं उसकी प्रतिक्रिया लौटकर हमारे पास ही आ जाती है। हमारे व्यवहार से उस व्यक्ति के उपर कोई प्रभाव हुआ अथवा नहीं यह अलग बात है, पर परिणाम स्वरूप हमें उसकी प्रतिक्रिया का सामना अवश्य करना पड़ता है। इसलिए हमारा व्यवहार इस तरह का हो जिसकी प्रतिक्रिया हमारे लिए सुखदायी हो। सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि आत्ममंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है। जब मन निरंकार से जुड़ता है, तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं।


अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** Dimpy Goyal पत्नी अमित गोयल वासी 2172, धर्मशाला वाली गली, निसिंग, निसंग, जिला करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Dimpy Goel से Dimpy Goyal रखा है।

**मैं,** अमित Goyal पुत्र रामेश्वर दास वासी 2172, धर्मशाला वाली गली, निसिंग, निसंग, जिला करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अमित कुमार Goel से अमित Goyal रखा है।

**मैं,** जसदीप कौर भुल्लर पुत्री गुरदर्शन सिंह वासी वार्ड नं 06 रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर जसदीप कौर रखा है।

**मैं,** गुरमुख सिंह चोपड़ा पुत्र सवर्ण सिंह वासी गांव व डाक अहरवां जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर गुरमुख सिंह रखा है।

**मैं,** अमनदीप Katchwaya पुत्र धर्म पाल वासी वार्ड नं 16 रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर अमनदीप रखा है।

**मैं,** Makhan पुत्र Magar सिंह वासी वार्ड नं 08 रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Makhan सिंह रखा है।

**मैं,** परमजीत पत्नी Makhan सिंह वासी वार्ड नं 08 रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर परमजीत कौर रखा है।

**मैं,** Rajbir कौर पत्नी मलकीत सिंह वासी लाली रोड़ रतिया जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Rajbeer कौर रखा है।

**मैं,** Veerpal सिंह पुत्र काले राम वासी गांव धमोरा थेरी, तेह-रनिया, जिला सिरसा ने अपना नाम बदलकर Veeral सिंह रखा है।

**मैं,** राहुल जस्वाल वासी मकान नं. 269/1 टी डी आई सिटी, सैक्टर-118, मोहाली ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर इनाया से इनाया जस्वाल रखा है।

**मैं,** नीरज पुत्री दलपत सिंह कादयान वासी मकान नं 74, अर्बन एस्टेट, सैक्टर 6, करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर नीरज कादयान से नीरज रखा है।

**मैं,** Richa कांसल पत्नी अनिल कुमार वासी मकान नं 688, सैक्टर 13, करनाल, हरियाणा ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Richa गोयल से Richa कांसल रखा है।
एपी-5389

**मै,** रामपाल पुत्र कूड़ा राम गाँव पबनावा, जिला कैथल ने अपना नाम रामपाल से बदलकर पाला राम रख लिया है।
एपी-5390

### खोया और पाया

**मैं,** विशाल कक्कड़, पुत्र श्री आई के कक्कड़, निवासी डीडजे एससीएच न. 3, प्लॉट न. 12, अंसल टाउन, करनाल घोषणा करता हूँ कि मैंने दिनांक 01.11.2025 को अंसल गैलेरिया मॉल, अंसल टाउन, करनाल में दस्तावेज़ संख्या 696120, 696954, 696955, 697166, 697458 जिसका अनुमानित मूल्य रु. 3048780, खो दिए हैं। अगर किसी को मिल जाए, तो कृपया ऊपर दिए गए पते पर संपर्क करें।
एपी-5391

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# धान घोटाले की जांच के लिए एसआईटी गठित करे सरकार : हुड्डा

## हरियाणा में व्यापारी, दुकानदार कलाकार असुरक्षित चल रहा है अपराधियों की गैंग का राज

हरियाणा में भ्रष्टाचार चरम पर, संगठित अपराध में नंबर वन हरियाणा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 2 नवंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा एकबार फिर करनाल में किसानों और आढ़तियों के बीच उनकी समस्याएं सुनने पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब वो पिछली बार आए थे तब भी किसानों की यही शिकायत थी और आज भी वहीं शिकायत है। सरकार एमएसपी पर खरीद ना करके किसानों के साथ लूट कर रही है। किसानों के साथ हर बार फसल खरीद में लूट और घोटाला होता है। इस बार भी धान की खरीद में करनाल में बड़ा घोटाला उजागर हुआ, लेकिन बड़े मगरमच्छों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार ने मामले में एक छोटे कर्मचारी पर कार्रवाई करके बड़े घोटाले को दबा दिया। उन्होंने कहा कि सरकार धान घोटाले की जांच के लिए एसआई टी गठित करे। यह जांच सुप्रीमकोर्ट की निगरानी में हो। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में भाजपाक` बड़े नेता, जनप्रतिनिध और बड़े अफसर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में छोटे बड़े अपराधियों के साठ गैंग सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि करनाल की अल्फा सिटी में अपराधियों ने जिस तरह से म्यूजिक कंपनी के दफ्तर पर पचास राउंड फायर किए और चले गए। अभी तक आरोपियों का पता नहीं चलसका हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगाता है कि सरकारने अपराधियों के आगे समर्पण कर दिया हैं। वह आज करनाल पहुंचे। यहां मंडी में उन्होंने मंडी के पूर्व प्रधान रजनीश चौधरी के यहां पत्रकारों से बात की। उनके साथ कांग्रेस के कार्यकारी प्रधान सुरेश गुप्ता, पूर्व विधायक राकेश काम्बोज, धर्म पाल गौंदर, कांग्रेस के मीडिया कोर्ऱ्डीनेटर हरी राम साभा, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी , सुरजीत सैनी, रणपाल संधु,उपस्थित थे।उन्होंने कहा कि धान घोटाला सिर्फ करनाल तक सीमित नहीं है, पूरे हरियाणा में सैंकड़ों करोड़ के घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार में पहले भी हरियाणा में सैकड़ों-हजारों करोड़ के खनन, शराब और अन्य घोटाले हो चुके हैं, जिनकी जांच के लिए एसआईटी तो बनाई गई, लेकिन कभी उनकी जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई। किसानों को रूस्क्क से 500 से 800 रुपये कम रेट दिया जा रहा है। फसल न खरीदने के रोज नए बहाने ढूंढे जाते हैं और किसानों की फसल को औने-पौने दामों पर खरीदा जाता है। धान, बाजरा, कपास, मूंग समेत हर फसल को रूस्क्क से कम रेट पर खरीदकर किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जब तक किसी प्रदेश की कानून-व्यवस्था बेहतर नहीं होगी, तब तक वह तरक्की नहीं कर सकता। इसका साक्षात उदाहरण आज हमारे सामने है। हरियाणा में करीब 60 संगठित अपराधिक गैंग सक्रिय हैं। कानून-व्यवस्था का पूरी तरह दिवाला निकल चुका है। उनके डर से हरियाणा में कोई भी निवेश करने को तैयार नहीं है, जो बेरोजगारी की बड़ी वजह है।

बीजेपी सरकार द्वारा फैलाई गई भयंकर बेरोजगारी के चलते हरियाणा के हजारों परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। अमेरिका से लगातार अवैध प्रवासियों को बेइज्जत करके निष्कासित किया जा रहा है, जिनमें सबसे ज्यादा संख्या हरियाणा के उन युवाओं की है। ये युवा बेरोजगारी से त्रस्त होकर अमेरिका गए थे। वहां जाने के लिए इन्होंने अपनी जमीन-जायदाद और घर तक बेच डाला था। प्रत्येक युवा ने अमेरिका पहुंचने के लिए 50 से 60 लाख रुपये तक खर्च किए थे, लेकिन अब उन्हें अचानक वापस भेज दिया जा रहा है। इसके चलते हजारों परिवार पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं और कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय वोट लेने के लिए बीजेपी ने जमकर झूठे वादे किए। लाखों लोगों केबीपीएल कार्ड बनाए गए, कौशल रोजगार निगम कर्मियों को पक्का करने का वादा किया गया और दो लाख नौकरियां देने की घोषणा की गई। जबकि इनमें से बीजेपी ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उल्टा कौशल कर्मियों को नौकरी से निकाला जा रहा है और गरीबों के राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा भी झूठा साबित हुआ। चुनाव में 85 लाख महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा करके बीजेपी अब गिनी चुनी लाभार्थियों को राशि देकर अपनी घोषणा से पल्ला झाड़ रही है।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज सहायता अब और आसान, 15 दिन में मिलेगा लाभ

**जींद (अप्रस)।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल कर दी है। अब मरीजों को सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने पर 15 दिनों के भीतर आर्थिक सहायता मिलेगी। राशि सीधे लाभार्थी के खाते में ट्रांसफर होगी। डीसी ने कहा कि आवेदक परिवार पहचान पत्र आईडी से सरल पोर्टल पर आवेदन कर आवश्यक दस्तावेज जैसे चिकित्सा बिल और ओपीडी बिल अपलोड कर सकते हैं। यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत योजना में कवर नहीं है, तो आयुष्मान लाभार्थी भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे। प्रक्रिया के तहत आवेदन संबंधित सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों से सिफारिश के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद संपत्ति और मेडिकल दस्तावेजों का सत्यापन तय समय सीमा में पूरा होगा। रिपोर्ट मिलते ही राशि स्वीकृत कर भेजी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### खाटू श्याम धाम में मची बाबा के नाम की धूम



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** कुरुक्षेत्र ढांड रोड मिर्जापुर स्थित खाटू श्याम धाम में भव्य संकीर्तन एंव भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सेंकड़ो श्याम प्रेमियों नें भाग लिया और मन्नते मांगी। इस मौके पर वरिष्ठ बीजेपी नेता जय भगवान शर्मा डीडी समेत कई गणमान्य लोगो नें बाबा श्याम के दरबार में माथा टेका और श्याम भक्तो को जन्मोत्सव की बधाइयाँ दी। इस मौके पर अम्बे सेवा समिति के प्रधान श्री ओमपाल बंसल ने अपनी समिति के सदस्यों के साथ बाबा श्याम के दरबार में माथा टेका और श्याम भक्तो को जन्मोत्सव की बधाइयाँ दी। इस मौके पर प्रसिद्ध कलाकार भजन गायक लखविंद्र सिंह लख्खा और ज्योति गुप्ता नें बाबा की महिमा का गुणगान किया, श्याम भजनो पर भक्तों नें झुम गाकर तालियां बजाकर बाबा के चरणों में हाजिरी लगाई। कुरुक्षेत्र ढांड रोड स्थित खाटू श्याम श्याम बाबा के जयकारों से गूंज उठा, भक्तो में जन्मोत्सव को लेकर भारी उत्साह नजर आया। भव्य संकीर्तन में सुप्रसिद्ध भजन गायिका ज्योति गुप्ता ,पशानदार भजन प्रवाहक लखविंद्र लख्खा ने मीठे मीठे भजनों से श्याम भक्तों को भावविभोर कर दिया। कीर्तन के बाद के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोगो नें भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे हवन एवं ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद सुबह 10:15 बजे से देसी घी का विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की और बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। श्याम दरबार में पंहुचे भक्तो का पवन शर्मा पहलवान नें आभार जताया और जन्मोत्सव की बधाइयाँ दी।

### एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 45वें दिन भी जारी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** रविवार को एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 45वें दिन में प्रवेश कर गया, वहीं क्रमिक अनशन 35वें दिन भी जारी रहा। आज के धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ यूनियन सोनीपत की प्रधान रीत ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश, जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के ब्लॉक प्रधान थानेसर ने मालाएँ पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। आज क्रमिक अनशन पर रीत (सोनीपत), सुरेन्द्र जागड़ा (हिसार), सचिन बेनीवाल (झज्जर) और रवि कुमार (रोहतक) बैठे। धरने स्थल पर आज सभी जिलों के प्रधानों की बैठक हुई, जिसमें आगे की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कर्मचारियों ने बताया कि अब तक सरकार से कई चरणों में बातचीत हो चुकी है। हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से 3 बार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी से 6 बार और कई अन्य अधिकारियों से वार्ताएँ हो चुकी हैं, लेकिन एलसीएलओ कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। एलसीएलओ कर्मचारियों को 18 महीने पूर्व सीआरआईडी विभाग द्वारा दो परीक्षाओं के बाद हरियाणा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में नियुक्त किया गया था, परंतु आज तक उन्हें न तो किसी प्रकार का कार्य सौंपा गया है और न ही एक भी माह का वेतन प्रदान किया गया है। कर्मचारी नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार समय रहते इस मुद्दे का समाधान नहीं करती, तो भारी संख्या में सभी कर्मचारी संगठन एकजुट होकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे और हड़ताल पर जाएंगे। सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र और सीटू मिलकर संयुक्त आंदोलन चलाएँगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार और प्रशासन की होगी।

### श्रमिक से मोबाइल लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने अमीरा गार्डन क्षेत्र में फैक्ट्री श्रमिक से मारपीट कर मोबाइल फोन लूटने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास नगर निवासी साहिल व जीतू, कृष्णा गार्डन कॉलोनी निवासी अभिषेक तथा बत्रा कॉलोनी निवासी संजय के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली कि चार युवक दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उझा मोड़ के पास किसी आपराधिक वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों युवकों को मौके से काबू किया। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने अपने नाम-पते बताए तथा गहनता से पूछताछ करने पर 26 अक्टूबर की रात अमीरा गार्डन के पास पैदल जा रहे फैक्ट्री श्रमिक संगम को मारपीट कर मोबाइल लूटने की वारदात स्वीकार की। इस संबंध में थाना औद्योगिक सेक्टर-29 में मामला दर्ज है। इंस्पेक्टर विजय के अनुसार आरोपियों ने बताया कि वे बाइक चलाने और खाने-पीने का शौक पूरा करने के लिए अपने एक फरार साथी के साथ अपराध में शामिल हुए। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो बाइक और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। पूछताछ पूरी होने के पश्चात पुलिस ने चारों आरोपियों को रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

## डीएवी स्कूल में 'आर्ट इंटीग्रेशन' पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 2 नवंबर।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक विद्यालय नारायणगढ़ में शिक्षकों के लिए सी.बी.एस. ई.द्वारा निर्देशित आर्ट इंटीग्रेशन (कला एकीकरण ) पर एक दिवसीय इन हाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इस कार्यशाला का उद्देश्य विषयों को आर्ट के साथ जोड़ना था ताकि छात्र रुचि पूर्ण तथा रचनात्मक शिक्षण अध्ययन कर पाएँ ।कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में विशेष रूप से श्रीमती निशा सिन्हा (आर्मी स्कूल अंबाला कैंट) व श्रीमती भारती (डीएवी सी सै पब्लिक स्कूल ,अंबाला शहर) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे । प्रधानाचार्य डॉ आर पी राठी व कोर्डिनेटरस ने विशेष अतिथियों को ओउम् पटका व पौधा पात्र भेंट करके विद्यालय में उनका स्वागत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन व डीएवी गान द्वारा कार्यशाला का प्रारंभ किया गया । कुशल प्रशिक्षक भारती ने विभिन्न गतिविधियों द्वारा बताया कि विद्यार्थियों को कठिन विषय भी आर्ट इंटीग्रेशन की सहायता से सिखाए जा सकते हैं और उनकी रुचि में वृद्धि की जा सकती है। जो कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व उत्कृष्ट शिक्षा परिणामों के लिए अनिवार्य हैं। प्रशिक्षु निशा सिन्हा ने शिक्षकों के साथ अनेक व्यवहारिक गतिविधियों साझा की। उन्होंने विडियो द्वारा शरारती बच्चों को संभालने के रोचक तथ्यों से अवगत करवाया ।उन्होंने बताया कि कैसे कोई शिक्षक विद्यार्थियों को कला द्वारा कठिन विषय में भी व्यस्त कर सकता है ।कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों के उत्साहपूर्वक सहभागिता ने कार्यशाला को जीवंत बना दिया। कार्यशाला के अंत में विद्यालय की कोर्डिनेटर श्रीमती तरनजीत कौर ने उपस्थित रिसोर्स पर्सन के अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ विद्यार्थी व शिक्षकों के लिए लाभप्रद हैं।

## विधायक मनमोहन भड़ाना ने केक काटकर मनाया चुलकाना नरेश श्याम बाबा का जन्मदिवस

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 2 नवंबर।** चुलकाना धाम स्थित प्राचीन श्याम बाबा मंदिर परिसर में रविवार को बाबा खाटू श्याम का जन्मदिवस हर्षोल्लास व श्रद्धा भाव से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर की। इसके बाद संकीर्तन के माध्यम से श्याम बाबा का गुणगान किया गया। कार्यक्रम में हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना ने अपने परिवार और समर्थको के साथ प्रधान रोशन छौक्कर की मौजूदगी में केक काटकर श्याम नाम के जयकारे लगाए।

विधायक मनमोहन भड़ाना ने बताया कि चुलकाना नरेश श्याम बाबा की महिमा अपरंपार है, जो भी सच्चे मन से इस दरबार में शीश झुकाता है, उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। खाटू नरेश ने भगवान श्रीकृष्ण के एक आदेश पर बिना कोई सवाल किए शीश का दान करके त्याग की जो मिसाल पेश की, उसी से वह भगवान के रूप में पूजित हुए। मंदिर प्रधान रोशन छौक्कर ने कहा कि बर्बरीक ने पितामह-पांडवों की विजय के लिए स्वेच्छा से शीश का दान कर दिया। बर्बरीक के इस बलिदान को देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक को कलयुग में स्वयं के नाम से पूजे जाने का वरदान दिया। आज चारों ओर श्याम के नाम की धूम मची है। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने भजनों पर खूब नृत्य किया।

## अवैध एजेंटो के लुभावने वादों के बहकावे में आ रहे हैं नौजवान

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 2 नवंबर।** कुछ वर्षों में ही पंजाब की तर्ज पर हरियाणा के नौजवान भी विदेश में रोजगार और विदेश की ग्लैमर भरी लाइफ के सपने आंखों में लिए अपने गांव व शहर से सब कुछ अटुर बटुर ( इकठ्ठा) के एजेंट के माध्यम से विदेश में जाने लगे हैं। जिन लोगों के तो परिवार वर्षो से बाहर सेट हैं उनका जाना तो बेहद आसान है पर जो लोग एजेंटो के माध्यम से या जो आजकल डंकी रूटों के माध्यम से अमेरिका, कनाडा, इटली, ऑस्ट्रेलिया व यूके के प्रति बड़े आकर्षण बड़ा हुआ होने के कारण जा रहे है जब नौजवान शहर के आलीशान बने आईलेट्स सेंट्रो में जाते हैं तब एजेंट उनकी आंखों पर शान शौकत वह डालरों की कमाई की ऐसी पट्टी बांध देते हैं कि उनको दिन-रात सोते उठते सिर्फ डालर या विदेश के ही सपने सजाए हुए आते हैं। एजेंट अवैध रूप से भी भेजने की जुगाड़ करता दिखाई देता है पर इन्हें वह दिखाई नहीं देता वह इन हसीन सपनों के चलते वह अपना अच्छा बुरा सब भूल चुका होते है फर्जी ट्रैवल एजेंट का जाल हरियाणा के सभी जिलों में बढ़ा हुआ है यह अवैध एजेंट युवाओं से विदेश के नाम पर 40 से 50 लख रुपए तक वसूल करते हैं कितने रुपए लेने के बाद भी उनकी जिंदगी से खेलती हैं अभी कुछ दिन पहले कैथल के युवाओं को विदेशों में बंधक बनाकर पैसे ऐंठने वाले एंजटो में टोहाना शहर के एक आइलट सेंटर मालिक व एक व्यवसायी का नाम भी सामने आया है इसलिए टोहाना पुलिस को शहर में चल रहे सभी आईलेट्स या इमीग्रेशन ऑफिस में निरीक्षण करना चाहिए और वहां पर होने वाली सब गतिविधियों पर पैनी नजर अपने गुप्तचर विभाग द्वारा रखी जानी चाहिए ताकि नौजवान इनकी चिकनी चुपड़ी बातों में न आए और विदेशों में डंकी रूटों से न जाकर अपनी वह अपने घर परिवार की खुशियों में शामिल रहे और हरियाणा सरकार से मांग है कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार देकर हरियाणा के नौजवानों में विदेश जाने के बढ़ रहे प्रचलन पर रोक लगाये।

## भगवान परशुराम सेवा समिति के सदस्यों ने किया मासिक हवन यज्ञ

**अम्बाला (रवि पाहुजा)।** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट का नवंबर महीने के पहले रविवार को मासिक हवन यज्ञ भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधान में मंदिर के पंडित शंभू दयाल शर्मा द्वारा भगवान परशुराम जी की 108 आहुतिया डालकर विधि विधान से किया गया इस हवन यज्ञ में मुख्य जजमान सतीश शर्मा और उनका परिवार रहा। हवन के बाद समिति के महासचिव सुरेंद्र राजू शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम सेवा समिति हर महीने के पहले रविवार को पिछले 10 वर्षो से लगातार मासिक हवन यज्ञ कर रहा है और सब के सुख शांति की कामना करता है समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति समय-समय पर धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम करती रहती है और आगे भी ऐसे कार्यक्रम करती रहेगी।

## बराड़ा सिंहपुरा कॉलोनी में धूमधाम से मनाया श्याम बाबा का जन्म महोत्सव



अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 2 नवंबर।** 'हारे के सहारे हमारे श्याम बाबा' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, जब शिव सेवा मंडल सिंहपुरा द्वारा श्याम बाबा का जन्म महोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया।

श्याम प्रेमियों ने बाबा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जगह-जगह अटूट लंगर लगाए।

शिव मंदिर महिला मोर्चा की महिलाओं ने भजनों और कीर्तन के माध्यम से श्याम बाबा का गुणगान किया। आरती और भजन संध्या के बाद शिव सेवा मंडल के सदस्यों ने बाबा के उद्घोष के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। महिलाओं ने नाच-गाकर अपनी श्रद्धा और खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर मंडल के प्रधान लक्की बराड़ा, कमल, राजू, रोहित, रिशु, साहिल छाबड़ा, शानू गोयल, राहुल, अरुण ओबेरॉय, पारुल शर्मा, डॉ. कुलदीप शर्मा, सक्षम अरोड़ा, विनय शर्मा, शैंकी शर्मा, काका, दक्ष मलिक, कैलाश, पंकज सभरवाल, चिराग, आयुष गर्ग सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नकाबन्दी के दौरान चोरी की बाइक सहित शातिर चोर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**पानीपत, 2 नवंबर।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने सेक्टर 12 गुरूद्वारा के नजदीक गंदा नाला पटरी पर नाकाबंदी के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव लल्हेड़ी सोनीपत हाल कालीरामण पाना समालखा निवासी विकास उर्फ विक्की के रूप में हुई है।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार शाम को सेक्टर 12 गुरूद्वारा के नजदीक गंदा नाला पटरी पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर बनाए हुए थी। इसी दौरान एक संदिग्ध किस्म का युवक स्पलेंडर बाइक पर सेक्टर 11 की और से आया। पुलिस टीम ने बाइक को नाके पर रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान विकास उर्फ विक्की पुत्र रामकरण निवासी गांव लल्हेड़ी सोनीपत हाल कालीरामण पाना समालखा के रूप में बताई। बाइक के कागजात मांगने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 6 अगस्त 2024 को देवीलाल कॉम्प्लेक्स में एक खाली प्लॉट से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना शहर में सुधीर पुत्र बलबीर निवासी मुनक करनाल की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो बाइक चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया।

आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर शनिवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी विकास उर्फ विक्की को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

## सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से दिल्ली-फिरोजपुर वाया कुरुक्षेत्र वंदे भारत एक्सप्रेस को मिली स्वीकृति

सांसद नवीन जिन्दल के प्रयास के लिए कुरुक्षेत्र की जनता ने जताया आभार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कुरुक्षेत्र, 2 नवम्बर।** सांसद नवीन जिन्दल के निरंतर प्रयासों से, रेलवे मंत्रालय ने ÷दिल्ली- फिरोजपुर वाया कुरुक्षेत्र वंदे भारत एक्सप्रेस÷ के संचालन को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नवीन जिन्दल के निरंतर सक्रिय संवाद और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है है।

सांसद नवीन जिन्दल ने 17 सितम्बर 2025 को रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर नई वंदे भारत एक्सप्रेस को कुरुक्षेत्र मार्ग से चलाने का आग्रह किया था। अपने पत्र में उन्होंने यह स्पष्ट किया था कि कुरुक्षेत्र न केवल हरियाणा की धार्मिक राजधानी है बल्कि यह श्रीमद्भगवद गीता, ब्रह्मसरोवर, श्रीकृष्ण संग्रहालय और शक्तिपीठ जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के कारण देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों का केंद्र है। इसलिए क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए तेज, आधुनिक और समयबद्ध रेलसेवा की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

रेलवे बोर्ड ने सांसद नवीन जिन्दल के इस तर्कसंगत और दूरदर्शी प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए 31 अक्टूबर 2025 को जारी आदेश में '26461/26462 दिल्ली-फिरोजपुर वाया कुरुक्षेत्र वंदे भारत एक्सप्रेस' की स्वीकृति प्रदान की। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन (बुधवार को छोड़कर) संचालित होगी और इसके प्रमुख ठहराव होंगे - पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला कैंट, पटियाला, धुरी, बठिंडा, फरीदकोट और फिरोजपुर।

यह नई वंदे भारत एक्सप्रेस उत्तर भारत के यात्रियों के लिए सुविधा, गति और आधुनिकता का संगम साबित होगी। इसके संचालन से हरियाणा और पंजाब के बीच आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक संपर्कों को नई दिशा मिलेगी। विशेष रूप से कुरुक्षेत्र में इसका ठहराव धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा और स्थानीय व्यापार, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों को सशक्त करेगा।

रेलवे के इस महत्वपूर्ण निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कहा, 'वंदे भारत एक्सप्रेस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।' कुरुक्षेत्र के स्थानीय नागरिकों, व्यापारी संगठनों और युवाओं ने सांसद नवीन जिन्दल के इस प्रयास की सराहना की और आभार जताया।

# अपने ज्ञान, कौशल और सोच को लगातार बेहतर बनाने में रहे प्रयासरत: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

**चंडीगढ़।** वर्तमान समय और परिवेश को समझते हुए, अपने ज्ञान, कौशल और सोच को लगातार बेहतर बनाना है। इसके लिए, आपको देश के नियमों का पालन करना, नई चीजें सीखना, सामाजिक जिम्मेदारियों को समझना और अपने व्यवहार को समय के अनुसार ढालना होगा। जिंदगी को एक सपने का गुलाम न बनने दें। उसमें देश, काल, परिस्थित के अनुरूप परिवर्तन की गुजाइंश रखे. तभी जिंदगी की भागदौड मे आप भी चल सकोगे नही तो आप पीछे ही रह जाओगे सफलता प्राप्त करने के लिए आपको लगन व मेहनत का से नाता जोडना पडेगा तभी आपको अपनी मंजिल मिल जाएगी। इसलिए अपने आपको बदलने के लिए तैयार हो जाएं। ये शब्द मनीषी संत श्रीमुनि विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24 सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मुनि सुधाकर जी, मुनि नरेश कुमार जी, मुनि अतुल कुमाार जी ने रविवारीय प्रवचन किया।

मुनि सुधाकर ने रविवारीय प्रवचन मे कहा जीवन मे निखार लाना है तो अपने को अनुशासित करे। अनुशासित केवल बातों से नही बल्कि कर्म रूप से, हर कार्य, खान पान, व्यवहार व दिन की पूरी दिनचर्या को अनुशासित के रंग मे रंग कर देखिये जीवन कितना खुशनुमा हो जायेगा। यह बदलाव आपकी आदतों में होगा, आपकी दिनचर्या में होगा। आप अपने पसंद का म्यूजिक सुन सकते हैं और गार्डन में घुमने जा सकते हैं। ध्यान करें और बहुत कम बोलें। अपने विचारों को लिखें। यह ठहराव यकीनन बहुत ही अच्छा साबित होगा। आपकी जिंदगी को बदलाव और सुधार नजर आएगा।



### लीक तोड़कर ही जीवन लक्ष्य को पाया जा सकता है: नरेश मुनि

मुनि नरेश ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा जीवन मे कभी हार नही माननी चाहिए हर दिन नई ऊर्जा व उत्साह लेकर आता है। जो युवा जोखिम नहीं लेते ऐसे युवाओं को बदल पाना बेहद मुश्किल है। जब तक उन्हें स्वयं यह बोध न हो जाए कि जिंदगी आईएएस से कहीं अधिक बड़ी, अवसरों से भरी है। बस आपमें लीक तोड?र चलने, निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए. मनुष्य मोटे तौर पर अनुशासन विरोधी है, इसलिए जगह-जगह सूचनाएं लगाई जाती है कि यह करें, यह न करें. छोटी से छोटी, बड़ी से बड़ी कंपनियों, परिवार, देशों में अनुशासन की देखभाल के लिए विभाग, अफसर रखे गए है। हुनर को निखारने, सफलता की निरंतर यात्रा के लिए अनुशासन सबसे गंभीर उपकरण है. आप कितने ही प्रतिभाशालीक् यों न हों अगर आपके भीतर अनुशासन के लिए सम्मान नहीं है, तो इंटरनेशनल तो छोड़िए, किसी भी लेवल पर आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### घंमड को धीरे धीरे जीवन से निकालिए: मुनि अतुल कुमार जी

मुनिश्री अतुल कुमार ने फरमाया अनुशासन, नीम के पत्ते की तरह है, मिजाज कड़वा लेकिन खून साफ करता है. अनुशासन प्रिय व्यक्ति भी नीम के पत्तों की तरह होता है. कोहली कप्तानी के शुरुआती पड़ाव पर हैं. छोटे बच्चे की तरह मचल रहे हैं, इसलिए वह इंग्लैंड के मशहूर, बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज केविन पीटरसन से जितनी जल्दी सबक सीख लें उतना ही बेहतर होगा. क्रिकेट के जानकार केविन को कुछ बरस पहले तक दुनिया के सबसे सक्षम, संपूर्ण बल्लेबाज के रूप में जानते थे, लेकिन देखते ही देखते विवादों की सीरीज, घमंड को अपना स्वभाव मानने की गलती करते ही उनका करियर तबाह हो गया।

# सोमवार के दिन इस विधि से करें शिव पूजन, मिलेगी हर काम में सफलता



हिंदू धर्म में सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित माना गया है। बहुत से लोग सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा करते हैं। कुछ लोग सोमवार के दिन व्रत भी करते हैं। सोमवार के दिन कुछ विशेष उपाय करने से भोलेनाथ जल्द प्रसन्न होते हैं और राह में आने वाली हर बाधाओं को दूर करते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो भी व्यक्ति सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत करता है उसे भगवान शिव का आशिर्वाद प्राप्त होता है। शिव अपने भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। सोमवार का व्रत करने से जीवन से दुख, रोग, कलह, क्लेश और आर्थिक तंगी दूर होती है। जीवन में विवाह संबंधी कोई परेशानी आ रही हो तो सोमवार का व्रत और पूजा करने से लाभ मिलता है।

सोमवार के दिन स्नान करने के बाद 108 बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। इससे जीवन में सुख-समृद्धि आती है। सोमवार के दिन शिव की पूजा में बिल्व पत्र, अक्षत, चंदन, धतूरा और आंकड़े का फूल चढ़ाएं। इससे भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। सोमवार के दिन भगवान शिव का अभिषेक करने से विवाह संबंधित सभी दिक्कतें दूर होती हैं। सोमवार की पूजा हरे, लाल, सफेद, केसरिया, पीला या आसमानी रंग का वस्त्र पहन कर करें।

### शिव पूजन में न करें यह काम

भगवान शिव को प्रसन्न करना बेहद आसान होता है लेकिन जरा सी चूक से भगवान शिव नाराज भी हो जाते हैं। सोमवार की पूजा कभी भी काले रंग के वस्त्र पहन कर नहीं करनी चाहिए। भगवान शिव की पूजा में तुलसी का प्रयोग वर्जित माना गया है। भगवान शिव को कभी भी नारियल का पानी नहीं चढ़ाना चाहिए।

# पिस्तौल से हमला करने मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन



पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मतलौडा अनाज मंडी में पंचायत के दौरान पिस्तौल से फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामलें में पांचवें आरोपी को शनिवार शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कवि गांव निवासी अजीत उर्फ जीता के रूप में हुई है।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेटर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी अजीत उर्फ जीता ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके चार आरोपियों खुखराना निवासी शुभम उर्फ शुभि, मतलौडा निवासी दीपक व सोनू व खंडरा गांव निवासी विकास व फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पुलिस ने रविवार को पूछताछ के बाद आरोपी अजीत उर्फ जीत को माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके चार आरोपियों शुभम उर्फ शुभि, दीपक, सोनू व विकास के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक देसी पिस्तौल बरामद कर चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा चुका है।

**यह है मामला:** थाना मतलौडा में मतलौडा निवासी जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह 9 अक्तूबर को दिन में मतलौडा नई अनाज मंडी में दुकान नंबर 35 पर मौजूद था। उसके साथी सुरेंद्र को मतलौडा निवासी सुरेश ने फोन कर मंडी में पचायत के लिए बुलाया था। गांव कवि निवासी जीतू ने किसी पुराने विवाद के निपटाने करने के नाम पर पंचायत बुलाई थी। पंचायत में करीब 50 से 60 लोग मौजूद थे। इसी दौरान दोनों पक्षा में बहस हो गई। इसी बीच जीतू ने उसे नीचे आकर अकेले में बात करने के लिए कहा। जीतू उससे पहले सीढियों से नीचे उतर गया। वह सीढियों से नीचे उतरने लगा तभी जीतू ने उस पर फायरिंग कर दी। जिनमे से एक गोली उसकी बाजू पर लगी। जीतू के साथियों ने पीछे से धक्का दिया उसके नीचे गिरते ही जीतू ने दोबारा से उस पर फायरिंग कर दी। और दूसरी गोली उसकी थाई पर लगी। उसके साथियों को बंधक बनाकर मारपीट की। मंडी में मौजूद अन्य लोगों ने मुक्त कराया। ईलाज के लिए उसको सरकारी अस्पताल लेकर गए। प्राथमिक उपचार मिलने के बाद जिला के एक नीजी अस्पताल में दाखिल कराया। जांन से मारने की नीयत से आरोपी हथियार लेकर आए थे। थाना मतलौडा में जितेंद्र की शिकायत पर अभियोग दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच व आरोपियों की धरपकड़ शुरू कर दी थी।

# मानव जीवन का उद्देश्य सत्य को जानना

मानव जीवन का यही उद्देश्य है, यही प्रयोजन है कि हर इन्सान इस सत्य को, इस हरि का, इस निरंकार को प्राप्त करें जो कल भी था, आज भी है और आगे भी रहने वाला है। जा कभी कम ज्यादा होने वाला नहीं। बाकी सब चीजें तो कम-ज्यादा होने वाली हैं। एकरस रहने वाली नहीं। जितनी भी चीजें इससंसार में देख रहे हैं, सूरज है, धरती है, पानी है। पानी कभी गर्म होता है, कभी ठण्डा होता है सर्दियों में बरफ भी बन जाता है और गर्म करने से तो वह भाप भी बन जाता है। वह कभी एकरस नहीं रहता। इसी तरह से सूरज भी एकरस नहीं रहता। सूरज भी एक समय पर है, लेकिन थोड़ी देर के बाद वहां पर सूरज नहीं होता, उसकी रोशनी नहीं होती। जैसे अभी आप देखते हैं कि इस समय सूरज की रोशनी यहां पर नहीं, यह धरती के दूसरी तरफ चली गई है। इसी तरह से सभी चीजें जो हम देते हैं, ये एकरस नहीं रहती हैं। स्थिर नहीं रती हैं। अगर इन्सान इन्हीं के ऊपर निर्भर करता है तो जिस तरह से ये डुलायमान है, एकरस नहीं रहती, इसी तरह से इन्सन के मन को भी चैन नहीं मिलता, इसको भी स्थिरता प्राप्त नहीं होती। यह सहज अवस्था कब प्राप्त होती है? जब इस सहज प्रभु के साथ हमारा नाता जुड़ जाता है, जो एकरस रहने वाला है। चाहे समय कैसा भी आ जाए, चाहे हम किसी भी स्थान पर चले जायें, यह एकरस ही रहता है। हमेशा कायम-दायम रहता है। इस कायम-दायम रहने वाली सत्ता के साथ जितना भी नाता जोड़ लिया जाता है, वह हमेशा के लिए एकरस अवस्था वाला संत बन जाता है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

इस आत्मा (चेतन सत्ता) के कारण ही इस शरीर का चलना फिरना है, यही जीवन है। इसी की वास्तव में हमने पहचान करनी हे कि हम यह शरीर नहीं, बल्कि एक आत्मा हैं। आत्मा की ही महत्ता है। अगर आत्मा को हमने पाया नहीं और सभी काम हम करते रहे, शरीर को सजाते श्रृंगारते रहे, इसको धष्ट-पुष्ट करते रहे, लेकिन इस आत्मा का हमने कुछ नहीं किया, इस मन को हमने इस प्रभु के साथ नहीं जोड़ा, तो हमारा इस संसार में आना व्यर्थ ही चला जाएगा। तभी तो महापुरुषों ने कहा है कि-

रैणि गवाई सोई कै दिवसु गवाइआ खाइ।

हीर जैसा जनमु है कउडी बदले जाइ।

हीरे जैसा अमोलक जन्म भी कौड़ियों के भाव चला जाता है। महापुरुषों ने जो भी इस प्रभु के बारे में कहा है, इस पर हमें विचार करना है। इसे अपनाना है। इस परमात्मा का केवल नाम ही नहीं लेना है। जैसे, कुछ तोते कहीं से सीख गए कि- शिकारी आयेगा, जाल बिछाएगा, हमें फंसाना चाहेगा, हम नहीं फसेंगे। ऐसी बातें वे बोलते थे, तो शिकारी ने समझा कि मैं तो इनको अब नही पकड़ पाऊंगा। शिकारी बहुत उदास हो गया। सोचने लगा कि तोते बेचकर ही तो मैं अपने परिवार का गुजारा करता हूं, परन्तु अब तो ये समझ गए हैं, अब मैं भूखा मरुंगा। वह उदास होकर बैठ गया। जब शाम होने लगी, तो उसने सोचा कि मेरे पास जाल भी है, मेरे पास दानें भी है। मैं बिछाकर तो देखूं। उसने जाल बिछा दिया और दाने वहां बिखेर दिये। तोते आए और जाल के ऊपर बैठ गए और दाने चुगने लगे । वो तब भी यही बोल रहे थे कि - शिकारी आयेगा, जाल बिछाएगा, हमें फंसाना चाहेगा, हम नहीं फसेंगे। शिकारी ने उन सभी को लपेट कर कन्धे पर रख लिया।

## पंचांग

सोमवार, 3 नवम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:34 ए एम, सूर्यास्तः 05:34 पी एम, चन्द्रोदयः 03:54 पी एम, चन्द्रास्तः 04:57 ए एम, नवम्बर 04, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः सोमवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः त्रयोदशी - 02:05 ए एम, नवम्बर 04 तक, नक्षत्रः उत्तर भाद्रपद - 03:05 पी एम तक, योगः हर्षण - 07:40 पी एम तक, करणः कौलव - 03:40 पी एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 02:05 ए एम, नवम्बर 04 तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः मीन, राहुकालः 07:57 ए एम से 09:19 ए एम, गुलिक कालः 01:27 पी एम से 02:49 पी एम, यमगण्डः 10:42 ए एम से 12:04 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:42 ए एम से 12:26 पी एम, दुर्मुहूर्तः 12:26 पी एम से 01:10 पी एम, दुर्मुहूर्तः 02:38 पी एम से 03:22 पी एम, अमृत कालः 10:41 ए एम से 12:09 पी एम, वर्ज्यः 01:50 ए एम, नवम्बर 04 से 03:16 ए एम, नवम्बर 04

## भविष्य फल



**मेषः** अत्यधिक फिजूलखर्ची वित्तीय कठिनाइयों को दावत दे सकती है। आप कुछ चिड़चिड़ाहट महसूस करेंगे।

**वृषः** आज आप आलस और थकान भी महसूस कर सकते हैं। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें।

**मिथुनः** आज आप अपने डेली रूटीन में बदलाव कर सकते हैं। आप अपने साथियों को खुश रखने की कोशिश करेंगे।

**कर्कः** आज आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। यदि कोई समस्या है, तो उसे शान्ति से बातचीत करके सुलझाएं।

**सिंहः** परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश पाने वाले सफल होंगे।

**कन्याः** नौकरी में बेकार के कामों में आप उलझ सकते हैं। अच्छे नतीजों के लिए जरूरत से ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**तुलाः** आज आपको कुछ घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। आप कामकाज में बहुत हद तक सफल हो सकते हैं।

**वृश्चिकः** आप अपनी कलात्मकता और सृजनात्मकता का उपयोग कर पाएंगें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें।

**धनुः** आज का दिन हंसी-खुशी बीतेगा। आपके पास कई अच्छे अवसर होंगे। वरिष्ठों के सहयोग से वित्तीय स्थिति में भी काफी सुधार होगा।

**मकरः** आज आपका कारोबार बढ़ सकता है। जूनियर भी आपकी मदद करेंगे। कोई टेंशन भी आज खत्म हो सकती है।

**कुंभः** आज आपका सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा।

**मीनः** आज आप परिवार के किसी सदस्य के मनोदशा के साथ खेलकर मनमाना कदम उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

# पंजाब नैशनल बैंक चंडीगढ़ ने वॉकाथन का किया आयोजन




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब नैशनल बैंक के सैक्टर 17 चंडीगढ़ स्थित मंडल कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान अंचल प्रबंधक ललित तनेजा की अगुवाई में वॉकाथन का आयोजन किया गया जिसमें उप अंचल प्रबंधक सिकंदर पाल एवं मंडल प्रमुख संजीव सिंह सहित 45 से अधिक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंचल प्रबंधक तनेजा ने कहा कि बैंक सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा हैं जिसमें वॉकाथन भी शामिल है।

उन्होंने आगे कहा कि आज की इस वॉकाथन का उद्देश्य लोगों को भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना है। रिश्वत लेना और देना दोनों ही ग़लत हैं और जब तक समाज जागरूक नहीं होगा तब तक कोई भी अभियान पूर्ण नहीं हो सकता। इस वॉकाथन के माध्यम से हम लोगों को सतर्क और जागरूक बनाना चाहते हैं।

## हरिया साग

मंदिर मस्जिद हो गए झल्ले, देख रहे सब गल्ले
गनपति जी आकर दौड़े, पपीता केला सवा करोड़े
हरिया साग दे गई रेहड़ी, उससे बड़ी बिल्ली केड़ी
नाच नचनिया हो रहा है, कोई रो रहा है कोई सो रहा है
प्रीतम पोती तेरी खेल रही है, खुशियां च आके चक गनेड़ी

-प्रीतम सिंह, चंडीगढ़

# कीर्तन समागम का उद्देश्य हर मानव तक ब्रह्मज्ञान का संदेश पहुंचाना: भाई सतनाम सिंह जोधका

**कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने भी समागम में की शिरकत, गुरुओं का लिया आर्शीवाद**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**गोहाना।** गुरु भाई सतनाम सिंह जोधका ने कहा कि समागम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि आत्मिक जागृति और जीवन के सच्चे उद्देश्य को पहचानने का अवसर है। संत समागम का मुख्य उद्देश्य हर मानव तक ईश्वर ज्ञान यानी ब्रह्मज्ञान का संदेश पहुंचाना है, ताकि हर व्यक्ति अपने मन से अज्ञान का अंधकार मिटाकर आत्मिक शांति और पवित्रता का अनुभव कर सके। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शिरकत की और गुरुओं का आर्शीवाद लिया। आसन कलां गद्दीशीन भाई सतनाम सिंह जोधका शनिवार को देर रात गुरु नानक धर्मशाला में आयोजित रैन सभाई कीर्तन समागम में प्रवचन रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रेम, नम्रता, भक्ति और एकता का वातावरण इस समागम को दिव्य बनाता है।

संतों और भक्तों की संगति, सत्संग के संदेश, कविताएँ, भजन, प्रवचन और गुरु चर्चा से पूरे परिसर में एक अनोखी भक्ति-भावना फैल जाती है। उन्होंने कहा कि आत्ममंथन के माध्यम से यह संदेश है कि ईश्वर को पाने के लिए पहले स्वयं को समझना आवश्यक है। अपने भीतर झाँककर यह देखना कि क्या हम आलोचना, ईर्ष्या, और द्वेष से मुक्त हैं या नहीं। गुरुओं की शिक्षाएं हमें यही सिखाती हैं कि अपने मन को नकारात्मकता से मुक्त करके प्रेम और सेवा के भाव में जियें। समागम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि गुरुओं व साधू संतों ने ही हमेशा से ही समाज के कल्यान के लिए संदेश दिया है और समाज को सही रास्ता दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से होती है। जब हम हर कार्य में ईश्वर को शामिल करते हैं, सेवा, ध्यान और सत्संग को प्राथमिकता देते हैं, तभी मन की वास्तविक शांति प्राप्त होती है। ब्रह्मज्ञानी व्यक्ति संसार में रहते हुए भी माया से ऊपर होता है, वह हर स्थिति में निरंकार की इच्छा को स्वीकार करता है और जीवन को कृतज्ञता के भाव से जीता है। सच्चा भक्त वही है जो दुःख-सुख में सम रहता है, शिकायत नहीं करता और हर परिस्थिति में ईश्वर की कृपा को पहचानता है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गुरु नानक धर्मशाल के निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर सभा प्रधान सुरेश मक्कड़, सोनू मक्कडद्व, रवि सिंधवानी, मनोज बजाज, दिक्षांत, सुरेश अरोड़ा, पारस वधवा, साहिल वधवा आदि उपस्थित रहे।




# कल होगा सोनीपत में खेलों के ट्रायल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा खेल विभाग के द्वारा 11 नवंबर से 13 नवंबर तक राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेलों का आयोजन पंचकुला एवं अंबाला में किया जाएगा। छह खेलों में प्रतियोगिता होगी। जिसमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी एवं हैंडबॉल शामिल है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जिला के खिलाड़ियों का इन खेलों के लिए ट्रायल का आयोजन 4 नवंबर को किया जाएगा। ट्रायल का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। एथलेटिक्स - स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4, सोनीपत, बैडमिंटन - मलिक बैडमिंटन अकादमी, सोनीपत, वॉलीबॉल - प्रताप स्कूल, खरखौदा, हैंडबॉल - सुभाष स्टेडियम, सोनीपत, तैराकी - ब्राइट स्कॉलर, सोनीपत, बास्केटबॉल - सीआरजड स्कूल, सोनीपत, अधिक जानकारी के लिए खिलाडी जिला खेल कार्यालय, सुभाष स्टेडियम, सोनीपत में सम्पर्क कर सकते है।

# जयराम विद्यापीठ में हुआ तुलसी शालिग्राम विवाह अनुष्ठान व यज्ञ

**विद्यापीठ के ब्रह्मचारियों एवं विद्वान ब्राह्मणों ने सम्पन्न करवाया अनुष्ठान**

अर्थ प्रकाश/अमित

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से रविवार को जयराम विद्यापीठ में हर वर्ष की भांति तुलसी शालिग्राम विवाह अनुष्ठान एवं यज्ञ हुआ। यह यज्ञ एवं अनुष्ठान आचार्य प. प्रतीक शर्मा ने जयराम संस्कृत महाविद्यालय के ब्रह्मचारियों तथा विद्वान ब्राह्मणों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न करवाया। आचार्य प्रतीक शर्मा ने बताया कि यह अनुष्ठान देवउठनी एकादशी के अवसर पर आयोजित होता है। एकादशी पूजन एवं यज्ञ यजमान ओमप्रकाश तथा उनके परिवार के सदस्यों ने सम्पन्न करवाया। आचार्य प. प्रतीक ने बताया कि विद्यापीठ में बहुत ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ तुलसी विवाह का पावन पर्व मनाया गया। विद्यापीठ मंे यह अनुष्ठान पूरी तरह से पारंपरिक रस्मों के अनुसार होता है, जिसमें भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप का विवाह तुलसी के पौधे (वृंदा देवी का रूप) से कराया जाता है। आचार्य प. प्रतीक शर्मा ने बताया कि देवउठनी एकादशी के अगले दिन यह विवाह होता है। इस दिव्य अनुष्ठान में भाग लेने या इसे आयोजित करने से व्यक्ति के वैवाहिक जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर कुलवंत सैनी, श्रवण गुप्ता, केके कौशिक, सुरेंद्र गुप्ता, राजेश सिंगला, टेक सिंह, यशपाल राणा,



राष्ट्रपति का उत्तराखंड दौरा

# वैदिक ज्ञान व आधुनिक विज्ञान से वैश्विक समाधान: राष्ट्रपति मुर्मु

## पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में की शिरकत



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**हरिद्वार।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को उत्तराखंड पहुंचीं। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। इसके बाद राष्ट्रपति ने हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शिरकत की और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं की बढ़ती भागीदारी की भी प्रशंसा की।

समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश के महान व्यक्तित्वों ने मानव संस्कृति और ज्ञान को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने महर्षि पतंजलि का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने योग से मन की अशुद्धियों को दूर किया, व्याकरण से वाणी को सुधारा और आयुर्वेद से शरीर को स्वस्थ बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय समाज को महर्षि पतंजलि की महान परंपरा से जोड़ने का काम कर रहा है, जो बहुत सराहनीय प्रयास है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा और शोध को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने इस पहल की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास से स्वस्थ भारत बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने विश्वविद्यालय की भारत-केंद्रित शिक्षा दृष्टि को भी सराहा और बताया कि यह शिक्षा विश्वबंधुत्व की भावना, प्राचीन वैदिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक शोध को जोड़कर वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है।

राष्ट्रपति ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के अनुसार जीवन जीने का महत्व समझाया और कहा कि भविष्य में यह न केवल उनके लिए बल्कि पूरे मानव समाज के लिए जरूरी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के छात्र जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी संस्कृति की खासियत है कि यह सभी का भला चाहती है। यही सोच समाज में सद्भाव और समावेशी विकास का रास्ता बनाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि पतंजलि विश्वविद्यालय के छात्र जीवन में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाकर स्वस्थ समाज और विकसित भारत बनाने में योगदान देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि जब हम एक-एक व्यक्ति को पोषित करते हैं, तो उसका असर परिवार, समाज और राष्ट्र पर पड़ता है। पतंजलि विश्वविद्यालय इसी रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है और उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यहां से उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र अपने ज्ञान और आचार से समाज और देश की उन्नति में भागीदारी निभाएंगे।

उत्तर मध्य रेलवे ने दर्ज किया प्रभावशाली प्रदर्शन

# अक्तूबर 2025 तक लदान में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि और माल भाड़ा राजस्व अर्जन में उल्लेखनीय सुधार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**नई दिल्ली।** उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) ज़ोन ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अक्टूबर 2025 तक अपने माल लदान और उससे प्रतिफलित राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। इसमें प्रारंभिक लोडिंग और अनलोडिंग में सुधार उल्लेखनीय है। यद्यपि उत्तर मध्य रेलवे एक मूलतः यात्री सेवा यातायात वाली रेल है और इस पर बहुतायत पासिंग माल परिवहन होता है पर एक कुशल योजना निर्माण, बेहतर ग्राहक सुविधा प्रयासों और उत्कृष्ट क्रियान्वयन द्वारा इस उपलब्धि को हासिल किया गया है।

उत्तर मध्य रेलवे ने अपने आरंभिक माल लदान के क्रम में अक्टूबर 2025 में, 1.652 मिलियन टन (एमटी) माल लदान दर्ज किया। यह पिछले वर्ष के इसी महीने अक्टूबर 2024 में 1.357 एमटी की तुलना में 21.7त्न की असाधारण वृद्धि है। इसी क्रम में अप्रैल-अक्टूबर 2025 तक वित्तीय वर्ष के लिए संचयी लदान 11.68 एमटी रहा। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में हासिल किए गए लदान की तुलना में 7.9 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि है। यह इंक्रीमेंटल लोडिंग के क्रम में भारतीय रेल के समस्त जोनों की तुलना में तीसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

इस माल लदान में वृद्धि का सीधा असर माल लदान राजस्व में भी हुआ है और वर्तमान वित्त वर्ष के अक्टूबर 2025 के महीने तक कुल माल अर्जन 1313.61 करोड़ रही जबकि पिछले वर्ष यह 1201.97 करोड़ थी। यह यह प्रदर्शन 111.64 करोड़ की शुद्ध वृद्धि को दर्शाता है। यह 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 9.3त्न की वृद्धि है और यह वृद्धि भी भारतीय रेल का तीसरा सबसे बेहतर अर्जन प्रतिशत वृद्धि है। इसी क्रम में ज़ोन की आवक यातायात को संभालने की क्षमता भी अनलोडिंग की वृद्धि में परिलक्षित हुई है। वर्तमान वर्ष की संचयी अनलोडिंग के क्रम में उत्तर मध्य रेलवे ने 43.01 एमटी की अनलोडिंग की है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में हुई अनलोडिंग की तुलना में 10.6 प्रतिशत का सुधार है जो संपूर्ण भारतीय रेल का दूसरा सबसे बेहतर प्रदर्शन है। इस प्रदर्शन पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह ने सभी संबंधित विभागों और कर्मियों को बधाई देते हुए और आगे भी प्रदर्शन बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि 'हमारे अक्टूबर के मासिक लदान में दोहरे अंकों की वृद्धि और माल भाड़ा अर्जन में लगभग 10 प्रतिशत का सुधार हमारी टीम के समर्पण और हमारी ग्राहक-केंद्रित रणनीतियों की सफलता का प्रमाण है, और हम अपने वार्षिक लक्ष्यों को पार करने और कुशल एवं भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करके राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान जारी रखने के लिए इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अरावली इंटरनेशनल स्कूल में 'महाभारत' का समापन, 'कुरुक्षेत्र का महान युद्ध' हुआ मंचित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** अरावली इंटरनेशनल स्कूल, पंचकूला में चल रहे तीन दिवसीय नाट्य उत्सव 'महाभारत' का समापन शनिवार को एक भव्य और मनमोहक प्रस्तुति 'कुरुक्षेत्र का महान युद्ध' के साथ हुआ। विद्यालय के एम्फीथिएटर में हुए इस अंतिम अध्याय ने दर्शकों को महाकाव्य की गहराइयों और जीवन दर्शन से रूबरू कराया।

छात्रों ने मंच पर पांडवों और कौरवों के बीच हुए ऐतिहासिक युद्ध की गाथा को जीवंत कर दिया। प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण के गीता उपदेश, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में वीरतापूर्ण संघर्ष, कर्ण का आत्मबलिदान और दुर्योधन का पतन जैसे प्रसंगों को अत्यंत प्रभावशाली अभिनय और संवादों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने जिस आत्मविश्वास और भावनात्मक गहराई के साथ अभिनय किया, उसने दर्शकों के हृदय को छू लिया। पूरे मंचन में संगीत, नृत्य और प्रकाश व्यवस्था का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। आकर्षक परिधानों, प्राचीन काल की झलक देते मंच साज-सज्जा और जीवंत संवादों ने इस प्रस्तुति को एक ऐतिहासिक अनुभव में बदल दिया। दर्शक मानो स्वयं कुरुक्षेत्र की रणभूमि में उपस्थित हो गए हों।

कार्यक्रम का मुख्य संदेश शांति, धर्म और आत्मचिंतन पर आधारित रहा। नाटक ने यह स्मरण कराया कि धर्म और अधर्म के संघर्ष में सत्य और नीति की विजय ही मानवता का आधार है। विद्यालय ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल भारतीय संस्कृति और इतिहास की झलक प्रस्तुत की, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, टीम भावना और आत्म-अभिव्यक्ति को भी प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के समापन पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और स्टैंडिंग ओवेशन के साथ छात्रों और शिक्षकों की मेहनत को सराहा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है।

# अश्विनी वैष्णव से मिले सीएम सरमा, असम में रेल नेटवर्क के विस्तार व कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने असम में रेलवे नेटवर्क के विस्तार और राज्य की कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

रेल मंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित यह बैठक करीब 25 मिनट तक चली, जिसमें दोनों नेताओं ने रेलवे से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री सरमा ने असम से अन्य राज्यों की ओर आने-जाने वाली तीन नई अमृत भारत ट्रेनें शुरू करने का विशेष अनुरोध किया।

बैठक में अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। सरमा ने कोकराझार से भूटान की गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी तक प्रस्तावित रेलवे लाइन के कार्य को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया। यह परियोजना भारत-भूटान सीमा पार सहयोग को मजबूत करेगी और दोनों देशों के बीच व्यापार, पर्यटन तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। गेलेफू सिटी भूटान की महत्वाकांक्षी परियोजना है, जो ध्यान और पर्यावरण-अनुकूल विकास पर केंद्रित है। इसके पूरा होने से पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने असम से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में अधिक स्टॉपेज की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि इससे स्थानीय यात्रियों को सुविधा मिलेगी, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को, जो लंबी दूरी की यात्रा के दौरान असुविधा झेलते हैं। सरमा ने कहा कि रेलवे का विस्तार असम के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है, क्योंकि बेहतर कनेक्टिविटी से उद्योग, कृषि और पर्यटन क्षेत्रों में निवेश आकर्षित होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेल मंत्रालय इन सुझावों को प्राथमिकता देगा और जल्द ही कार्यान्वयन शुरू करेगा। मंत्री ने बैठक को 'उत्पादक' बताते हुए कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों की कनेक्टिविटी केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। सरमा ने बताया कि मंत्री ने तीन नई अमृत भारत ट्रेनें, उमरंगसो-लंका रेल संपर्क, कोकराझार-गेलेफू लाइन की तेजी और अतिरिक्त ठहरावों पर 'सौजन्य सहमति' जताई है।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने लिखा, मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ एक बहुत ही उपयोगी बैठक हुई। हमने असम में रेलवे के विस्तार और लोगों के लिए समग्र कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

# पन्ना में 178 लीटर अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**पन्न।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक आई-10 कार सहित 178 लीटर अवैध शराब जब्त की है। वहीं दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, 1 नवम्बर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक काले रंग की होंडा आई-10 कार सतना की ओर से भारी मात्रा में शराब लेकर आ रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जंगल ढावा के पास सतना- पन्ना मार्ग पर कार को रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार तीन व्यक्तियों से पूछताछ के बाद कार की जांच की गई, जिसमें खाकी रंग के 20 कार्टन में 992 क्वार्टर (करीब 178.56 लीटर) अवैध अंग्रेजी 'गोवा' एवं देशी मदिरा (प्लेन और मसाला) पाई गई, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे यह शराब अबरार अली निवासी कुंजवन रोड, गहरा और शमशेर खान निवासी आगरा मोहल्ला, पन्ना के कहने पर नागौद क्षेत्र से लेकर आए थे। पुलिस ने आरोपियों लकी उर्फ संतोष कोंदर (24), दीपक कुशवाहा (36) और रामप्रकाश उर्फ रंगा (35) सभी निवासी पन्ना को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना कोतवाली पन्ना में अपराध क्रमांक 916/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# केंद्र से मिलती है 42 रुपए किलो चावल, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ले रही श्रेय: किशन रेड्डी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**हैदराबाद।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रविवार को तेलंगाना की कांग्रेस सरकार को उत्तम चावल योजना को रद्द करने की चुनौती दी।

वह जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की कथित धमकी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर वे उपचुनाव में किसी अन्य पार्टी के उम्मीदवार को चुनते हैं, तो सरकार उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से गरीब परिवारों को मुफ्त बढ़िया चावल की आपूर्ति सहित कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर देगी।

एक प्रेस कॉन्फ्रेस को संबोधित करते हुए, किशन रेड्डी ने मांग की कि कांग्रेस सरकार को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि बढ़िया चावल योजना कौन लागू कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि उत्तम चावल योजना राज्य सरकार की योजना नहीं है, और मुख्यमंत्री लोगों को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र सरकार सभी योजनाओं में चावल योजना लागू कर रही है। केंद्र सरकार इस योजना के तहत प्रति किलो चावल 42 रुपए दे रही है, जबकि राज्य सरकार केवल 15 रुपए दे रही है, लेकिन इसे अपनी योजना बता रही है। 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे किशन रेड्डी ने कहा कि भाजपा ने बढ़िया चावल योजना को बंद करने की मुख्यमंत्री की धमकी के बारे में चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा नेता ने कहा कि किसी खास पार्टी को वोट न देने पर कल्याणकारी योजनाओं को रोकने की धमकी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में लोगों को धोखा देकर सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूरी तरह से दिवालिया बना दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री के इस आरोप को खारिज कर दिया कि वह हैदराबाद मेट्रो विस्तार को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निर्वाचन क्षेत्र में एमआईएम के वोट पाने के लिए भाजपा की आलोचना करने का भी आरोप लगाया। किशन रेड्डी ने कहा कि भाजपा उपचुनाव के प्रचार अभियान के तहत जुबली हिल्स में 50 महापदयात्राएं कर रही है। भाजपा नेता और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस और बीआरएस की नाकामियों के बारे में बता रहे हैं। लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि अगर उनका उम्मीदवार चुना जाता है तो भाजपा कैसे निर्वाचन क्षेत्र में विकास सुनिश्चित करेगी। जुबली हिल्स, सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जिसका प्रतिनिधित्व किशन रेड्डी करते हैं।

# एसआईआर के मुद्दे पर डीएमके जनता को गुमराह कर रहा: तमिलिसाई सौंदर्यराजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**चेन्नई।** तेलंगाना-पुडुचेरी की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन ने रविवार को सत्तारूढ़ डीएमके पर चुनाव आयोग की मतदाता सूची की विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया को जानबूझकर गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डीएमके राजनीतिक फायदे के लिए जनता को गुमराह कर रही है।

तमिलिसाई ने डीएसके नेताओं की ओर से एसआईआर प्रक्रिया की आलोचना का करारा जवाब देते हुए कहा, डीएमके ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को स्पेशल इंटेंसिव रजिस्ट्रेशन कहकर अपनी नासमझी दिखाई है। जब डिप्टी चीफ मिनिस्टर खुद यह सही से नहीं बता सकते कि एसआईआर का मतलब क्या है तो इससे पता चलता है कि उन्हें इसकी ज्यादा समझ नहीं है। वे सिर्फ राजनीतिक कारणों से इसका विरोध कर रहे हैं। एसआईआर के मकसद को साफ करते हुए उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमीशन का यह काम एक साफ और सही वोटर डेटाबेस पक्का करने के लिए है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर का मकसद 18 साल के हो चुके नए वोटर्स को शामिल करना, मरे हुए लोगों के नाम हटाना और डुप्लीकेट या नकली एंट्री को खत्म करना है। यह प्रोसेस पूरी तरह से ट्रांसपेरेंट है, जिसमें नागरिकों को वेरिफाई करने और आपत्तियां उठाने का मौका मिलता है।

चुनाव आयोग के शेड्यूल के अनुसार, घर-घर जाकर वेरिफिकेशन ड्राइव 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगी, जिसके बाद 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक ऑब्जेक्शन और करेक्शन का समय होगा। शिकायतों की जांच 31 जनवरी तक की जाएगी और फाइनल वोटर लिस्ट 7 फरवरी, 2026 को पब्लिश की जाएगी। तमिलिसाई ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह रिवीजन 12 राज्यों में एक साथ किया जा रहा है, जिसमें भाजपा शासित कई राज्य भी शामिल हैं।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि अगर यही प्रोसेस पूरे देश में हो रहा है, तो इसे तमिलनाडु या डीएमके के खिलाफ कदम कैसे कहा जा सकता है? डीएमके पर डर फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी का विरोध इनसिक्योरिटी की वजह से है। तमिलिसाई ने आरोप लगाया कि डीएमके यह सफाई प्रक्रिया नहीं चाहती क्योंकि वे गड़बड़ियों से ही फायदा उठाते हैं। उन्हें डर है कि उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने जो फर्जी वोटर जोड़े थे, वे इस गहन रिवीजन से हटा दिए जाएंगे।

# आरेडिका में सर्तकता बुलेटिन का विमोचन



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2025 27 अक्तूबर से 02 नवंबर तक आयोजित किया गया। महाप्रबंधक सभागार में महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सतर्कता बुलेटिन के दसवें संस्करण का विमोचन किया एवं सतर्कता विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2025 के दौरान किए गये क्रियाकलापों का सारांश प्रस्तुत किया। मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद ने प्रजेण्टेशन के माध्यम से सतर्कता के संबंध में जानकारी दी। सतर्कता बुलेटिन में आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने लेखों, कार्टूनों, प्रकरण अध्ययनों तथा कविताओं के माध्यम से लोंगों को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया है।

सर्तकता बुलेटिन के विमोचन के अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आभा जैन, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र एवं अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2025 के तहत ग्राहक/ठेकेदारों शिकायत निवारण शिविर आदि पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजक एवं मुख्य वक्ता, एस. के. झा, मुख्य सामग्री प्रबन्धक ने ग्राहक/ठेकेदार शिकायत निवारण से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर मे उपस्थित विक्रेताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अपनी-अपनी शिकायतों के बारे में बताया, जिन पर संबंधित विभाग के द्वारा नोट कर उचित निवारण करने का आश्वासन दिया गया। इसी अवसर पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मे 'सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमे आरेडिका परिसर के निवासियों ने काफी संख्या मे उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया जो अत्यधिक प्रेरणादायक रहा।

# रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कपूरथला।** रेल डिब्बा कारखाना कपूरथला में 27 अक्टूबर से मनाया जा रहा सतर्कता जागरूकता सप्ताह - 2025 ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति नए संकल्प के साथ संपन्न हुआ। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सी वी सी) के दिशानिर्देशों के अनुसार, 'सतर्कता- हमारी साझा ज़िम्मेदारी' विषय पर आधारित इस सप्ताह को पूरे उत्साह का साथ आयोजित किया गया।

कर्मचारियों और जनता के बीच नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के लिए रेल डिब्बा कारखाना के विभिन्न विभागों और स्कूलों में सेमिनार, ईमानदारी शपथ समारोह, भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताएं, पोस्टर और बैनर प्रदर्शन, आउटरीच कार्यक्रम सहित कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सप्ताह का समापन एक सतर्कता जागरूकता रैली के साथ हुआ, जिसमें आर सी एफ स्काउट्स और गाइड्स ने आर सी एफ परिसर का चक्कर लगाया और लोगों को सतर्कता और नैतिक आचरण के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए बैनर दर्शाते हुए और सतर्कता जागरूकता पर नारे लगाए। इसके अलावा, कर्मचारियों और नागरिकों के बीच ईमानदारी को बढ़ावा देने और पारदर्शिता एवं नैतिक आचरण के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए सतर्कता जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर रेल डिब्बा कारखाना के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सी वी ओ) श्री विनोद पाल ने निवारक सतर्कता उपायों को अपनाने और भ्रष्टाचार मुक्त कार्य संस्कृति विकसित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जागरूकता पहलों में कर्मचारियों, छात्रों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। कर्मचारियों से सप्ताह के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाली ऑनलाइन शिकायत और शिकायत निवारण प्रणालियों का पूरा उपयोग करने का आग्रह किया गया।

सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए और उत्कृष्ट भागीदारी दिखाने वाले सभी लोगों को प्रशंसा पत्र दिए गए ।

# हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में लापरवाही से मां-शिशु की मौत, परिजन ने की तोड़फोड़

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रांची।** झारखंड के हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बीती रात एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें लापरवाही के कारण चांदनी कुमारी और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई।

परिजनों ने बताया है कि प्रसव वेदना से पीडित चांदनी कुमारी को अस्पताल के ओटी रूम में भर्ती कराया गया था, जहां वह ओटी बेड से गिर गई। गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिवार वालों का आरोप है कि ओटी रूम में डॉक्टर मौजूद नहीं थे और बच्चे सिर्फ नर्स की देखरेख में जन्म ले रहे थे। नर्स की लापरवाही के कारण चांदनी ओटी बेड से गिर गई, जिससे उसकी और उसके गर्भस्थ बच्चे की जान चली गई। परिजन अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और गंभीर चिकित्सा सुविधाओं के अभाव के आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद परिजन अस्पताल में आकर जमकर हंगामा किया और तोड़फोड़ भी की।

वहीं, अस्पताल के सदर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने आज इस मामले में परिजनों की ही लापरवाही को मौत की वजह बताया। उन्होंने कहा कि महिला के गिरने में मरीज के परिवारवालों की गलती थी और जब वह गिर गई, तो परिजन उसे जबरन निजी अस्पताल ले गए। इस दौरान महिला की मौत हो गई।

# गैंगस्टर गुरदेव जस्सल और गुरलाल उर्फ गुल्लू के दो अन्य गुर्गे गुरदासपुर से गिरफ्तार; तीन पिस्तौलें बरामद

गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पंजाब में विरोधी गैंग के सदस्यों की टारगेट किलिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी: डीजीपी गौरव यादव

आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ व बरामदगियाँ होने की संभावना: डीआईजी बॉर्डर रेंज संदीप गोयल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरदासपुर, 2 नवम्बर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुरदासपुर पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी संगठन से जुड़े कट्टरपंथी गैंगस्टर गुरदेव जस्सल और गुरलाल उर्फ गुल्लू के दो और गुर्गों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से तीन .32 बोर की पिस्तौलें, मैगजीनें और जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इस बारे में जानकारी आज डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान नवांशहर के बैंस निवासी लवदीप सिंह उर्फ लव और एसबीएस नगर के बहराम कस्बे के गांव बीसला निवासी टेक चंद उर्फ टिंकू के रूप में हुई है।

यह सफलता उस घटना के एक दिन बाद मिली है जब पुलिस ने गैंगस्टर गुरदेव जस्सल और गुरलाल उर्फ गुल्लू के दो अन्य गुर्गों को एक आधुनिक 9 एमएम पिस्तौल के साथ जबरन वसूली से जुड़ी दो हालिया फायरिंग घटनाओं में गिरफ्तार किया था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह बात सामने आई है कि दोनों आरोपियों को विदेशों में बैठे उनके संचालकों ने पंजाब में दहशत और अशांति फैलाने की बड़ी साजिश के तहत विरोधी गैंग के सदस्यों की टारगेट किलिंग की जिम्मेदारी दी थी।

डीजीपी ने कहा कि पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### टीमों का नेतृत्व डीएसपी कलानौर गुरविंदर सिंह चंदी, स्पेशल टीम इंचार्ज एसआई गुरविंदर सिंह और एसएचओ कलानौर इंस्पेक्टर जतिंदर सिंह ने किया

ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए डीआईजी बॉर्डर रेंज संदीप गोयल ने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर एसएसपी गुरदासपुर आदित्य की निगरानी में पुलिस टीमों ने दोनों आरोपियों को कलानौर, गुरदासपुर के अड्डा बख्शीवाल से गिरफ्तार किया। इन टीमों का नेतृत्व डीएसपी कलानौर गुरविंदर सिंह चंदी, स्पेशल टीम इंचार्ज एसआई गुरविंदर सिंह और एसएचओ कलानौर इंस्पेक्टर जतिंदर सिंह कर रहे थे।

डीआईजी ने कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ व बरामदगियाँ होने की संभावना है।

एसएसपी गुरदासपुर आदित्य ने बताया कि पिस्तौलें बरामद करने के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी बिना रजिस्ट्रेशन नंबर वाली सफेद वोक्सवैगन जेटा सेडान कार भी जब्त कर ली है, जिसका उपयोग आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में किया जा रहा था।

इस संबंध में गुरदासपुर के थाना कलानौर में आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर नंबर 160 दिनांक 01.10.25 दर्ज की गई है।

# पंजाब के 50 हैडमास्टरों का चौथा बैच आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षण के लिए रवाना

यह बैच 3 से 7 नवंबर तक प्रशिक्षण प्राप्त करेगा: हरजोत सिंह बैंस

शिक्षा मंत्री ने 15 दिसंबर से हेडमास्टरो के पांचवें बैच को प्रशिक्षण हेतु भेजने की घोषणा की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** शिक्षकों के शैक्षिक कौशल को और निखारने की प्रतिबद्धता के तहत मुख्य मंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा 50 हैडमास्टरों के चौथे बैच को विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आई.आई.एम.) अहमदाबाद भेजा गया है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि चौथा बैच 3 से 7 नवंबर 2025 तक 'लीडरशिप एंड मेंटरशिप स्किल्स' पर आधारित एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हैडमास्टरों को अपने विद्यालयों में सकारात्मक बदलाव के मार्गदर्शक के रूप में तैयार करना है।

स हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की है कि इस पहल को आगे बढ़ाते हुए 15 से 19 दिसंबर 2025 तक आई.आई.एम. अहमदाबाद में पांचवें बैच को भी प्रशिक्षण हेतु भेजा जाएगा। यह पहल मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की उस दृष्टि का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत शिक्षकों को वैश्विक प्रबंधन और नेतृत्व कौशल से लैस करके राज्य के स्कूलों में श्रेष्ठ शिक्षण पद्धतियाँ लागू की जा रही हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि अब तक पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 234 प्रिंसिपलों और शिक्षा अधिकारियों को सिंगापुर, 152 हैडमास्टरों को आई.आई.एम. अहमदाबाद और 144 प्राइमरी स्कूल शिक्षकों को फ़िनलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ़ टुर्कू में विशेष प्रशिक्षण के लिए भेजा जा चुका है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पंजाब के शिक्षा क्षेत्र में वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर के श्रेष्ठ अनुभवों और शिक्षण पद्धतियों को अपनाना है।

स बैंस ने कहा कि शिक्षकों को आई.आई.एम. अहमदाबाद जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में भेजना, पंजाब सरकार की शिक्षा में रणनीतिक निवेश नीति का हिस्सा है। इन शिक्षकों को न केवल स्कूलों के सुचारू संचालन के लिए बल्कि अपने सहकर्मी शिक्षकों को प्रेरित करने, कक्षा-कक्ष में नवीन शिक्षण विधियों को अपनाने और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पहल पंजाब को ज्ञान की राजधानी बनाने की दिशा में सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता की आधारशिला है।

इसी दिशा में सरकार की दूरदर्शी सोच को रेखांकित करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग की प्रबंधकीय सचिव श्रीमती अनिंदिता मित्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दूरदर्शी शैक्षिक नेतृत्वकर्ताओं का सशक्त समूह तैयार कर रहा है। शिक्षण कौशल को निखारने की यह विशेष पहल पंजाब के शिक्षकों को 21वीं सदी की शैक्षिक चुनौतियों के लिए तैयार करेगी और राज्य के प्रत्येक विद्यार्थी के लिए उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस

# लाइट एंड साउंड शो की 4 नवंबर से होगी शुरूआत: सौंद

पठानकोट, जालंधर, पटियाला और फतेहगढ़ साहिब में संगत के लिए किए गए है पुख्ता प्रबंध

गुरु साहिब के जीवन, दर्शन और महान बलिदान से जुड़ा इतिहास प्रदर्शित किया जाएगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** पंजाब के पर्यटन और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव से बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रमों के तहत गुरु साहिब से जुड़े इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए 4 नवंबर से राज्य के विभिन्न जिलों में 'लाइट एंड साउंड शो' की शुरुआत की जा रही है। सौंद ने बताया कि 4 नवंबर 2025 को शाम 6 बजे से यह शो पठानकोट के लमीनी स्टेडियम, जालंधर के गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम, पटियाला के पोलो ग्राउंड, और फतेहगढ़ साहिब के खेल स्टेडियम माधोपुर में शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं और 20 नवंबर तक ये शो पूरे पंजाब के सभी जिलों में आयोजित किए जाएंगे। मंत्री ने आगे बताया कि इन 'लाइट एंड साउंड शो' के माध्यम से गुरु तेग़ बहादुर जी के संपूर्ण जीवन, उनके दर्शन और धर्म की रक्षा के लिए दिए गए उनके महान बलिदान को प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि हमारी वर्तमान पीढ़ी इस गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सके। उन्होंने संगत से अपील की कि वे अपने परिवारों सहित इन शो में शामिल होकर इन ऐतिहासिक पलों के साक्षी बनें।

# डॉ. बलजीत कौर के नेतृत्व में बाल भिक्षावृत्ति के उन्मूलन की दिशा में पंजाब का बड़ा मिशन

'जीवनजोत' परियोजना के तहत 704 बच्चों का बचाव और पुनर्वास

बाल तस्करी पर रोक के लिए 'जीवनजोत 2.0' के अंतर्गत डीएनए परीक्षण की शुरुआत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** मुख्यमंत्री स भगवंत मान और सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार ने अब तक अपनी प्रमुख परियोजनाओं 'जीवनजोत' और 'जीवनजोत 2.0' के तहत 704 बच्चों को बाल भिक्षावृत्ति के जाल से मुक्त कराया है। यह पहल राज्य के हर बच्चे के पुनर्वास, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और बाल सुरक्षा के क्षेत्र में पंजाब सरकार के प्रेरणादायक प्रयासों की मिसाल प्रस्तुत करती है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि 'जीवनजोत परियोजना' जुलाई 2024 से पूरे पंजाब में लागू की गई है। इसके तहत जिला प्रशासन प्रत्येक माह के दूसरे सप्ताह में बचाव अभियान चलाता है। भिक्षा मांगने से मुक्त कराए गए बच्चों का पुनर्वास उनकी आयु, योग्यता और उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से किया जा रहा है। शोषण के विरुद्ध राज्य सरकार के सख्त रुख को रेखांकित करते हुए डॉ. कौर ने बताया कि मानव तस्करी और संगठित भिक्षावृत्ति गिरोहों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने 'जीवनजोत 2.0' की शुरुआत की है। इस पहल के तहत बचाए गए बच्चों और उनके साथ मौजूद वयस्कों के रिश्तों की पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं। यदि डीएनए परिणाम मेल नहीं खाते, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाती है। अब तक बचाए गए 704 बच्चों में से 269 को स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है, 15 को आंगनवाड़ी केंद्रों में भेजा गया है, 43 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत लाभ प्रदान किया गया है, और 15 बच्चों को स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत कवर किया गया है। इस पहल के बारे में बोलते हुए डॉ. बलजीत कौर ने कहा, ÷हर बच्चा सुरक्षित और सम्मानजनक बचपन का हकदार है। 'जीवनजोत परियोजना' के माध्यम से पंजाब सरकार न केवल बच्चों को शोषण से बचा रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और उम्मीदों से भरा भविष्य मिले।'

उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार हर बच्चे के शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के अधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि राज्य के हर बच्चे को भिक्षा-मुक्त, सुरक्षित और सम्मानजनक बचपन प्रदान किया जा सके। डॉ. बलजीत कौर ने लोगों से अपील की कि यदि वे किसी बच्चे को भिक्षा मांगते हुए देखें, तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दें, ताकि उस बच्चे को सुरक्षित और उज्जवल बचपन की ओर लौटाया जा सके। आओ, हम सब मिलकर पंजाब को बाल भिक्षा-मुक्त और सुरक्षित बचपन वाला राज्य बनाएं।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध': 246वें दिन 1.4 किलोग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम अफीम समेत 90 नशा तस्करों गिरफ्तार

'नशा छुड़ाने' के अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 26 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाई जा रही मुहिम 'युद्ध नशों विरूद्ध' के लगातार 246वें दिन, पंजाब पुलिस ने रविवार को राज्यभर में 272 स्थानों पर छापेमारी की। इन छापों के दौरान 90 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और 63 एफआईआर दर्ज की गईं। इसके साथ ही, 246 दिनों में अब तक गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 34,968 हो गई है। छापेमारी के परिणामस्वरूप पकड़े गए नशा तस्करों के कब्जे से 1.4 किलोग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम अफीम, 1771 नशीली गोलियां और 30,230 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट उपसमिति का गठन भी किया है। 57 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्यभर में 272 स्थानों पर छापेमारी की।

इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 281 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। राज्य सरकार ने नशों के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, नशामुक्ति और रोकथाम लागू की है। 'नशा मुक्ति' के हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने आज 26 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए राज़ी किया है।

# एयर फोर्स अधिकारियों के कहने पर हटाई जा सकती है झुग्गियां, तो आम लोगों की शिकायत पर क्यों नहीं?

हवाई अड्डे की दीवार के पास से नगर परिषद द्वारा झुग्गियां हटाने के बाद शहर में शुरू हुई कई प्रकार की चर्चाएं



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 2 नवंबर।** कुछ दिन पहले नगर परिषद अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करते हुए एयर फोर्स स्टेशन की दीवार के पास बनी हुई कुछ झुग्गियों को हटवाया गया। जिक्र योग्य है कि इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों को नगर परिषद की एनफोर्समेंट टीम द्वारा अपने स्तर पर झुग्गियों को हटाने के लिए कहा गया इसके बाद फिर से मौके पर जाकर चेतावनी दी गई के अगर झुग्गियों में रहने वाले लोगों द्वारा तीन दिन में इन्हें न हटाया गया तो यहां पर बुलडोजर चला दिया जाएगा। इसके बाद कुछ लोगों द्वारा तो झुग्गियों को हटा दिया गया था लेकिन कुछ लोगों पर इस चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ जिसके बाद नगर परिषद की टीम ने जेसीबी की मदद से यहां से झुग्गियों को साफ कर दिया।

इसके बाद शहर में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई के नगर परिषद जीरकपुर के अधिकारी एयरफोर्स के अधिकारियों के कहने पर तो कार्रवाई करते हैं लेकिन इन्हें आम जनता की कोई परवाह नहीं है। जीरकपुर शहर के विभिन्न स्थानों जैसे पीर मुछल्ला, गांव दयालपुर, गांव नाभा साहिब के अलावा हाई ग्राउंड रोड पर भी बहुत सी झुग्गियां बनी हुई है पूरे शहर की अगर बात करें तो विभिन्न क्षेत्रों की सारी योगियों को मिलाकर करीब 4000 के करीब झुग्गियां बनी हुई है जिनमें प्रवासी लोग रहते हैं और हजारों रुपया किराया जमीन के मालिक को अदा करते हैं। जिक्र योग्य है के इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों में से किसी एक भी व्यक्ति की कोई पुलिस वेरीफिकेशन नहीं करवाई गई। इसलिए इन लोगों की पहचान का किसी को भी कोई पता नहीं है। यह लोग कई प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम भी दे सकते हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि क्या नगर परिषद अधिकारियों के लिए शहर में रहने वाले लोगों की सुरक्षा कोई मायने नहीं रखती है?

> इन झुग्गियों संबंधी जानकारी हमारे पास है और सोमवार को हाई ग्राउंड रोड, गांव दयालपुरा और जेपी हॉस्पिटल के पास झुग्गियों के जमीन मालिकों को नोटिस जारी करके दो दिन के समय के भीतर इन झुग्गियों को हटाने के लिए कहा जाएगा यदि वह ऐसा नहीं करते तो नगर परिषद की टीम द्वारा इन झुग्गियों हटाया जाएगा।
>
> **इंस्पेक्टर अशोक**
> **नगर कौंसिल जीरकपुर**

अगर नगर परिषद ने एयर फोर्स स्टेशन की सुरक्षा के लिए ही काम करना है तो हाई ग्राउंड रोड पर भी सैकड़े झुग्गियां बनी हुई है जो के एयर फोर्स स्टेशन से करीब 100 मीटर की दूरी पर ही स्थित है। इन झुग्गियों संबंधी नगर परिषद के अधिकारियों को भी पूरी जानकारी है और उनके संबंध में नगर परिषद अधिकारियों के पास शिकायतें भी पहुंची हुई है लेकिन फिर भी इन्हें क्यों नहीं हटाया जा रहा?

# विशेष खुफिया सूचना के आधार पर की गई वाहनों की जांच: पंजाब पुलिस ने दिया स्पष्टीकरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** पंजाब पुलिस ने 1 और 2 नवंबर 2025 की दरमियानी रात को विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य के विभिन्न हिस्सों में सामान ढोने वाले वाहनों, विशेषकर वाणिज्यिक वाहनों की जांच की। पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि राज्य में चयनित स्थानों पर गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में वाहनों की जांच की गई, ताकि आम लोगों को किसी असुविधा के बिना सुचारू रूप से जांच प्रक्रिया पूरी की जा सके।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है, जहां पाकिस्तान की एजेंसी आई.एस.आई. द्वारा ड्रोन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी कर उन्हें वाहनों के ज़रिए आगे पहुंचाकर भारत के खिलाफ 'प्रॉक्सी वॉर' छेड़ने की कोशिशें की जा रही हैं। देश-विरोधी ताकतें भारत में अशांति फैलाने के नए-नए तरीके ईजाद कर रही हैं और ऑपरेशन ÷सिंदूर÷ के बाद उनकी गतिविधियों में तेजी आई है।

पंजाब पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की पुलिस अपने नागरिकों और कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह सजग है और भली-भांति जानती है कि सामान्य सुरक्षा उपाय ऐसे तरीके से किए जाने चाहिए जिससे लोगों को न्यूनतम असुविधा हो। प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, राज्य के कुछ हिस्सों में अख़बार ले जाने वाले वाहनों की जांच के कारण अख़बारों की डिलीवरी में थोड़ी देरी हुई।

पंजाब पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि सुरक्षा जांच के दौरान, विशेषकर वाहनों की जांच के समय, आम लोगों को न्यूनतम असुविधा हो। साथ ही, मौजूदा सुरक्षा परिस्थितियों को देखते हुए, पंजाब में एक सक्रिय और मज़बूत आंतरिक सुरक्षा ग्रिड की आवश्यकता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।

# स्कूल ने विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए विभिन्न टूर का आयोजन किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 2 नवंबर।** सन्मति विमल जैन स्कूल के विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए पंज जॉय बठिंडा, तलवंडी भाई मोगा, वंडर लैंड जालंधर और रॉक गार्डन चंडीगढ़ जैसे विभिन्न स्थानों पर मनोरंजन टूर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने टूर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे मनोरंजन टूर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

इस अवसर पर कक्षा पहली से पाँचवी तक के बच्चों को तलवंडी भाई मोगा फन आइलैंड ले जाया गया जहां बच्चों ने मौज-मस्ती करते हुए विभिन्न झूलों का आनंद लिया। इस अवसर पर बच्चों को एक पंजाबी फिल्म भी दिखाई गई। कक्षा छठी से बारवी तक के विद्यार्थी बठिंडा, जालंधर और चंडीगढ़ के विभिन्न मनोरंजन टूर पर गए जहां विद्यार्थियों ने खूब मौज-मस्ती की और विभिन्न गतिविधियां कीं।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मौज-मस्ती करते हुए अपने मन को तरो ताजा किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ सरबजीत सिंह धालीवाल, कुलदीप कौर, मलकीत कौर, मीनाक्षी पराशर, अंकिता गुप्ता, इंदरजीत सिंह, दीक्षा हंस, कुलदीप कौर सिद्धू, रेनू बाला, मनदीप कौर, साक्षी चोपड़ा, हितू सिंगला, कुलविंदर कौर संधू, राखी बंसल, पायल गर्ग, रजनी, नवीन गुप्ता, अवनीत कौर, बेअंत सिंह, विनोद कुमार, मनीष कुमार, अनु खुराना, मनप्रीत कौर, मोनिका ढांडा, जतिंदर कौर, हरमीत कौर, रिशु बंसल, रजनी वर्मा, कुलविंदर कौर आदि।

# श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर बलटाना में किया गया तुलसी विवाह



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 2 नवंबर।** आज श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर बलटाना में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। इस मौके पर पार्षद नेहा शर्मा की अगुवाई में महिलाओं द्वारा ठाकुर जी की बारात निकाली गई जो की श्री सनातन धर्म खाटू श्याम मंदिर में पहुंची जहां पर उनके तुलसी माता के साथ फेयर की रसम पूर्ण की गई यह रस्म मौके मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मणि शर्मा के साथ कृष्ण अग्रवाल, महावीर जैन, संजय, चंद्रप्रभा, नीरज कांत शर्मा, उषा गुप्ता, श्वेता, नीलम,संतोष और पंडित चांदीराम भी उपस्थित थे।

तुलसी विवाह की सारी रसमें अदा करने के बाद इस मौके पर पहुंचे हुए लोगों के लिए खानपान का भी प्रबंध किया गया था।

# गुरुपर्व के उपलक्ष में निकला भव्य नगर कीर्तन

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 2 नवम्बर।** गुरुपर्व के पावन अवसर पर आज डेराबस्सी स्थित गुरुद्वारा बूंगा निहालगढ़ साहिब, बरवाला रोड से नगर कीर्तन का भव्य आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस पवित्र नगर कीर्तन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और गुरु साहिब के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। पूरे इलाके में दिनभर भक्ति और समर्पण का वातावरण बना रहा।

नगर कीर्तन की शुरुआत सुबह गुरुद्वारा बूंगा निहालगढ़ साहिब से की गई, जहां अरदास के बाद संगत ने गुरु की बाणी का कीर्तन करते हुए यात्रा आरंभ की। नगर कीर्तन सैदपुर, हैबतपुर, गुलमोहर सिटी एक्सटेंशन, गुलमोहर सिटी आशियाना कॉलोनी, ए.टी.एस कॉलोनी बरवाला रोड और जी.बी.पी रोजवुड-1 कॉलोनी से होते हुए पुनः बूंगा निहालगढ़ साहिब पहुंचा, जहां समापन किया गया।

पूरा मार्ग 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों, कीर्तन की मधुर स्वर लहरियों और झांकियों से गूंज उठा। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संगत ने पूरे क्षेत्र में प्रेम, भाईचारे और सेवा का संदेश फैलाया। नगर कीर्तन में गतका दलों ने अपने पारंपरिक युद्धक कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर श्रद्धालु झूम उठे।

मार्ग में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों ने फूलों की वर्षा कर नगर कीर्तन का स्वागत किया। संगत के लिए जलपान और लंगर की सेवा की व्यवस्था की गई, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बड़ी श्रद्धा से भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने सभी संगतों, सेवादारों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस नगर कीर्तन का उद्देश्य गुरु साहिब की शिक्षाओं – सेवा, नाम सिमरन और मानवता – को समाज में फैलाना है।

# कुल्लू में बिजली महादेव रोपवे पर संशय के बादल

## प्रधानमंत्री ने लिया रोपवे को लेकर संज्ञान, तीन सदस्य कमेटी गठित, 3 नवंबर को संघर्ष समिति के साथ दिल्ली में होगी बैठक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 2 नवंबर।** कुल्लू में बन रहे बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे पर संशय के बादल मंडराने लग पड़े हैं। हलांकि यह रोपवे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट था।

लेकिन लोगों के विरोध के बाद व देवी देवताओं द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस रोपवे को लेकर संज्ञान लिया है। और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है। जिसमें अरुण सिंह व महेंद्र पांडे को सदस्य बनाया गया है। जो बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के साथ बैठक कर इसका हल निकालने का काम करेगी। भगवान रघुनाथ के छड़ी बरदार एवं पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने



बताया कि बिजली महादेव रोपवे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने संज्ञान ले लिया है और उन्होंने तीन सदस्य कमेटी का गठन कर संघर्ष समिति के साथ बातचीत करने को कहा है।

उन्होंने कहा कि 3 नवंबर को दिल्ली में रोपवे को लेकर गठित की गई कमेटी के साथ संघर्ष समिति के सदस्यों की बातचीत होगी और वह खुद भी इस बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि देवता बिजली महादेव शुरू से ही इस रोपवे को लेकर अपने गुर के माध्यम से विरोध जता चुके है लेकिन अब पिछले कल नगर में हुई जगती में भी अधिकतर देवी देवताओं ने इस रोपवे का विरोध किया है और साफ कहा कि इस रोपवे निर्माण को लेकर बिजली महादेव खासे नाराज है। उन्होंने कहा कि उनके लिए तो इस देव संसद का आदेश सर्वोपरि है और वह उम्मीद करते हैं कि तीन सदस्य कमेटी व प्रधानमंत्री भी इस देव आदेश को सर्वोपरि मानेंगे। उन्होंने कहा कि रोपवे को लेकर बनाई गई केंद्रीय कमेटी की ओर से संघर्ष समिति के साथ-साथ उन्हें भी 3 नवंबर को दिल्ली में होने वाली बैठक के लिए बुलावा आया है।

गौर रहे की बिजली महादेव रोपवे के निर्माण के विरोध में वहां खराहल घाटी के लोगों द्वारा एक संघर्ष समिति का गठन किया गया था जो शुरू से ही इसका विरोध कर रही है। पिछले दिनों तो संघर्ष समिति के बैनर तले हजारों लोगों ने कुल्लू की सड़कों पर रैली निकालकर इसका पुरजोर विरोध किया था और उपयुक्त कुल्लू के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को इसको बंद करने के लिए एक ज्ञापन सोपा था। इस विरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस रोपवे को लेकर संज्ञान लिया है। उधर संघर्ष समिति को बैठक का बुलावा मिलने के बाद संघर्ष समिति ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। और वह 3 नवंबर को दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल होंगे।

### जगती में भी कई देवी देवताओं ने किया रोपवे का विरोध

बिजली महादेव रोपवे के निर्माण को लेकर हालांकि बिजली महादेव अपने गुर के माध्यम से इस रोपवे का विरोध जता चुके हैं लेकिन पिछले कल नग्गर जगती में रोपवे और? देव स्थलों पर पर्यटन को लेकर देवताओं ने मनुष्य जाति को चेतावनी दी है। और कहा कि उनके गुप्त देव स्थलों को गुप्त ही रहने दिया जाए। देव संसद में सभी देवी देवताओं ने एक सुर में कहा कि भोलेनाथ बहुत नाराज है। हमारे गुप्त स्थान से छेड़छाड़ ना की जाए और ना ही उन्हें पर्यटन स्थल बनाने की कोशिश की जाए। देवी देवताओं के देव स्थलों को पर्यटन स्थल बनाने से देवी देवता काफी आहत नजर आ रहे हैं। लाहौल स्पीति के मुख्य देवता राजा घेपन के अलावा कुल्लू तथा मंडी के कई देवी देवताओं ने भी देव संसद में कहा कि भोलेनाथ बहुत नाराज है और उनके स्थान पर जो छेड़छाड़ की जा रही है इससे भी वह काफी आहत है। देवी देवताओं ने संसद में एक सुर में कहा कि उनके पवित्र स्थलों मैं आने पर्यटकों के आने से उनके पवित्र स्थल अपवित्र हो रहे हैं। अधिकतर देवी देवताओं ने देव संसद में कहा कि बिजली महादेव व हडिंबा माता को नाराज मत करें नहीं तो आगे बड़ी अनहोनी नजर आ रही है।



# जापानी फल डेस्टिनेशन से जानी जाएगी लग घाटी : सुंदर ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 2 नवंबर।** लग घाटी जापानी फल डेस्टिनेशन से जानी जाएगी। इसके अलावा घाटी को पर्यटन की दृष्टि से नई पहचान मिलने बाली है। यहां के लोग मेहनतकश है और हर क्षेत्र में मेहनत करते हैं। प?ाई के क्षेत्र में भी यहां के लोग आगे रहे हैं। यह बात कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने लग घाटी के चोपा?सा स्कूल के शताब्दी समारोह में बतौर मुख्यातिथि कहे। यहां पहुंचने पर विधायक का स्थानीय जनता, स्कूल प्रबंधन व ग्राम पंचायत ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने हाई स्कूल के नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन भी किया। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के खेल मैदान के नव निर्माण के लिए तीन लाख की घोषणा की। वहीं तीन महिला मंडलों को 50-50 हजार देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि महिला मंडल भवन का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रुजग व चोपा?सा के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है कि स्कूल को 100 हो गए हैं और यहां बहुत कुछ बदला है।

# बेहतर उपचार के लिए राज्य में 213.75 करोड़ रुपये के निवेश से नैदानिक सुविधाओं का किया जा रहा उन्नयन

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में नैदानिक सुविधाओं के सुदृ?ीकरण के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की है। इसके अंतर्गत अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण स्थापित करने, बीमारियों का सटीक और समय पर पता लगाने और मरीजों के लिए शीघ्र उपचार सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए 213.75 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं।

बीमारियों का पता लगाने में देरी के कारण स्वास्थ्य में गिरावट देखी जाती है। इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वास्थ्य विभाग को ब? पैमाने पर स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिकीकरण के लिए योजना लागू करने के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निरंतर बैठकें आयोजित की गई और मेडिकल कॉलेजों व अन्य अस्पतालों के चिकित्सकों से मिले फीडबैक के बाद विभाग ने इस परियोजना की रूपरेखा तैयार की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने चमियाना, आईजीएमसी शिमला और टांडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा विशेषज्ञों से विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया है।

स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, आईजीएमसी शिमला, चमियाना अस्पताल, नेरचौक मेडिकल कॉलेज, नाहन मेडिकल कॉलेज और चंबा मेडिकल कॉलेज के लिए 95 करो? रुपये की लागत से पांच उच्च-रिजोल्यूशन क्षमता की एमआरआई मशीनें खरीदी जा रही हैं। इसके अलावा, सात मेडिकल कॉलेजों में 28 करो? रुपये की लागत से दो-दो उन्नत सीटी इमेजिंग मशीनें भी लगाई जाएंगी।

इसके अतिरिक्त 8.75 करो? रुपये की लागत से 35 डिजिटल रेडियोग्राफी इकाइयां (प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में पांच), 14 करो? रुपये की लागत से 14 सीलिंग-सस्पेंडेड डीआर एक्स-रे मशीनें और सात मेडिकल कॉलेजों में 14 करो? रुपये की लागत से दो उन्नत अल्ट्रासाउंड इमेजिंग मशीनें लगाना भी शामिल है। इसके साथ ही सात मेडिकल कॉलेजों में 14 करो? रुपये की लागत से 7 डिजिटल मैमोग्राफी इकाइयां लगाई जा रही हैं इन सात मेडिकल कॉलेजों और शिमला के कमला नेहरू अस्पताल में 40 करोड़ रुपये की लागत से आठ इमेजिंग आर्काइव और रिट्रीवल टेक्नोलॉजी सिस्टम भी लगाए जा रहे हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेशवासियों को राज्य में ही बेहतर उच्च-गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्रमुख प्राथमिकताओं में शुमार है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुदृ?ीकरण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मरीजों को महंगे इलाज के लिए प्रदेश से बाहर न जाना प?े।

उन्होंने कहा कि उन्नत नैदानिक अधोसंरचना के साथ-साथ, राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के अन्य पहलुओं को भी मजबूत कर रही है। स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और तकनीशियनों के रिक्त पदों को भरा जा रहा है। चिकित्सा पेशेवरों के कौशल और दक्षता को ब?ाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया जा रहा है।

### उपायुक्त ने नारकंडा के समीप हुए हादसे में घायलों का जाना कुशलक्षेम

**शिमला (अरविंद)** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने गत देर रात नारकंडा के समीप हुए सड़क हादसे के घायलों का आज आईजीएमसी पहुँच कर कुशलक्षेम जाना। अनुपम कश्यप ने बताया कि कुमारसैन व रामपुर प्रशासन तथा जिला प्रशासन के अधिकारी निरंतर घायलों

की देखरेख में लगे हैं। उन्होंने सभी घायलों से मिलकर उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है और सभी घायलों को बेहतर उपचार और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये हैं जिसके लिए डॉक्टरों की एक टीम को तैनात किया गया है जोकी घायलों की निरंतर देखरेख कर रही है। उल्लेखनीय है कि गत देर रात नारकंडा के समीप हुए सड़क हादसे में एक टेम्पो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जिसमें कुल 33 लोग स्वार थे जोकि नेपाली मूल के व्यक्ति हैं।

# 18,925 आंगनबाड़ी केंद्र पूरी कर रहे नौनिहालों की पोषण आवश्यकताएं

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** बेहतर पोषण का संबंध शिशु, बाल और मातृ स्वास्थ्य में सुधार, मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली, सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव, गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह और हृदय रोग का कम जोखिम और दीर्घायु से है। पोषण के जरिए एक स्वस्थ और सशक्त समाज के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बहुआयामी प्रयास कर रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, पोषण स्वास्थ्य और विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

प्रदेश में 18,925 आंगनवा?ी केंद्र नौनिहालों की पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ उनकी प्रारम्भिक शिक्षा जरूरतों को भी पूरा कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में छः वर्ष तक के बच्चों की हर महीने ग्रोथ मॉनिटरिंग की जा रही है। इस वित्त वर्ष में आंगनवा?ी सेवा योजना के तहत 113 करो? रुपये प्रदेश सरकार के वित्त कोष से व्यय किए जा चुके हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में विशेष पोषाहार कार्यक्रम के तहत 1516.09 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

आंगनवा?ी केंद्रों के माध्यम से बाल्यकाल देखभाल के साथ औपचारिक स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार ने सभी आंगनवा?ी केंद्रों को आंगनवा?ी सह-स्कूल घोषित किया है ताकि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। इससे उनकी प्रारम्भिक शिक्षा की मजबूत नींव तैयार होगी। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी आंगनवा?ी केंद्रों एवं विद्यालयों के को-लोकेशन के लिए जारी दिशा-निर्देशों को अमल में लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय संयुक्त कमेटी का गठन किया जा चुका है।

प्रदेश के लिए स्वीकृत 1030 सक्षम आंगनवा?ी केंद्रों में से जिला चम्बा के लिए 100 आंगनवा?ी केंद्र स्वीकृत किये गए हैं। प्रदेश में आंगनवा?ी केंद्रों में स्तरोन्नत करने की प्रक्रिया जारी है। राज्य के सभी डीपीओ, सीडीपीओ व सुपरवाइजर को स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। इन प्रशिक्षित मास्टर टेऊनर द्वारा सभी आंगनवा?ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसके लिए प्रशिक्षण सामग्री का मुद्रण करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना शुरू की है। योजना के तहत राज्य के 15,181 सरकारी स्कूलों में प? रहे 5.34 लाख से अधिक छात्रों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जा रहा है।

बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्कूलों में किचन गार्डन पहल को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। प्रदेश के 14 हजार 464 विद्यालयों में मिड-डे-मील कार्यकर्त्ताओं, स्कूल प्रबन्धन समिति, स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों की मदद से किचन गार्डन तैयार किए गए हैं। इन किचन गार्डन में मौसमी सब्जियां उगाई जाती हैं। विद्यालयों के परिसरों के साथ-साथ सीमित स्थानों वाले स्कूलों में ब? कंटेनर, पोट्स और बाल्टियों में सब्जियां और ज?ी-बूटियां उगाई जाती हैं। किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों का उपयोग मिड-डे-मील बनाने में किया जा रहा है। इसके साथ-साथ बच्चों को प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पादों के महत्त्व के बारे में भी अवगत करवाया जाता है। इस प्रयास से मिड-डे-मील के माध्यम से बच्चों की पोषण आवश्यकताओं की पूर्ति होने के साथ-साथ बच्चे खेती के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं।

स्कूलों में कार्यरत मिड-डे-मील कार्यकर्ता बच्चों को पोषण के साथ प्यार परोसते हैं। कार्य के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मिड-डे-मील कार्यकताओं के मानदेय में 500 रुपये की ब?ोतरी की है। इससे 21,115 मिड-डे-मील वर्कर्स लाभान्वित होंगे और अब उनको 5000 रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। पोषणयुक्त आहार हर बच्चे का अधिकार है। संतुलित आहार बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य को आकार देने के साथ-साथ उसे मानसिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत करता है। प्रदेश सरकार ने बच्चों को पोषणयुक्त भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियां और योजनाएं शुरू की हैं। इसके फलस्वरूप एक हंसते-खेलते बचपन का निर्माण हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन (यशपाल कपूर)।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी 03 नवंबर, 2025 को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। संजय अवस्थी 03 नवंबर, 2025 को प्रातः 11.00 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बातल में सैनिक सामुदायिक भवन के प्रथम तल की आधारशिला रखेंगे। विधायक तदोपरांत जब समस्याएं भी सुनेंगे। संजय अवस्थी दिन में 12.30 बजे के उपरांत लोक निर्माण विभाग के अर्की स्थित विश्राम गृह में भी जन समस्याएं सुनेंगे।

### जरी में शल्य चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जरी/कुल्लू, (अशेष शर्मा)।** रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से रघुनाथ क्लिनिक, जरी में शल्य चिकित्सा (सर्जिकल) विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का



सफल आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय लोगों की मांग पर आयोजित किया गया था, जो हाल ही में महिला स्वास्थ्य शिविर की सफलता के बाद आयोजित किया गया।इस शिविर का नेतृत्व रघुनाथ हॉस्पिटल के जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नासिर अली ने किया। डॉ. अली एवं उनकी टीम ने करीब 50 मरीजों की जांच की और उन्हें सर्जरी एवं सामान्य शल्य चिकित्सा से संबंधित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया।शिविर में पेट, हर्निया, थायरॉइड, पित्ताशय, एवं अन्य सामान्य सर्जरी से संबंधित समस्याओं के रोगियों को जांच और उचित सलाह दी गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और नियमित रूप से ऐसे शिविरों के आयोजन की मांग की। रघुनाथ हॉस्पिटल एवं रघुनाथ फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि अब हर शनिवार को रघुनाथ क्लिनिक, जरी में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि पार्वती घाटी के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराई जा सकें।

# तमंचे की नोक पर युवक का अपहरण, पिटाई के बाद सड़क किनारे फेंका, लोगों में दहशत

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** ऊना जिले के मेहतपुर थाना के बहडाला के पास एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। कुछ शरारती तत्वों ने एक युवक शुभम रायजदा निवासी संतोखग? को तमंचे की नोक पर अगवा कर लिया और बुरी तरह से मारपीट कर सड़क किनारे फेंक दिया।

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 1 नवम्बर को शाम उसे एक अनजान व्यक्ति ने फोन कर गाड़ी चेक करवाने के बहाने बुलाया। मौके पर पहुंचे शुभम को चार-पांच अज्ञात युवकों ने पकड़ लिया, पिस्टल की नोक पर धमकाया, जंगल में ले जाकर लोहे की रॉड से पीटा और बेहोश कर दिया। आरोपियों ने उसके जेब से ?22,000 भी लूट लिए और उसे संतोषगढ़ के पास नाले में फेंक दिया। मीडिया को दी जानकारी में आरोप लगाया है कि यह सब नशा और खनन माफिया से जुड़े लोगों ने मिलकर किया है।

पीड़ित युवक ने बताया कि वह पहले भी पुलिस को एक अवैध तमंचे के बारे में सूचना दे चुका था, जो दिवाली से दो दिन पहले सड़क पर मिला था। उसने वह तमंचा पुलिस को जानकारी दी थी । उसी को लेकर कुछ लोग उससे तमंचा वापस मांगने लगे और धमकियां देने लगे।

सूत्रों के अनुसार, इन्हीं लोगों ने बाद में युवक को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले गए और उसकी बुरी तरह पिटाई की। बाद में उसे सड़क किनारे फेंक दिया गया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। दूसरी तरफ लोगों में यह भी चर्चा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक और अन्य अधिकारी बड़े-बड़े बयान देते है कोई भी अवैध गतिविधि की सूचना पुलिस को दे। ऐसे कैसे होगा जब पुलिस को जानकारी दी जाएगी पुलिस का ही कोई जानकर उसका नाम बतादेगी तो कौन पुलिस को जानकारी देगा । अगर पुलिस और प्रशासन इस मुद्दे की गंभीर जांच करेगा तो कोई ना कोई अपना ही निकलेगा जानकारी देने वाला?

ग्रामीणों का कहना है कि ऊना में बीते कुछ महीनों से अवैध तमंचों और असलहों का कारोबार तेजी से बढ़ा है। आए दिन कहीं न कहीं हथियारों की बरामदगी या झगड़े के मामले सामने आ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करे और माफिया से जुड़े तत्वों पर शिकंजा कसे। इस मामले को लेकर सरकार और प्रशासन की भी सोशल मीडिया पर किरकिरी रही है।

### समाज के हर वर्ग कानूनों के बारे जागरूक करना लक्ष्य : मदन

**शिमला (अरविंद)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, किन्नौर स्थित रामपुर के सहयोग से विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन डिग्री कॉलेज रामपुर के सभागार में रविवार को किया गया। इस शिविर में न्यायाधीश मदन कुमार, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ने बतौर मुख्यातिथि तथा न्यायाधीश रणजीत सिंह सदस्य सचिव हिमाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यातिथि ने विशाल विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि विधिक साक्षरता की आवश्यकता समाज के हर वर्ग को जागरूक करने के लिए सबसे अहम है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। किसी भी समाज के बेहतर संचालन के लिए कानूनों को लागू किया जाता है। लोगों को एक समान लाने के लिए कानून अग्रणी भूमिका निभाते है। व्यक्ति के जन्म से पूर्व और मृत्यु के बाद भी कानून की आवश्यकता रहती है। अगर हमें कानूनों के बारे में जानकारी नहीं होगी तो शोषण के खिलाफ लड़ नहीं पाएंगे। हम अपने हकों को कानूनी तरीके से हासिल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के विधिक साक्षरता शिविर लोगों को जागरूक कर रहे है।




# तीर्थन नदी में 8000 और पार्वती नदी में 2000 महाशीर बीज का संग्रहण

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 2 नवंबर।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग ने नदीय मत्स्य बीज संग्रहण कार्यक्रम के अंतर्गत महाशीर प्रजाति मछली के बीज का जिला कुल्लू की सैंज नदी, जीभी के गुशैनी में तीर्थन नदी में 8000 और पार्वती नदी में 2000 महाशीर बीज का संग्रहण किया गया ।

यह संग्रहण स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला कुल्लू के एंगलिंग एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ।

यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत एनएफडीबी के सहयोग से किया गया। इस मत्स्य संग्रहण का उद्देश्य देश में स्थानीय प्रजाति की मछलियों के सरंक्षण और उत्पादन को बढ़ावा देना है ताकि प्रदेश में कार्यशील मछुआरों की आजीविका और सुदृढ़ हो सके।

कार्यक्रम के दौरान विभाग ने सभी स्थानीय लोगों से आग्रह कियागया कि स्थानीय नदी नालों में मत्स्य सरंक्षण को प्राथमिकता के आधार पर करने में विभाग का सहयोग करें ताकि मत्स्य उत्पादन प्रदेश में अग्रणी राज्य बने ।

# छह नवंबर को शुरू होगा मून डांस वैली कप का आयोजन, विजेता को मिलेगा एक लाख का ईनाम

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 2 नवंबर।** युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने व युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से मून डांस वैली कप का आयोजन किया जा रहा है।

इसका आयोजन मून डांस रेस्टोरेंट एवं कॉटेज कसोल द्वारा किया जा रहा है। यह आयोजन छह नवंबर को बजौरा मैदान में शुरू होगा। इसकी तैयारियां आयोजकों ने पूरी कर ली है।

आयोजक अमित ठाकुर,ईशान ठाकुर व पवन ठाकुर ने बताया कि अभी तक 44 टीमें आ चुकी है और जिला की चार वैली पार्वती वैली, रूपी वैली, खराहल वैली और अप्पर



वैली के खिला?ी भाग ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रथम आने बाली टीम को एक लाख का नगद इनाम दिया जाएगा। जबकि दूसरे स्थान पर रहने बाली टीम को 50 हजार व तीसरे नंबर पर रहने बाली टीम को 11 हजार का नगद इनाम दिया जाएगा।

उन्होंने कहा बेस्ट बेटस मेन व बेस्ट बॉलर को क्रिकेट शूज,बेस्ट विकेट कीपर को विकेट किपर ग्लव्ज,फाइनल में मेन आफ मैच को वेटिंग ग्लव्ज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दूसरा कप होगा और हमारी कोशिश है कि हर वर्ष इस कप का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए विभिन्न विभागों के मुख्य को बुलाया जाएगा जो युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम

### अटल सदन में कुल्लू कान्वेंट स्कूल का वार्षिक समारोह

# प्लस टू मेडिकल की छात्राओं ने जमकर मचाया धमाल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 2 नवंबर।** अटल सदन में कुल्लू कान्वेंट स्कूल का वार्षिक समारोह का आयोजन हुआ। यह आयोजन दो दिन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पहले दिन अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा मुख्यातिथि रहे। जबकि दूसरे दिन आईटीबीपी के अधिकारी दवेंद्र सिंह परमार रहे।

मुख्यातिथि का भव्य स्वागत किया गया और स्कूल के एमडी सुरेश कुमार और एडमिस्टेटर ऋतु ने कुल्वी परंपरा के साथ कुल्वी टोपी व शॉल पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्लस






टू मेडिकल की छात्राओं अपने नृत्य में धूम मचाई। सबसे पहले सरस्वती बंदना हुई और उसके बाद स्वागत गीत गाया गया। इस अवसर पर नृत्य के अलावा ऑपरेशन सिंदूर नाटक,नशे के खिलाफ नाटक व गर्वा नृत्य किया गया। यही नहीं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर स्कूल के एमडी सुरेश कुमार ने कहा कि दो दिनों में 730 बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया और मंच साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं यह बच्चों के लिए उम्र भर के लिए यादगार बनती है।

इस स्टेज से बच्चों का मनोबल ब?ता है। उन्होंने कहा कि कुल्लू कान्वेंट स्कूल की नींव ब?ी पक्की है और 25 वर्षों से सैंक?ों बच्चों को प?ाया। हमें गर्व होता है जब हमारे बच्चे भारत के विभिन्न क्षेत्रों में वेहतरीन सेवाएं देते हैं। जब बच्चे अपने माता-पिता,स्कूल व प्रदेश का नाम का रोशन करते हैं तो हमें खुशी होती है।

# चंडीगढ़ के सेक्टर-40 मार्केट में फ्लड लाइटें, मलोया में लगे सीसीटीवी

सांसद मनीष तिवारी ने जनता को किए समर्पित, बोले उनका उद्देश्य चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** चंडीगढ़ के लोगों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए स्थानीय सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने सेक्टर 40 के बाजार में लगी फ्लड लाइटें और मलोया गांव व आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे जनता को समर्पित किए। इससे स्थानीय वासियों को राहत मिली है। सांसद ने अपने सांसद कोटे से ग्रांट जारी की थी। चंडीगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की और सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अवसर पर सांसद तिवारी ने कहा कि उनका उद्देश्य चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास है, जिसके लिए वे विभिन्न परियोजनाओं पर काम करने के साथ-साथ लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से ग्रांट जारी करते हैं। इन इलाकों में फ्लड लाइटें और सीसीटीवी कैमरे लगाने की लंबे समय से मांग थी, जो आज पूरी हो गई है। जिससे असामाजिक तत्वों पर नजर रखने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा, शहर के कई अन्य हिस्सों में भी जनहित में कई परियोजनाएं चल रही हैं और यह प्रक्रिया आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।

सांसद तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए, चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की और सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि शहर में पहले भी कई सांसद रहे हैं, जो चुनाव जीतने के बाद लोगों के बीच कम ही नजर आते थे। लेकिन सांसद तिवारी जनहित के मुद्दों को उठाने और अपनी व्यक्तिगत भागीदारी दर्ज कराने का कोई मौका नहीं छोड़ते। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की माँग पूरी करने के लिए तिवारी का धन्यवाद भी किया। जहां अन्य लोगों के अलावा निर्मला देवी एम.सी., रजनी तलवाड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलावर, गुरप्रीत गाबी, राजपाल (राजा), अमरीक सिंह, विजय यादव, राहुल कुमार, निर्मला, कन्हैया, राजिंदर यादव, वासु पीटर ब्लॉक अध्यक्ष, मंजीत सिंह, केदार नाथ यादव, संजय, हमराज, परमजीत कौर भी मौजूद थे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर इनेलो आज रेवाड़ी में सड़क पर उतरेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रेवाड़ी।** इंडियन नैशनल लोकदल की जिला रेवा?ी इकाई के सदस्य 3 नवंबर को सुबह 10 बजे नगर की नई अनाज मंडी में एकत्रित होकर किसानों को फसल बिक्री में हो रही परेशानियों, प्रदेश के विभिन्न जिलों में खेतों में जल भराव की निकासी नहीं होने, फसलों की विशेष गिरदावरी मुआवजा, धान व बाजरे की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं बिकने और खाद की किल्लत जैसी किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रेवा?ी की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी।

बाद में ये लोग स्थानीय सचिवालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन देंगे। इनेलो के प्रवक्ता एडवोकेट रजवन्त डहनवाल ने बताया कि इनेलो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के निर्देश पर पूरे हरियाणा में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर सरकार को चेताने का काम करेगी। इस प्रदर्शन में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव नरेन्द्र प्रजापति, प्रदेश एससी सेल प्रभारी वेद सिंह मुंडे और जिला प्रधान डॉ. राजपाल यादव सहित इनेलो की जिला रेवा?ी की टीम शामिल होगी।



## हरियाणा दिवस पर भाजपा एमएसएमई प्रकोष्ठ जिला रोहतक इकाई का गठन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 2 नवंबर।** हरियाणा दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में हरियाणा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग) सेल के जिला इकाई का गठन किया गया है। यह कदम देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा एवं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हरियाणा के एमएसएमई क्षेत्र को सशक्तिकरण एवं विकास व आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस इकाई की प्रारंभिक शुरुआत रोहतक भाजपा कार्यालय, मंगलकमल से *जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका जिला महामंत्री नितिन जैन* के सहयोग से की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन (एलपीएस बोसॉर्ड) उपस्थित रहे।एमएसएमई क्षेत्र के सुचारू संचालन एवं विस्तार के लिए की गई प्रमुख नियुक्ति जिला संयोजक संदीप मुंजाल को बनाया गया जिनके माध्यम से एमएसएमई जिला सह संयोजक राज सिंह पटेल एमएसएमई जिला आईटी सहयोजक बृजेश गोयल। एमएसएमई रोहतक (भिवानी रोड) प्रमुख अमित कुमार इसके अतिरिक्त कुलदीप हुडा जी एवं रविंद्र जी को भी विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं।

## व्यापारियों ने जताया सरकार और मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार

**रेवाड़ी।** विधायक लक्ष्मण यादव ने रविवार कहा कि गत करीब 40 सालों से अपने प्रतिष्ठानों की रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे व्यापारियों के सपने को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने पूरा कर दिखाया है।

व्यापारियों ने विधायक लक्ष्मण यादव के हाथों उनकी दुकानों की रजिस्ट्रियां ग्रहण करते हुए रेवाड़ी विधायक का भी आभार जताया।

इस मौके पर विधायक लक्ष्मण यादव ने अपने निवास पर स्वामित्व योजना के तहत सरकार की ओर से मार्केट कमेटी के माध्यम से रेवाड़ी की नाईवाली चौक स्थित नई सब्जी मंडी के 18 किरायेदारों को उनकी दुकानों का मालिकाना हक वाली रजिस्ट्रियां प्रदान की। यादव ने कहा कि ये व्यापारी लंबे समय से इन दुकानों में किरायेदार चले आ रहे थे।

## रेड क्रॉस की गतिविधियों से हो रहा युवाओं का सर्वांगीण विकास : रोहित

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** श्री महाकाल की पावन नगरी उज्जैन के नरसिंह घाट स्थित झालरिया मठ प्रांगण में भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ द्वारा आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय राज्यस्तरीय यूथ रैडक्रास प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की शुरुआत रेड क्रॉस ध्वजारोहण व योग सत्र के साथ शुरू हुई। साथ ही शिविर में आए हुए प्रतिभागियों को उज्जैन के प्रमुख महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग इत्यादि तीर्थ स्थलों का भ्रमण भी करवाया गया।

सुबह के सत्र में शिविर निदेशक रोहित शर्मा ने रैडक्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तारपूर्वक बताया कि किस प्रकार रैड क्रॉस कि स्थापना हुई और रैड क्रॉस किस प्रकार प्राथमिक सहायता, रक्तदान अंगदान, आपदा प्रबंधन व अन्य सामाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है, उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि आप लोग रैड क्रॉस के ऐसे स्वयंसेवक है जो हर अवस्था मे रैड क्रॉस के लिए अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार रहते है। साथ ही उन्होंने रेड क्रॉस की गतिविधियों के बारे में भी प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की जिसमें मुख्यतः स्वैच्छिक रक्तदान सेवाएं, दिव्यांगों के लिए सेवाएं, आपदा प्रबंधन संबंधित गतिविधियां और संक्रामक रोगों टी.बी. मलेरिया और एचआईवी एड्स की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान तथा प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्या जैसी गतिविधियों के बारे में प्रतिभागियों को महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## थामा फिल्म का एल्डर बेताल में फरीदाबाद का कृष्ण कांत राय बटोर रहा सुर्खियां

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** थामा फिल्म का एल्डर बेताल में फरीदाबाद का कृष्ण कांत राय बटौर रहा सुर्खियां है। %धैर्य की परीक्षा% से तपकर कुंदन बने %कृष्णा कांत% राय को %थामा% की सफलता से पहचान मिली है। कलपुर्जो की नगरी फरीदाबाद से निकलकर 20 साल थिएटर और अभिनय करते हुए मुंबई तक का सफर तय करने वाले अभिनेता कृष्ण कांत के लंबे संघर्ष की कहानी है। यह कहानी बयाँ करती है जिद और जूनून की जो कभी व्यर्थ नहीं जाता, भले ही आप 15 साल तक कॉर्पोरेट की दुनिया के कड़े नियमों में बंधे हों। जी हां हम बात कर रहे हैं कृष्णा कांत राय से, जिन्होंने फरीदाबाद की तंग गलियों से निकलकर, 11 साल तक रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड के दफ्तरों में अपनी पहचान बनाई, लेकिन दिल हमेशा थिएटर की रोशनी में चमकने के लिए ही ध?कता रहा।

बिहार के बक्सर के अर्जुनपुर गांव से फरीदाबाद आए कृष्णा कांत ने 2003 से ही अभिनय की दीक्षा लेनी शुरू कर दी थी। शांति निकेतन स्कूल से 12 वीं और डीएवी शताब्दी कॉलेज से प?ाई के दौरान महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की ओर से राज्य एवं राष्ट्रीय मंचों तक नाटकों का मंचन किया। फिर बैरी जॉन एक्टिंग स्टूडियो, मुंबई से फ़ल्मि एक्टिंग में डिप्लोमा कर अपने अभिनय की प्रतिभा को धार दी। एक तरफ जेनपेक्ट एमएनसी में चार साल, फिर आरबीएस में लंबी पारी, और दूसरी तरफ- नाटकों का मंचन जारी रहा। यह उस कलाकार के जज्बे जिद और जूनून की ही निशानी है जो पारिवारिक ?िम्मेदारियां निभाने के साथ-साथ अपने सपने को जिंदा रखता है।


इसी वर्ष रिली? हुई हिंदी फिल्म %थामा% में %एल्डर बेताल% बनकर उतरे कृष्णा कान्त राय के दमदार अभिनय ने खूब सुर्खियां बटौरी। उनकी इस धमाकेदार किरदार ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए। उनके गहन और सधे हुए अभिनय कौशल ने साबित कर दिया कि 20 साल का थिएटर अनुभव सिर्फ़ तैयारी नहीं, बल्कि परिपक्वता है। कृष्ण कांत कहते हैं कि बड़े कलाकारों (आयुष्मान खुराना, रश्मिका मांधाना और नवाज भाई के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही अद्भुत रहा है। वे सभी %बहुत डाउन टू अर्थ और सपोर्टिव% हैं। उनकी विनम्रता और काम के प्रति ईमानदारी उन्हें नई ऊँचाइयों पर ले जा रही है। निर्देशक आदित्य सरपोतदार को उन्होंने %कमाल के निर्देशक और इंसान% बताया, जो दर्शाता है कि वह सेट पर एक सकारात्मक और सीखने वाले माहौल को महत्व देते हैं।

अभिनेता के मित्र धीरेन सिंह बताते हैं कि कृष्णा कांत राय अब जब कॉर्पोरेट की दुनिया को पीछे छो? पूरी तरह से अपने अभिनय के प्रति समर्पित होने को तैयार हैं। वह हर तरह के रोल करना चाहते हैं, खासकर इंटेंस और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं, ताकि अपने आप को एक अभिनेता के तौर पर और जान सकें, सीख सकें। कृष्णा कान्त राय का यह सफ़र उन लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है जो मानते हैं कि सपने देखने की कोई %रिटायरमेंट एज% नहीं होती, सिर्फ़ उन्हें जीने का %सही वक्त% होता है, और उस वक्त को खुद की मेहनत से हासिल किया जाता है।

अभिनेता कृष्णा कांत राय ने फोन पर बातचीत में बताया कि वह अपनी जन्मभूमि फरीदाबाद में मुंबई से जल्द ही वापिस आकर अपने मित्रों संग अपने अभिनय की सफर संबंधित चर्चा करेंगे। उनका कहना है कि धैर्य की यहाँ परीक्षा ज़रूर होती है।

## सूबे में लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाओं के आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ते कदम : शमशेर

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 2 नवम्बर।** नायब सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार द्वारा 1 नवंबर हरियाणा दिवस से शुरू की गई दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वाभिमानी बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी यह बात प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने प्रेस के नाम जारी विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से हरियाणा सरकार ने जरूरतमंद महिलाओं को 1नवंबर से हर माह 2100 रुपये आर्थिक सहायता देनी शुरू कर दी है,जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो।

शमशेर सिंह खरक ने कहा कि यह योजना समाज में बेटियों और महिलाओं के सम्मान को और ऊँचाई देने वाली है। उन्होंने बताया कि सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह योजना लागू की है, जिसके तहत योग्य महिलाओं को 2,100 रुपये तक की मासिक आर्थिक सहायता दी जाएगी। भाजपा नेता प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनावों में जारी संकल्प पत्र में महिलाओं से यह वायदा किया था जिसे पूरा करते हुए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना को विधिवत रूप से लागू कर दिया गया है। यह योजना महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हरियाणा भाजपा के संकल्प को पूरा करते हुए नायब सैनी सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना को लागू कर एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि भाजपा केवल वादे नहीं करती, बल्कि सरकार बनने पर उन्हें जमीनी स्तर पर लागू भी करती है।

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना उन सभी बेटियों के लिए एक नई आशा लेकर आई है,जो अब आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेंगी। उन्होंने कहा कि यह सहायता राशि महिलाओं को उनके बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी, ताकि किसी तरह की बिचौलिया-प्रथा न रहे। साथ ही, यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। शमशेर सिंह खरक ने ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं से आह्वान किया कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएँ और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करें।



## भक्ति भाव से चुलकाना धाम के लिए रवाना हुई श्रद्धालुओं की बस : ओंकार

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अम्बाला छावनी।** बाबा श्याम जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर कच्चा बाजार अम्बाला छावनी से बुद्धिराजा साहू और योगेश कुमार के सहयोग से श्रद्धालुओं की बस को इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह ने चुलकाना धाम के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित अजय नारायण भारद्वाज द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में ओंकार सिंह ने कहा कि बाबा श्याम जी की कृपा से सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे – यही हमारी कामना है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से दीपक कुमार, विजय कुमार, रोहित कुमार, गीता रानी, मनीषा, रमेश कुमार, काजल कुमारी, घनश्याम जी, हरि कृष्ण, चंद्रभान, जीत लाल साहू, सोम नाथ साहू, शिव राज सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे।

## फतेहाबाद के गांव दरियापुर से 17 नवंबर को फतेहाबाद में प्रवेश करेगी नगर कीर्तन यात्रा

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर निकलने वाली नगर कीर्तन यात्रा के स्वागत को लेकर हुई बैठक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 2 नवंबर।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही नगर कीर्तन यात्रा के फतेहाबाद आगमन को लेकर रविवार को लघु सचिवालय के सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने अधिकारियों और सामाजिक संगठनों से चर्चा की।

बैठक में नगर कीर्तन यात्रा के स्वागत और आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रशासन, साध संगत और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए ताकि यह आयोजन पूर्ण गरिमा, अनुशासन और भव्यता के साथ संपन्न हो सके।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि यह नगर कीर्तन यात्रा जिले के लिए गर्व का अवसर है। जिला प्रशासन इसकी तैयारियों को पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ अंजाम दे रहा है। उन्होंने कहा कि 17 नवंबर को दरियापुर से जिला में प्रवेश करने वाली यह यात्रा धर्म, मानवता और भाईचारे का अद्भुत संदेश लेकर आएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर कीर्तन यात्रा के मार्ग पर सभी व्यवस्थाएं जैसे स्वागत स्थल, सुरक्षा, स्वच्छता, सड? सुरक्षा, यातायात नियंत्रण सहित अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन और उनका बलिदान पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा धर्म, मानवता और एकता का प्रतीक है, जो गुरुजी के सार्वभौमिक संदेश को हर हृदय तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

## प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 नवंबर तक जमा करवाएं आवेदन : डीसी

**रेवाड़ी।** केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्ते और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की ओर से वर्ष 2006 में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार नाम से एक योजना शुरू की थी, जिसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के जिलों/संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को स्वीकार करना, मान्यता देना और पुरस्कृत करना है।

स्वागत — विधायक विनोद भयाना को देसी घी के लड्डूओं से तोलकर किया सम्मानित

## ग्रामीणों की हर मांग को प्राथमिकता पर पूरा किया जाएगा : विधायक

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी।** इस वर्ष हुई भारी बरसात के दौरान जल निकासी को लेकर व्यापक प्रबंध करवाने तथा गांव के विकास में उत्कृष्ट सहयोग करने पर मेहंदा गांव के ग्रामीणों ने विधायक विनोद भयाना का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने देसी घी से बने लड्डुओं से तोलकर विधायक का अभिनंदन किया और पूरे गांव में यह लड्डु वितरित किए।



गांव के सरपंच वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भारी बारिश के चलते गांव और खेतों में 5 से 6 फुट तक पानी भर गया था, जिससे पूरे गांव को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में विधायक विनोद भयाना ने दिन-रात सहयोग करते हुए गांव की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करवाया। ग्रामीणों की हर मांग पर तत्काल कार्रवाई करवाई गई । विधायक दिन-रात गांव पहुंचकर खुद हालात का जायजा लेते रहे। सरपंच ने बताया कि पानी निकासी में 6 महीने लग सकते थे, लेकिन विधायक के प्रयासों से केवल एक माह में ही पूरा पानी निकल गया। जल निकासी हेतु कई पंप सेट, मोटरें तथा अस्थाई नाले बनवाए गए। इसके अलावा विधायक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी गांव लेकर आए, जिन्होंने जल निकासी व्यवस्था के लिए 21 लाख रुपए की घोषणा की। विधायक विनोद भयाना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहंदा मेरा अपना गांव है और यहां के लोगों का आशीर्वाद सदैव मेरे साथ रहा है। गांव के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और ग्रामीणों की हर मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। कोई भी कार्य हो, बेझिझक कहें, हर काम जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यो को तेजी से पूर्ण करने और गांव में नए विकास कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश भी दिए।

सम्मान समारोह सामूहिक सहयोग से आयोजित किया गया। पूर्व सरपंच दरिया सिंह जांगड़ा ने पूरे गांव की ओर से विधायक को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर संदीप भारद्वाज, ब्लॉक समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, मदन पाहवा, रामनिवास कौशिक,प्रदीप बिसला,बिल्लू नैन,गौरव पाहवा, सुनील बिसला, सुरेंद्र, मास्टर सुनहरा सिंह, चरत नायक, कृष्ण बिसला, मनजीत ग्राम पंचायत सदस्य , राजेंद्र रोहिल्ला ग्राम पंचायत सदस्य, विनोद बिसला, राजेंद्र बिसला, उमेद घनघस, बलजीत भारद्वाज, दयानंद भयाना, राकेश मदान ,विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा तथा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्टाफ जीन्द टीम ने एक आरोपी को अवैध हथियार सहित दबोचा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जींद।** A.V.T स्टाफ जीन्द ने संदीप कुमार उप पुलिस अधीक्षक जीन्द के नेतृत्व मे कार्य करते हुए गांव झमोला से एक नौजवन को नाजायज पिस्तौल सहित काबु करने मे सफलता हासिल की है पकडे गए आरोपी की पहचना रोहित वासी पीर कालोनी महम के रूप मे हुई है ।

A.V.T स्टाफ जीन्द ईन्चार्ज उप. नि. कमल सिहँ ने जानकारी देते हुए बतलाया कि उच्चाधिकारीगण दवारा अवैध हथियारो व आपराधिक तत्वो को पकडने बारे सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए है इस सम्बन्ध मे उनकी एक टीम ॥ष्ट जितेन्द्र सिहं की अगुवाई मे मालवी फाटक जुलाना मौजूद थी कि गुप्त सूचना मिली की एक नौजवान लडका जिसके पास नाजायज पिस्तौल है झमौला बस अड्डा पर किसी व्हीकल के इन्तजार मे खडा है जिसपर टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए झमौला बस अड्डा पर एक नौजवान को काबु करके उसका नामपता पूछा तो उसने अपना नाम रोहित वासी शामलो कलां बतलाया जिसकी नियमानुसार तलाशी अमल मे लाई तो उसके कब्जा से एक पिस्तौल 315 बोर दो जिन्दा रौन्द नाजायज बरामद हुए बरामद पिस्तौल व रौन्द बारे वह कोई लोईसैन्स व परमिट पेश नही कर सका जिस पर आरोपी रोहित के विरुध थाना जुलाना मे मुकदमा नम्बर 294 दिनांक 01.11.2025 धारा 25/54/59 आर्मज एक्ट के तहत दर्ज कर लिया है।




# इमीग्रेशन कंपनियों के आधुनिक ऑफिसों की चमक के पीछे ठगी का जाल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 2 नवंबर।** प्रदेश में गैरकानूनी तौर पर चल रही इमीग्रेशन कंपनियों का जाल दिन-प्रतिदिन फैलता जा रहा है। डेराबस्सी और जीरकपुर में ऐसे कई इमीग्रेशन दफ्तर खुलेआम चल रहे हैं जो न तो किसी लाइसेंस के दायरे में आते हैं और न ही इनके खिलाफ प्रशासन कोई ठोस कदम उठाता है। ये फर्जी इमीग्रेशन कंपनियां युवाओं और परिवारों को सुनहरे सपनों का लालच देकर उनकी जिंदगी भर की कमाई पल भर में हड़प लेती हैं। पुलिस-प्रशासन भी अक्सर शिकायत दर्ज करने तक ही सीमित रहता है, जिससे इनका कारोबार और फल-फूल रहा है।

मोहाली के सेक्टर-68 स्थित एक प्राइवेट बैंक में उस समय सनसनी फैल गई जब इमीग्रेशन कंपनी के मालिक राजदीप सिंह ने बैंक के बाथरूम में खुद को गोली मार ली। 45 बोर की पिस्टल से की गई इस आत्महत्या ने पूरे इलाके को हिला दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि मूल रूप से मोगा निवासी राजदीप ने यह पिस्टल करीब तीन महीने पहले खरीदी थी। फिलहाल शव को सिविल अस्पताल फेज-6 की मॉर्चरी में रखवाया गया है और पिस्टल को कब्जे में ले लिया गया है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि राजदीप आर्थिक दबाव, कर्ज और धोखाधड़ी के मामलों से जूझ रहा था। यह घटना इमीग्रेशन कारोबार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है कि किस तरह पैसा, दबाव और अवैध गतिविधियों का जाल लोगों को मौत तक धकेल देता है।

### बिना लाइसेंस चल रही सैकड़ों कंपनियां

सूत्रों के मुताबिक, जिले में करीब 350 से अधिक इमीग्रेशन कंपनियां सक्रिय हैं। इनमें से बड़ी संख्या ऐसी है जो बिना वैध लाइसेंस या फर्जी दस्तावेजों के सहारे चल रही हैं। प्रशासन द्वारा समय-समय पर लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाती है। केवल पिछले छह महीनों में मोहाली में ही लगभग 40 कंपनियों के लाइसेंस रद्द किए गए। लेकिन मालिक नाम बदलकर, नया रजिस्ट्रेशन करवाकर और पते में बदलाव कर दोबारा से कारोबार शुरू कर देते हैं।

### मोहाली के जीरकपुर और डेराबस्सी बने हॉटस्पॉट

डेराबस्सी, जीरकपुर, खरड़, लालड़ू और बनूड़ जैसे क्षेत्र इमीग्रेशन कंपनियों के लिए हॉटस्पॉट बन चुके हैं। यहां बड़ी-बड़ी इमारतों, मॉल्स और आकर्षक इंटीरियर वाले दफ्तर खोलकर कंपनियां लोगों को लुभाती हैं। चमक-दमक और आधुनिक ऑफिस सेटअप देखकर आम लोग इन्हें भरोसेमंद मान बैठते हैं। लेकिन हकीकत यह है कि इनमें से अधिकांश कंपनियां केवल मेहनतकश लोगों की खून-पसीने की कमाई पर हाथ साफ करने के लिए काम कर रही हैं।

### प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि थानों में दी गई शिकायतें केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं। पीड़ित महीनों चक्कर लगाते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई बहुत कम देखने को मिलती है। इस वजह से ठगों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का मानना है कि यदि प्रशासन समय रहते सख्ती दिखाए, तो न केवल करोड़ों रुपये की ठगी रोकी जा सकती है बल्कि युवाओं का भविष्य भी सुरक्षित किया जा सकता है।

### लोगों की अपील और चेतावनी

विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने युवाओं और उनके परिजनों से अपील की है कि वे बिना जांचे-परखे किसी भी इमीग्रेशन कंपनी पर भरोसा न करें। अगर कंपनी का लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और पिछला रिकॉर्ड जांचे बिना पैसे दिए जाते हैं, तो ठगी का शिकार होना तय है। इसके अलावा कई बार ऐसे लोग युवाओं को फ्रडंकी रूटफ्र यानी अवैध रास्तों से विदेश भेजने का झांसा देते हैं, जिसमें उनकी जान तक जोखिम में पड़ जाती है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां डंकी रूट से विदेश भेजे गए लोग रास्ते में ही मौत का शिकार हो गए।

### हाल के ठगी के मामले

- 8 जुलाई 2024 : मोहाली फेज-11 थाना पुलिस ने अर्पणा सरगोता और उनके बेटे को करोड़ों की ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया।
- 24 जुलाई 2024 : खुद को रिटायर्ड नेवी अधिकारी बताने वाले पति-पत्नी को पुलिस ने पकड़ा।
- 7 मार्च 2024 : एक दंपती ने अलग-अलग नाम से 6-7 इमीग्रेशन कंपनियां खोलकर करोड़ों रुपये ठगे।
- 21 दिसंबर 2023 : मटौर पुलिस ने स्टार फ्यूचर एजुकेशन एंड इमीग्रेशन सर्विसेज की प्रबंधक छवि शर्मा को लाखों की ठगी में गिरफ्तार किया।
- इन मामलों से साफ है कि लोग बार-बार ठगे जाते हैं, लेकिन कंपनियां बंद होने के बाद भी नए नाम से फिर उभर आती हैं।




## हरियाणा दिवस पर यवनिका गार्डन में निपुण हरियाणा स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र



निपुण रामलीला' की अनूठी प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 2 नवंबर।** हरियाणा दिवस के अवसर पर यवनिका गार्डन में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक बेला एवं प्रदर्शनी में निपुण हरियाणा के अंतर्गत लगे स्टाल ने सबका मन मोह लिया । इसमें जहां एक और शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा निपुण कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रदान की गई शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शित की गई वहीं दूसरी और निपुण हरियाणा रामलीला का स्टॉल भी लगाया गया जिसे खूब सराहना मिली। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेक्टर 19 के कक्षा 3 से 5 के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सीता हरण का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की कला को देखकर दर्शक आश्चर्यचकित रह गए ।रावण-मारीच संवाद, सीता -रावण संवाद ने दर्शकों का मन मोह लिया

शिक्षा विभाग के इस स्टाल के नोडल अधिकारी व जिला एफएलएन समन्वयक असिन्द्र कुमार ने बताया कि यह स्टॉल महानिदेशक मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा डॉ विवेक अग्रवाल के नेतृत्व व जिला शिक्षा अधिकारी पंचकूला संध्या मलिक, निपुण के राज्य नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार की देखरेख में लगाया गया। निपुण रामलीला, स्कूल शिक्षा विभाग की अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में संवाद कौशल और मौखिक भाषा कि विकास करना है। स्टॉल में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को विस्तार से प्रस्तुत किया गया जिसमें जिला पंचकूला के खंड बरवाला पिंजौर, मोरनी व रायपुर रानी के अध्यापकों ने भाग लिया। निपुण रिपोर्टर्स ने भी कार्यक्रम की खूब शोभा बढ़ाई।




## गुरुपर्व के उपलक्ष पर निकाला गया नगर कीर्तन

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 2 नवंबर।** गुरु नानक गुरुपर्व, जिसे गुरु नानक प्रकाश उत्सव के नाम से भी जाना जाता है, पहले सिख गुरु, गुरु नानक के जन्म का उत्सव है। सबसे प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण सिख गुरुओं में से एक और सिख धर्म के संस्थापक, गुरु नानक सिख समुदाय द्वारा अत्यधिक पूजनीय हैं। यह सिख धर्म, या सिखी में सबसे पवित्र त्योहारों में से एक है।

आने वाले 5 अक्टूबर के दिन गुरुपर्व के उपलक्ष पर गुरुद्वारा बाऊली साहिब से एक नगर कीर्तन निकाला गया। पांच प्यारों की अगवाई में निकल गए इस नगर कीर्तन को ढकोली क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटी में से होते हुए वापस गुरुद्वारा बाऊली साहिब में समाप्ति की गई। रास्ते में जगह-जगह पर लोगों द्वारा लंगर के आयोजन किए गए और फूलों की वर्षा की गई।इस दौरान लोगों ने श्रद्धा भाव से प्रसाद भी ग्रहण किया। इस नगर कीर्तन के दौरान सरबत के भले की अरदास भी की गई। इस नगर कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं की तरफ से गुरु जी के शब्दों द्वारा संगतो को निहाल किया गया।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# स्वामी श्रद्धानंद ने दिल्ली में सत्याग्रह की भावना को जगाया : विजेंद्र गुप्ता

–'स्वामी दयानंद केवल संत नहीं, भारत की स्वतंत्रता के वास्तविक शिल्पी थे'

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रोहिणी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्य समाज सम्मेलन में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती केवल एक संत या समाज सुधारक ही नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता के वास्तविक शिल्पी थे, जिनके विचारों ने राष्ट्रीय चेतना की नींव रखी। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, डीएवी मैनेजमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सूरी, आर्य समाज के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र जी सहित देश-विदेश से आए अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**'सत्यार्थ प्रकाश ने डाली नए भारत की वैचारिक नींव'**

अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि 'सत्यार्थ प्रकाश' केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनर्जागरण का दस्तावेज़ है। इसने समाज में जागृति की वह लौ जलाई, जिसने आगे चलकर स्वतंत्रता आंदोलन को नैतिक शक्ति प्रदान की। उन्होंने कहा, ÷स्वामी दयानंद ने सत्य, समानता और आत्मबल पर आधारित भारत की कल्पना की थी। उन्होंने उस युग में क्रांति के बीज बोए जब देश को स्वतंत्रता की सबसे अधिक आवश्यकता थी।÷ श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामी दयानंद का प्रभाव भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अनेक महानायकों पर पड़ा। लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल, और स्वामी श्रद्धानंद जैसे वीरों ने उनके विचारों से प्रेरणा ली।

**'स्वामी श्रद्धानंद ने जलियांवाला बाग से पहले दिल्ली में जगाई क्रांति की चिंगारी'**

इतिहास का उल्लेख करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि 1919 में स्वामी श्रद्धानंद के नेतृत्व में दिल्ली का सत्याग्रह जलियांवाला बाग आंदोलन की पहली चिंगारी था। जब अंग्रेजों ने चांदनी चौक में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं, तब स्वामी श्रद्धानंद सबसे आगे थे। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी ने स्वयं लिखा था कि ÷दिल्ली में स्वामी श्रद्धानंद का वचन ही कानून था।÷ श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ने दिल्ली को सत्याग्रह की भूमि बनाया, जहाँ से स्वतंत्रता की जनचेतना ने नया आकार लिया।

**'दिल्ली विधानसभा का भवन भारत की पहली संसद का प्रतीक'**

विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा भवन के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यही भवन कभी इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल का केंद्र था, जहाँ से भारतीय लोकतंत्र की यात्रा प्रारंभ हुई। उन्होंने कहा, '1919 में जब अंग्रेजों ने भारतीय सदस्यों के विरोध के बावजूद रोलेट एक्ट पारित किया, तब यहीं से गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत हुई। और इसी दिल्ली में स्वामी श्रद्धानंद ने आंदोलन को रूप देकर राष्ट्र की चेतना को प्रज्वलित किया।'




**'आर्य समाज का उद्देश्य केवल धर्म नहीं, राष्ट्र निर्माण है'**

अपने भाषण के समापन में श्री गुप्ता ने कहा कि आर्य समाज की नींव धर्म, सुधार और राष्ट्रभक्ति पर आधारित है। उन्होंने कहा, ÷स्वामी दयानंद ने ऐसा आंदोलन खड़ा किया जो जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर था – ऐसा समाज जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि हो और धर्म का अर्थ केवल यह हो कि मनुष्य अधर्म का कार्य न करे।÷ उन्होंने कहा कि आर्य समाज की विरासत केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि शिक्षा, सामाजिक उत्थान और नैतिक पुनर्जागरण के रूप में आज भी जीवंत है।

**'150 वर्षों की प्रेरक यात्रा'**

विजेंद्र गुप्ता ने आर्य समाज समुदाय को उनके 150 वर्षों के अमूल्य योगदान के लिए बधाई देते हुए कहा कि स्वामी दयानंद के आदर्श आज भी भारत को मार्गदर्शन दे रहे हैं। 'आर्य समाज की यह यात्रा उस अमर राष्ट्रीय चेतना की प्रतीक है, जिसने भारत को आधुनिकता, शिक्षा और आत्मगौरव के पथ पर अग्रसर किया।'

## महाराष्ट्रः पूर्व सांसद नवनीत राणा को आठ दिनों में दूसरी बार मिली बम से उड़ाने की धमकी

अर्थ प्रकाश / मुंबई। भारतीय जनता पार्टी की स्टार प्रचारक और पूर्व सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें यह धमकी हैदराबाद के जावेद नाम के व्यक्ति ने दी है। भाजपा नेता के निजी सहायक (पीए) ने रविवार को राजापेठ पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता नवनीत राणा को आठ दिनों में दूसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। पत्र के जरिए नवनीत राणा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस पत्र के आधार पर नवनीत राणा के पीए मंगेश कोकाटे ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने नवनीत राणा के आवास पर जाकर उक्त पत्र की जांच की है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। नवनीत राणा के पीए मंगेश कोकाटे ने बताया, 'आठ दिन में दूसरी बार नवनीत राणा को पत्र आया है। हैदराबाद का एक युवक है, जो अपना नाम कभी जावेद तो कभी इकबाल बताता है। वह पत्र के जरिए हर बार बम से उड़ाने की धमकी देता है। हमें यह लेटर तीसरी बार आया है। कुछ साल पहले भी इस तरह का पत्र आया था। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने हैदराबाद जाकर भी कार्रवाई की थी। उन्होंने बताया, 'आठ दिन पहले हमें जो पत्र प्राप्त हुआ था, उसमें लिखा था कि तुम्हारी पुलिस मेरा क्या बिगाड़ पाई है? पिछले कुछ महीनों से मैं तुम्हारे पीछे हूं और आने वाले कुछ दिनों में मैं तुम्हें बम से उड़ाने वाला हूं। पत्र में बहुत गंदी-गंदी बातें लिखी गई हैं, जिन्हें मैं बता नहीं सकता हूं।' उन्होंने बताया, 'हमने धमकी भरे पत्र की शिकायत पुलिस से की है। हमने राजापेठ पुलिस स्टेशन, अमरावती में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया है और उन्होंने इस मामले में तुरंत सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।'

## ओडिशा में एसआई भर्ती घोटाले का मुख्य आरोपी नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार, पूछताछ में जुटी पुलिस

अर्थ प्रकाश / कटक। ओडिशा पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पुलिस उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा घोटाले के मुख्य आरोपी शंकर प्रुष्टि को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी लंबे समय से चल रही जांच का अहम पड़ाव मानी जा रही है और इससे परीक्षा धांधली के इस बड़े नेटवर्क की परतें खुलने की उम्मीद है। आरोपी शंकर प्रुष्टि (32) गंजाम जिले के जगन्नाथपुर जंक्शन का रहने वाला है और भुवनेश्वर स्थित पंचसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। पुलिस का कहना है कि शंकर प्रुष्टि ने अपने साथियों मुणा मोहंती, श्रीकांत महाराणा उर्फ रिंकू, अरविंद दास, टी. अभिमन्यु डोरा और प्रियदर्शिनी सामल के साथ मिलकर परीक्षा में अनियमितताएं कीं। आरोप है कि इस गिरोह ने अभ्यर्थियों से दो से 25 लाख रुपए तक की रिश्वत ली और बदले में चयन की गारंटी दी थी। डीएसपी अनीला आनंद के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की विशेष टीम कई दिनों से इस आरोपी की तलाश में थी। शंकर लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था ताकि गिरफ्तारी से बच सके, लेकिन सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसे उत्तराखंड में नेपाल बॉर्डर के पास पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया और अब उसे ट्रांजिट रिमांड पर ओडिशा लाया जा रहा है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी से कई अहम सबूत जब्त किए हैं। इनमें एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, दो आईफोन, एक लावा मोबाइल, भारत सरकार का पासपोर्ट और कई संदिग्ध दस्तावेज शामिल हैं। पुलिस का मानना है कि इन दस्तावेजों से इस पूरे रैकेट के काम करने के तरीके और उससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी मिलेगी। घोटाले के उजागर होने के बाद 933 पदों के लिए आयोजित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को तुरंत रद्द कर दिया गया था। अब तक इस मामले में 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कई एजेंट, मध्यस्थ और तकनीकी सहयोगी भी शामिल हैं। माना जा रहा है कि यह नेटवर्क राज्य के कई जिलों में फैला हुआ था और तकनीकी माध्यम से पेपर लीक करने व नकल कराने का काम करता था।

## मप्र के इंदौर में बना 65वां ग्रीन कॉरिडोर, ब्रेन डेड महिला वकील के अंगदान से तीन लोगों को मिलेगा नया जीवन

**- ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तीन अस्पतालों में पहुंचाई गई लिवर और 2 किडनियां**

अर्थ प्रकाश/ इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर अंगदान के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां रविवार को 65वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। इंदौर उच्च न्यायालय की वकील अभिजीता राठौर (38) के ब्रेन डेड होने के बाद रविवार को उनका अंगदान किया गया। इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर उनका लिवर और दोनों किडनियां शहर के तीन अस्पतालों में पहुंचाई गईं। इस दौरान जुपिटर हॉस्पिटल का माहौल बेहद भावुक रहा। अभिजीता के पति प्रवीण राठौर ने पत्नी को अंतिम बार मंगलसूत्र पहनाकर विदाई दी। इसके बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके लिवर और दोनों किडनियां तीन अन्य मरीजों को प्रत्यारोपित की जाएंगी। इससे तीनों मरीजों को नया जीवन मिलेगा। दरअसल, मूल रूप से उज्जैन निवासी महिला वकील अभिजीता राठौर को लंग्स में इन्फेक्शन के कारण 25 अक्टूबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनके ब्रेन में ब्लड क्लॉट (खून जमना) हो गया, जिसके चलते डॉक्टरों ने शनिवार को उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया था। उनके ब्रेनडेथ घोषित होने के बाद परिजनों ने अंगदान की इच्छा जताई। इसके बाद अंगदान की प्रक्रिया शुरू हुई। मुस्कान ग्रुप पारमार्थिक ट्रस्ट के सेवादार जीतू बगानी और संदीपन आर्य ने बताया कि रविवार को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर अभिजीता का लिवर सीएचएल हॉस्पिटल, एक किडनी जुपिटर हॉस्पिटल और दूसरी किडनी चोइथराम हॉस्पिटल में भेजी गई हैं, जहां भर्ती अन्य मरीजों को ये अंग प्रत्यारोपित किए जा रहे हैं। बाकी अंगों की एलोकेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अन्य अस्पतालों को भेजे जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर अलर्ट जारी किया गया है। यदि किसी अन्य अस्पताल से डिमांड आती है तो फिर हेलीकाप्टर से अंगों को दूसरे शहरों तक ले जाया जाएगा। लोक अभियोजक के पद पर पदस्थ बड़े भाई अभिजीत राठौर ने बताया कि उनकी बहन अभिजीता ने इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में इंजीनियरिंग की थी। इंजीनियरिंग के बाद उन्होंने गर्भवती होने के दौरान वकालत की पढ़ाई की। एलएलबी की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने क्रिमिनोलॉजी में एलएलएम की डिग्री भी ली। अभिजीता ने भाई की मदद से जिला अदालत और उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की। अपनी मिलनसारिता और कानूनी ज्ञान से वकालत क्षेत्र में अलग पहचान बनाई।

## न्यूज ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश : येर्रानायडू के 13वीं पुण्यतिथि पर सीएम नायडू ने दी श्रद्धांजलि, उच्च मूल्यों का प्रतीक बताया

अर्थ प्रकाश/ अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री किंजरापु येर्रानायडू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें उच्च मूल्यों का प्रतीक बताया। तेदेपा अध्यक्ष नायडू ने कहा कि उत्तराखंड (उत्तरी आंध्र) के प्रिय सपूत उच्च मूल्यों के प्रतीक थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि येर्रानायडू ने न केवल राज्य की राजनीति पर, बल्कि एक आदर्श सांसद के रूप में राष्ट्रीय राजनीति पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। येर्रानायडू को श्रद्धांजलि देते हुए, तेदेपा प्रमुख ने उन्हें 'तेलुगु शक्ति', अपना 'सबसे अच्छा दोस्त' और 'जनता का नेता' कहा। येर्रानायडू के पुत्र और नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक दूरदर्शी नेता बताया। उन्होंने लिखा, 'आज मेरे प्रिय पिता, स्वर्गीय श्री किंजरापु येर्रानायडू गारू की 13वीं पुण्यतिथि है। एक दूरदर्शी नेता और अथक अधिवक्ता, उन्होंने अपना जीवन श्रीकाकुलम के लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। हमारे समुदाय के प्रति उनकी करुणा, प्रतिबद्धता और अटूट समर्थन की विरासत उन लोगों के दिलों में जीवित है जिन्हें उन्होंने छुआ था। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए मैं सदैव आभारी हूं।' आंध्र प्रदेश के शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश ने भी येर्रानायडू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तेदेपा महासचिव ने कहा कि येर्रानायडू ने अपनी अंतिम सांस तक उत्तरी आंध्र के विकास के साथ-साथ गरीबों और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अथक परिश्रम किया। लोकेश ने लिखा, 'उन्होंने राजनीति में अपने लिए एक विशेष स्थान अर्जित किया और लोगों के दिलों में अमर हैं। येर्रानायडू गारू की पुण्यतिथि के अवसर पर, आइए हम राष्ट्र और राज्य के लिए उनके द्वारा की गई सेवाओं को याद करें।' येर्रानायडू 1982 में टीडीपी संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एन.टी. रामाराव से प्रेरित होकर राजनीति में आए थे। चार बार सांसद और चार बार विधायक रहे येर्रानायडू 1996 से 1998 के बीच केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री रहे। वे 1996 से 2004 तक लगातार जीत हासिल करते हुए श्रीकाकुलम से चार बार लोकसभा के लिए चुने गए। पहली बार, वे 2009 के चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार किल्ली कृपारानी से हार गए। येर्रानायडू का 2012 में 55 वर्ष की आयु में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।

### ममता बनर्जी का सख्त निर्देश, किसी भी अवैध घुसपैठिए के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए : सुकांता मजूमदार

अर्थ प्रकाश/ कोलकाता। केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा सांसद सुकांता मजूमदार ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया। उन्होंने बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और उन्हें वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप लगाया। सुकांता मजूमदार ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंसीहारी पुलिस स्टेशन में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ राज्य पुलिस की उदासीनता पर सवाल उठाए। मजूमदार ने पोस्ट में लिखा, 'दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंसीहारी पुलिस स्टेशन में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बार-बार लिखित शिकायत दर्ज होने के बावजूद, राज्य पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है! शिकायतकर्ता ने पर्याप्त दस्तावेजी सबूत (बांग्लादेशी आरोपियों के फोटो वाले पहचान पत्र) पेश किए हैं, फिर भी पुलिस पूरी तरह से उदासीन बनी हुई है।' भाजपा सांसद ने उचित कार्रवाई नहीं करने के पीछे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने लिखा, 'वजह सिर्फ एक है, नाकाम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सख्त निर्देश कि किसी भी अवैध घुसपैठिए के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाए। देश के सच्चे नागरिकों की सुरक्षा, देश की आंतरिक सुरक्षा-सब कुछ धुएं में उड़ जाता है, लेकिन ममता बनर्जी को बस अवैध घुसपैठियों के वोट चाहिए! क्योंकि ये ममता बनर्जी का पसंदीदा वोट बैंक हैं।' मजूमदार, जो बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के रूप में भी कार्यरत हैं, ने इस मुद्दे को सीधे ममता बनर्जी के 'सांप्रदायिक तुष्टिकरण' से जोड़ा। मजूमदार का यह बयान बंगाल-बांग्लादेश सीमा पर बढ़ती घुसपैठ की घटनाओं के बीच आया है, जो राज्य की आंतरिक सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। भाजपा यह आरोप लंबे समय से लगा रही है, जहां वे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का इल्जाम लगाती रही है। वहीं दूसरी तरफ टीएमसी नेताओं का कहना है कि बांग्लादेशी घुसपैठ केंद्र की नाकामी का नतीजा है, क्योंकि बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तैनाती है, जो केंद्र के अधीन है।

### आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भूपति ने की साथियों से आत्मसमर्पण करने की अपील, जारी किया मोबाइल नंबर

अर्थ प्रकाश /जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में सक्रिय रहे और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आत्मसमर्पण करने वाले डेढ़ करोड़ के इनामी नक्सली मोजुल्ला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति ने अपने साथियों से आत्मसमर्पण करने के लिए कहा है। उसने एक वीडियो संदेश में अपना और अपने साथी का मोबाइल जारी किया है। उसने कहा कि लड़ाई अब जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीकों से लड़ी जानी चाहिए। आत्मसमर्पण करने के बाद भूपति ने पहली बार अपनी प्रतिक्रिया दी है।बीते 15 अक्टूबर को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सरकार के समक्ष आत्मसमर्पण वाले भूपित ने कहा कि संगठन के लोग मुझे गद्दार कह रहे हैं, लेकिन मैं गद्दार नहीं हूं। वर्तमान की परिस्थितियां बदल गई हैं। इसलिए अपने अन्य 60 साथियों के साथ हथियार डाला हूं। उसका कहना है कि आज भी देश में संगठन में मौजूद कई साथी इलाका और सत्ता के लिए हथियारबंद संघर्ष में डटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर चलकर ही हम जनता से दूर हुए हैं, यह इस रास्ते की विफलता को दर्शाता है। हमने अपने साथियों को खोने के बाद आत्मसमर्पण का फैसला लिया। अब हम हथियार छोड़कर, जनता के बीच रहकर उनके लिए काम करना चाहते हैं। भूपति ने अपने साथियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की है। साथ ही भूपति ने साथियों के लिए अपना एक कॉन्टैक्ट नंबर 8856038533 जारी किया है कि इस नंबर पर उससे सीधे संपर्क करें। इसके अलावा आत्मसमर्पित नक्सली रूपेश का नंबर 6267138163 भी जारी किया है। जिस पर उसने हिंसा छोड़ने की इच्छा रखने वाले नक्सलियों से उनसे संपर्क करने की बात कही है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि संगठन के भीतर वैचारिक संकट गहराता जा रहा है। यह समय बंदूक उठाने का नहीं बल्कि आत्ममंथन का है। भूपति ने नक्सल संगठन में मौजूद अपने साथियों से अपील की है कि वे भी हिंसा का रास्ता छोड़ दें और आत्मसमर्पण कर दें। भूपति का कहना है कि हमने जिन साथियों को खोया है उसके लिए अब बदलाव जरूरी है।


## गुरुद्वारा ईशर प्रकाश रतवाड़ा साहिब, न्यू चंडीगढ़ का चार दिवसीय गुरमत समागम आज अपनी अनूठी मिसाल छोड़ते हुए संपन्न हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता, न्यू चंडीगढ़**

गुरुद्वारा ईशर प्रकाश रतवाड़ा साहिब, न्यू चंडीगढ़ का चार दिवसीय गुरमत समागम आज अपनी अनूठी मिसाल छोड़ते हुए संपन्न हुआ। सुबह बीबी उजागर कौर के जत्थे द्वारा आसा की वार का कीर्तन किया गया। इस समागम का समापन ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबा लखबीर सिंह के कीर्तन द्वारा हुआ। आज का समागम हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में था। बाबा लखबीर सिंह ने अपने कीर्तन प्रवचनों में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत के कारण और शहादत के बाद के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि धर्म की स्वतंत्रता और देश की स्वतंत्रता श्री गुरु तेग बहादुर जी की देन है। वर्तमान समय में मानवाधिकारों की रक्षा का मुद्दा विश्व भर में एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है, परन्तु धन्य श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350 वर्ष पूर्व 1675 ई. में हुई शहादत को मानवाधिकारों का सबसे बड़ा रक्षक माना जाता है। तत्कालीन सरकारों को चाहिए कि वे सच्चे गुरु की शहादत को बड़े पैमाने पर शिक्षण संस्थानों का हिस्सा बनाएँ, ताकि सतगुरुओं की दयालुता को देखते हुए हम उनके द्वारा दिए गए बलिदान को गौरव का विषय बना सकें। इस दौरान रागी भाई बख्शीश सिंह, बच्चे कोमलप्रीत कौर और गुरलीन कौर, भाई कुलजोत सिंह, भाई परमिंदर सिंह नीलो खुर्द, भाई बलविंदर सिंह पट्टी, भाई कमलप्रीत सिंह दरबार साहिब, बाबा गुरपाल सिंह यूपी, भाई जसविंदर सिंह घोला, बाबा हरपाल सिंह, बीबी मनप्रीत कौर, भाई मति दास जी के वंशज, भाई रणजीत सिंह पूर्व जत्थेदार श्री अकाल तख्त, संत हरि सिंह रंधावे वाले, बाबा हरनाम सिंह खालसा भिंडरा मेहता चौक, बीबी कमलजीत कौर सोलखियां, बाबा मोहन सिंह हजूर साहिब, बाबा सरबजोत सिंह बेदी मौजूद थे। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष सम्मान दिया गया। प्रोफेसर गुरदेव सिंह द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। विशेष रूप से मुख्यमंत्री भगवंत मान की बहन बीबी मनप्रीत कौर और भाई अमृत सिंह, त्रिलोक सिंह, सांसद मलविंदर सिंह कंग, खरड़ विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ अकाली दल नेता रविंदर सिंह खेड़ा, अरविंदपुरी के समाजसेवी नरिंदर सिंह शेरगिल, मार्कफेड के चेयरमैन हरभाग सिंह देसूमाजरा उपस्थित थे। आज यह आयोजन एक विशाल जनसमूह के रूप में अपनी अनूठी छाप छोड़ते हुए संपन्न हुआ। मंच सेवा भाई जसवंत सिंह ने बखूबी निभाई। अरदास सेवा डॉ. भाई सुखविंदर सिंह ने की और गुरु के लंगर की सेवा बाबा करनैल सिंह ने की।







## केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की पहल पर होगा 'गंगनहर : सुशासन के सौ वर्ष' राज्य स्तरीय समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बीकानेर।** गंगनहर के शिलान्यास से लेकर इसके निर्माण कार्य के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बीकानेर संभाग में 'गंगनहरः सुशासन के 100 वर्ष' राज्य स्तरीय समारोह मनाया जाएगा। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल की पहल पर आयोजित होने वाले इस समारोह में 5 दिसंबर 2025 से लेकर 26 अक्टूबर 2027 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मेघवाल ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में इससे संबंधित पहली बैठक ली तथा सभी अधिकारियों को इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने बताया कि 5 दिसंबर 1925 को बीकानेर के तात्कालिक महाराजा गंगासिंह ने फिरोजपुर पंजाब में गंगनहर का शिलान्यास किया तथा 26 अक्टूबर 1927 को गंगनहर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में महाराजा गंगासिंह के निमंत्रण पर पंडित मदन मोहन मालवीय, लॉर्ड इरविन तथा अन्य तात्कालिक महाराजा, श्रीगंगानगर के शिवपुर हैड आए। इस दौरान भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि गंगनहर ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ बीकानेर और चूरू आदि क्षेत्रों को नई पहचान दी। गंगनहर के कारण आज राजस्थान 'हरित पट्टी' और 'अन्न भंडार' के रूप में विकसित हुआ है। यहां कृषि और औद्योगिक विकास के साथ सर्वांगीण विकास की राह खुली है।

मेघवाल ने बताया कि इस उपलब्धि के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग भर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत 5 दिसंबर 2025 को फिरोजपुर से 'राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह' के साथ होगी। इस दौरान एक स्मारिका प्रकाशित की जाएगी। इसमें इस नहर के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों तथा नहर आने से इस क्षेत्र में हुए चहुंमुखी विकास का उल्लेख किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह जानकारी वर्तमान पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 5 दिसंबर 2025 से 26 अक्टूबर 2027 तक चलने वाले इस राज्य स्तरीय शताब्दी समारोह में प्रत्येक मंडी और हर कस्बे में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान नहर के निर्माण से क्षेत्र में होने वाले लाभ के बारे में बताया जाएगा। साथ ही आगामी 100 वर्ष में संभाग के विकास का रोडमैप तैयार किया जाएगा। इसके लिए आमजन से सुझाव भी प्राप्त किए जाएंगे। इस राज्य स्तरीय समारोह के दौरान बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में बड़े कार्यक्रम होंगे।

## पंचकल्याणक महोत्सव समिति ओर सकल जैन समाज ग्वालियर के द्वारा पंचकल्याणक के लिए भूमि पूजन एवं वेदी शिलान्यास फूलबाग मैदान में हुआ

आचार्यश्री के सानिध्य में हुआ भूमि पूजन और वेदी शिलान्यास, 11 से होगा फूलबाग मैदान मे पंचकल्याणक

जैन समाज के लोगो ने महोत्सव के लिए भूमि पूजन में अग्निकुंड में आहुतियां देकर देवी-देवताओं का किया आह्वान।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – फूलबाग मैदान में 11 से 16 नवंबर तक छह दिवसीय श्री चौबीसी जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज एवं मुनिराजों के मंगल सानिध्य में आयोजित होगे। जिसकी तैयारिया को लेकर पंचकल्याणक महोत्सव समिति ओर सकल जैन समाज ग्वालियर के द्वारा आज रविवार को फूलबाग मैदान में आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य नवीन जिन बिंब प्रतिमाओं के विधि संस्कार क्रियाओं के लिए पंडाल के लिए भूमिपूजन और मुख्य वेदी का शिलान्यास किया गया।

आयोजन समिति के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि फूलबाग मैदान में सर्व प्रथम आचार्य श्री सुबल सागर महाराज से पांच कल्याणक समिति के वीरेंद्र गंगवाल, अध्यक्ष मनोज जैन, महामंत्री बालचंद्र जैन, अजीत वरैया, महेंद्र जैन, निर्मल पाटनी, विनय कासलीवाल, राजेंद्र जैन, वीरेंद्र बाबा, प्रमोद जैन, प्रवीण गंगवाल, पुरुषोत्तम जैन, इंजी.राजमल जैन, मुकेश पहाड़िया आदि पदाधिकारियों ने श्रीफल भेंटकर महोत्सव की आज्ञा ली। वही भूमिपूजन और वेदी शिलान्यास के शुभ मुहूर्त में आचार्य श्री सुबल सागर ओर प्रतिष्ठाचार्य बृजेश शास्त्री पन्ना ओर इंजी राजमल जैन ने पंचकल्याणक समिति ओर जैन समाज के लोगो ने भूमि पूजन में विनायक यंत्र पूजा, देवगन विधि, नवग्रह शांति और वस्तु विधान पूजन करने के साथ अग्नि कुंड में आहुतियां देकर देवी देवताओं का आह्वान किया।

**इन्होंने राखी पंचकल्याणक महोत्सव की वेदी निर्वाण की शिलाएं।**

आचार्य श्री के सानिध्य में भूमिपूजन और मुख्य वेदी का शिलान्यास मुख्य आधार शिला सुनील जैन परिवार ने रखी। वही पंच परमेष्ठी की प्रथम अरिहंत शिला रिषभ जैन गोपाचल, दूसरी सिद्ध शिला विकास सोनल जैन, तीसरी आचार्य शिला निर्मल मंजू पाटनी, चौथी उपाध्याय शिला सनत जैन और पांचवी साधु शिला दिनेश अपूर्व जैन द्वारा रखी गई। वही फावड़ा टसल जितेंद्र निकिता जैन, सावल चिराग जैन, कन्नी भाग्यचंद्र जैन, हथौड़ी सुरेशचंद्र जैन, गैती धर्म वरैया संहित जैन समाज के लोगो ने अनुष्ठान में भाग लिया।

**व्यक्ति को धर्म के पुण्य कार्यों के अवसर नहीं छोड़ना चाहिए- आचार्य श्री सुबल सागरजी**

आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने भूमि पूजन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में अच्छे अवसर बार बार आते हैं तो उन अवसरों को नहीं पहचान पाते है,जब अच्छे अवसर निकल जाते हैं तो उनके जीवन में पछतावा के अलावा कुछ नहीं मिलता है। किसी भी क्षेत्र में हर समय समय पर अवसर मिलते हैं। व्यक्ति को धर्म के पुण्य कार्यों के अवसर नहीं छोड़ना चाहिए। व्यक्ति कितन भी बीजी हो मगर धर्म अनुष्ठान के कार्यों के अवसरों को आगे आकर अपनाना चाहिए।

